जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-236 ▶ मुंबई, मंगलवार, 25 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4

दम दिखाने को तैयार गुजरात और पंजाब

...पेज 11

NICE INSURANCE LANDMARK

विशेष सूचना !

एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री' में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।

★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड

41 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता

गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com

नागपुर हिंसा

बुलडोजर एक्शन पर रोक

▶▶ बॉम्बे हाईकोर्ट की प्रशासन को फटकार

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने नागपुर हिंसा मामले में दो आरोपियों के घरों को गिराने की प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में प्रशासन के रवैये को मनमाना और दमनकारी बताते हुए कड़ी फटकार भी लगाई। नागपुर में हुई हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन ने आरोपियों के घरों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की थी, जिसे लेकर अदालत में चुनौती दी गई थी। इस मामले की अगली सुनवाई जल्द होने की संभावना है।

आदेश से पहले तोड़ा फहीम का घर

कोर्ट का आदेश आने से पहले ही फहीम खान के दो मंजिला घर को तोड़ा जा चुका था। वहीं, कोर्ट के आदेश के बाद यूसुफ शेख के घर के अवैध हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई रोक दी गई।

कार्रवाई पर प्रशासन से मांगा जवाब

- फहीम खान और यूसुफ शेख ने अपने घरों की तोड़फोड़ के खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। इस पर जस्टिस नितिन साम्बरे और वृषाली जोशी की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने सवाल किया कि बिना सुनवाई के घरों को कैसे तोड़ा गया? फहीम खान के वकील अश्विन इंगोले ने बताया कि कोर्ट ने सरकार और नगर निगम से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई 15 अप्रेल को होगी। अगर तोड़फोड़ अवैध पाई गई तो भरपाई प्रशासन को करनी होगी।

फहीम खान के घर पर चला बुलडोजर

नागपुर। नागपुर हिंसा मामले के मास्टरमाइंड फहीम खान पर पुलिस कार्रवाई के बाद प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। फहीम शमीम खान माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का नागपुर जिला अध्यक्ष है। फहीम खान के घर पर सोमवार को बुलडोजर चलाया गया। फहीम द्वारा यशोधारा नगर संजय बाग कॉलोनी में प्लॉट क्रमांक 61 पब्लिक स्थित उसके घर का अवैध तरीके से निर्माण कार्य किया गया था, ऐसे में महानगरपालिका प्रशासन ने उसे नोटिस जारी किया था। सोमवार सवेरे उसके घर के अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहाने की शुरुआत की गई। तीन जेसीबी से पूरे घर को ध्वस्त कर दिया गया। नागपुर पुलिस ने संजय बाग कॉलोनी को छावनी के रूप में तब्दील कर दिया था। सैकड़ों की संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी, दो एसआरपीएफ की कंपनियों को भी बुलाया गया था। नोटिस देने के बाद फहीम खान के घर वालों ने घर खाली कर दिया था।

- तीन जेसीबी से आशियाना ध्वस्त
- दंगाइयों को भड़काने का आरोप

दिल्ली विधानसभा ▶▶ तीसरी कैग रिपोर्ट पेश

घाटे में डीटीसी, 400 बसें घटीं

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा सत्र में डीटीसी के कार्यों पर कैग की रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह सदन में पेश की जाने वाली तीसरी कैग रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट में दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज की पूरा ब्यौरा है। रिपोर्ट में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ऑडिट में कई गंभीर खामियां उजागर हुईं हैं, जो निगम की बिगड़ती स्थिति को दर्शाती है। रिपोर्ट के मुताबिक डीटीसी पिछले कई सालों से लगातार नुकसान झेल रहा है, बावजूद इसके कोई ठोस व्यापार योजना या दृष्टि दस्तावेज नहीं बनाया गया। डीटीसी पर सीएजी को लेकर करीब एक महीने पहले रिपोर्ट आई थी। 2015-16 में निगम के पास 4344 बसें थीं, जो 2022-23 तक घटकर 3937 रह गईं। जबकि सरकार से आर्थिक सहायता उपलब्ध थी, फिर भी निगम केवल 300 इलेक्ट्रिक बसें ही खरीद सका।

डीटीसी कई सालों से झेल रहा नुकसान

668.60 करोड़ का राजस्व नुकसान

कैग की रिपोर्ट के मुताबिक निगम की बसें प्रतिदिन औसतन 180 से 201 किलोमीटर ही चल सकीं, जो निर्धारित लक्ष्य (189-200 किमी) से कम था। बसों के बार-बार खराब होने और रूट प्लानिंग में खामियों के कारण 2015-22 के बीच 668.60 करोड़ रुपए का संभावित राजस्व नुकसान हुआ।

नहीं वसूला 29.86 करोड़ का जुर्माना

रिपोर्ट में बताया गया है कि बसों की आपूर्ति में देरी के लिए 29.86 करोड़ रुपए का जुर्माना भी वसूल नहीं किया गया। 2015-16 में डीटीसी का कुल घाटा 25,300 करोड़ रुपए से बढ़कर 2021-22 में 60,750 करोड़ रुपए हो गया है। उस दौरान केजरीवाल की सरकार ने कोई जुर्माना नहीं वसूला।

वर्ष 2009 के बाद से किराए में वृद्धि नहीं

दिल्ली सरकार 2009 के बाद से बस किराए में कोई वृद्धि नहीं कर पाई, जिससे निगम की आय प्रभावित हुई। वहीं विज्ञापन अनुबंधों में देरी और डिपो की खाली जमीन का व्यावसायिक इस्तेमाल न करने से भी निगम को संभावित राजस्व का नुकसान हुआ। इसके अलावा 225.31 करोड़ रुपए सरकार से विभिन्न मदों में वसूलने बाकी हैं।

कर्नाटक | आरक्षण पर बवाल

धर्म के आधार पर नहीं दे रहे आरक्षण : खरगे

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिया है। इसको लेकर भाजपा कर्नाटक सरकार पर हमलावर है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस ने संविधान का अपमान किया है। भाजपा के इस आरोप पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे रहे हैं। धर्म के आधार पर तो भाजपा कानून बना रही है लेकिन इन्होंने आज ये मुद्दा उठाकर अपने भ्रष्टाचार केस को छिपाने की कोशिश की है। कर्नाटक में जो आरक्षण 1994 में शुरू हुआ, वो अब तक है। मुसलमानों को पहले भी कोई अलग आरक्षण नहीं दिया गया है और आज भी नहीं दिया गया है। संविधान के खिलाफ कोई भी कुछ बोलता है तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मुसलमानों के लिए 4 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था के लिए संविधान में बदलाव करने के संबंध में किसी भी बयान का सोमवार को खंडन किया।

बीएसएनएल की यूजर्स को वॉर्निंग

फर्जी नोटिस/मैसेज से बचें यूजर्स

नई दिल्ली। सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने केवाईसी अपडेट नहीं कराने पर 24 घंटे में सिम बंद होने वाले नोटिस को लेकर यूजर्स को चेतावनी जारी की है। इन दिनों मोबाइल यूजर्स को बीएसएनएल और ट्राई के नाम पर एक नोटिस भेजा जा रहा है, जिसमें केवाईसी डिटेल अपडेट करने के लिए कहा जाता है। ऐसा नहीं करने पर 24 घंटे में सिम बंद होने की चेतावनी दी जा रही है। बीएसएनएल ने इस दावे को गलत बताते हुए कहा है कि बीएसएनएल की तरफ से ऐसा कोई नोटिस यूजर को नहीं भेजा जाता है। इस तरह का नोटिस पूरी तरह से फर्जी है और स्कैमर्स केवाईसी अपडेट करने के नाम पर यूजर्स की निजी जानकारी का गलत तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं। सरकारी टेलीकॉम कंपनी ने अपने आधिकारिक हैंडल से पीआईबी फैक्ट चेक द्वारा फर्जी बताए गए इस नोटिस को रीपोस्ट करते हुए यूजर्स के लिए चेतावनी जारी की है।

जस्टिस वर्मा के ट्रांसफर का विरोध

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के विरोध के बीच दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके मूल कैडर में ट्रांसफर करने की सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को केंद्र सरकार से जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके मूल इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश की, जहां से उन्हें साल 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट भेज दिया गया था। इससे पहले 20 मार्च को भी सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने बैठक में उन्हें इलाहाबाद भेजने की सिफारिश की थी।

कॉलेजियम की ट्रांसफर करने की सिफारिश

नाम लिए बगैर अवध बार का विरोध

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के बाद अवध बार एसोसिएशन भी दिल्ली हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश का तबादला लखनऊ बेंच में किए जाने का विरोध कर रहा है। पिछले हफ्ते अवध बार एसोसिएशन ने उड़ीसा हाईकोर्ट के एक जज का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में किए जाने पर भी विरोध जताया। बार की ओर से पारित प्रस्ताव में किसी जज का नाम नहीं लिया गया। अवध बार एसोसिएशन के महासचिव ने बताया कि दिल्ली और उड़ीसा हाईकोर्ट से एक-एक जज का इलाहाबाद हाईकोर्ट में तबादला किए जाने की खबरों को संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष आरडी शाही की अध्यक्षता में शनिवार को आपात बैठक की गई।

जज वर्मा का आरोपों से इनकार

इस घटना पर संज्ञान लेते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने भारतीय मुद्रा नोटों से भरी चार से पांच अधजली बोरियां मिलने की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है। मामले में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनके घर के स्टोर रूम में न तो उन्होंने और न ही उनके परिवार के किसी सदस्य ने कभी नकदी रखी।

विमान में खराबी, इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली। दिल्ली से शिमला जा रही एलायंस एयर की फ्लाइट संख्या 9I821 के पायलट ने सोमवार सवेरे शिमला एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान विमान के ब्रेक में टेक्निकल खराबी की सूचना दी। विमान में हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और डीजीपी डा. अतुल वर्मा समेत 44 यात्री सवार थे। विमान को निरीक्षण के लिए शिमला में उतार दिया गया। हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि हम सोमवार सवेरे विमान से शिमला पहुंचे। विमान की लैंडिंग में कुछ समस्या थी। मुझे टेक्निकल जानकारी नहीं है, लेकिन मैं एक आम आदमी के तौर पर बता सकता हूं कि जब विमान उतरने वाला था, तो वह उस जगह पर नहीं उतरा, जहां उसे उतरना चाहिए था। वह रुक नहीं सका और उस जगह तक पहुंच गया, जहां रनवे खत्म हो गया था। विमान रनवे के किनारे पर मुड़ गया और उस जगह पहुंच गया, जहां उसे रोका जा सकता था। विमान को रोकने के लिए मजबूत ब्रेक लगाए गए।

पाक में घुसे 53 अफगानी बच्चे

सभी बच्चों को अफगान अधिकारियों को सौंपा

पेशावर। पाकिस्तान में खैबर जिले की सीमा के जरिए अवैध रूप से देश में आए 53 अफगानी बच्चों को उनके देश वापस भेज दिया गया है। एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है। अधिकारी ने बताया कि इन बच्चों ने काम की तलाश में पाकिस्तान में घुसने के लिए सीमा पर लगी बाड़ को काट दिया था। सभी बच्चों को अफगानिस्तान के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। तोरखम सीमा चौकी पर तैनात अधिकारियों ने इन अफगान बच्चों की वापसी सुनिश्चित की है। अफगानी बच्चों द्वारा अवैध रूप से सीमा पार करने की घटनाएं बढ़ रही हैं और प्रतिदिन करीब 700 ऐसे प्रयास होते हैं। पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे अफगानी नागरिकों की वापसी की प्रक्रिया भी लगातार जारी है और 20 मार्च तक आठ लाख से अधिक लोगों को उनके देश वापस भेजा जा चुका है। पाकिस्तान सरकार ने 31 मार्च की समय सीमा तय की है, जिसके तहत अवैध रूप से रह रहे लोगों और अफगान नागरिक कार्डधारकों को देश छोड़ना होगा।

केंद्र सरकार का सांसदों को तोहफा

सैलरी, पेंशन और डीए में इजाफा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सांसदों की सैलरी, दैनिक भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी कर दी है। संसदीय कार्य मंत्रालय की जारी अधिसूचना के अनुसार 1 अप्रेल 2023 से यह संशोधित वेतनमान लागू होगा। केंद्र सरकार ने महंगाई को ध्यान में रखते हुए सदस्य के वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम 1954 के तहत वेतन और पेंशन में संशोधन किया है।

1 अप्रेल 2023 से लागू होगा संशोधित वेतनमान

सांसदों का मासिक वेतन

सांसदों का मासिक वेतन पहले 1,00,000 रुपए था। जिसे अब बढ़ाकर 1,24,000 रुपए प्रति महीने कर दिया गया है। वहीं, दैनिक भत्ते को दो हजार रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की मासिक पेंशन भी 25,000 रुपए से बढ़ाकर 31,000 रुपए कर दी गई है। अतिरिक्त पेंशन पांच साल से अधिक सर्विस के लिए जो पहले दो हजार रुपए प्रति महीने थी, उसमें भी बदलाव किया गया है उसे अब 2,500 रुपए प्रति महीने कर दिया गया है।

पिछले पांच सालों में बढ़ी महंगाई

सरकार ने सैलरी में ये बढ़ोतरी महंगाई को ध्यान में रखते हुए की है, जिससे सांसदों को काफी मदद मिलेगी। इस पर सरकार का कहना है कि यह सैलरी इजाफा पिछले पांच सालों में बढ़ी महंगाई को देखते हुए किया गया है।

न्यूज BRIEF

पंजाब की जेलों से 450 किसान रिहा

चंडीगढ़। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को पिछले दिनों सरकार ने खत्म करा दिया। 19 मार्च से अब तक करीब 1400 किसानों में से 800 किसानों को रिहा कर दिया गया है। अब महिलाओं, दिव्यांगों, मेडिकल समस्याओं वाले किसानों और 60 साल से अधिक उम्र के किसानों को तुरंत रिहा किया जाएगा।

कनाडा में अगले महीने फिर चुनाव

कनाडा। कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 14 मार्च को देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। जस्टिन ट्रूडो की घटती लोकप्रियता और उनकी नीतियों के विरोध के बीच कार्नी ने कनाडा की जनता से वादा किया था कि वह लिबरल पार्टी को फिर से मुकाबले में लाएंगे। हालांकि महज 10 दिन बाद ही उन्होंने कनाडा में समयपूर्व चुनाव कराने का एलान कर दिया है। अब कनाडा में 28 मार्च को नई सरकार के लिए मतदान होना है।

गैस एजेंसी पर फटे 350 सिलेंडर

बरेली। बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी में सोमवार दोपहर भयानक हादसा हो गया। दोपहर करीब एक बजे सिलेंडरों से भरे ट्रक में आग लग गई। सिलेंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया। करीब एक घंटे तक एक-एक कर सिलेंडर फटते रहे।

शेयर बाजार में आई चमक

निवेशकों ने कमाए 25 लाख करोड़

सेंसेक्स 4154 अंक उछला

मुंबई। शेयर बाजार एक बार फिर दहाड़ रहा है। सोमवार को लगातार छठे दिन शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 1,078.88 अंक उछलकर 77,984.38 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 323.55 अंकों की तेजी के साथ 23,673.95 पर पहुंच गया। अगर पिछले छह दिनों की तेजी पर नजर डालें तो सेंसेक्स 4154 अंक चढ़ गया है। 17 मार्च को सेंसेक्स 73,830.03 अंक पर खुला था। 24 मार्च को सेंसेक्स 77,984.38 अंक पर बंद हुआ है। पिछले छह दिनों में सेंसेक्स 4100 से अधिक अंक उछला है।

एनएचएआई के जीएम समेत तीन गिरफ्तार

पटना। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के जीएम को सीबीआई ने 15 लाख रुपए की घूस लेते पकड़ा है। सीबीआई ने जीएम सहित तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। जीएम का नाम रामप्रीत पासवान है, वे पटना रीजनल ऑफिस में तैनात हैं। एनएचआई ने उनके घर पर छापेमारी भी की, जिसमें करोड़ों रुपए कैश बरामद किए गए हैं। सीबीआई ने बताया कि सोमवार को एनएचएआई के जीएम समेत चार आरोपियों और एक निजी कंपनी के महाप्रबंधक समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों ने एनएचएआई के अनुबंधों/कार्यों से संबंधित बिलों को संसाधित करने और पास करने में अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए अवैध रूप से 15 लाख रुपए की रिश्वत का तुरंत आदान-प्रदान किया। इस संबंध में की गई छापेमारी में 1.18 करोड़ रुपए नकद (लगभग) बरामद हुए हैं। सीबीआई ने 22 मार्च को एनएचएआई के चीफ जनरल मैनेजर/जनरल मैनेजर (जीएम)/अन्य सीनियर रैंक के छह अधिकारियों, एक निजी कंपनी, निजी कंपनी के चार सीनियर अधिकारी सहित दो जीएम के अलावा एक अन्य निजी ठेकेदार और अज्ञात अन्य सरकारी अधिकारी और निजी व्यक्तियों समेत 12 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद पटना, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, पूर्णिया, रांची और वाराणसी में आरोपियों के आवासीय और कार्यालय परिसरों की छापेमारी की।

- 15 लाख रुपए की घूस लेते पकड़ा
- 1.18 करोड़ रुपए घर से भी बरामद

ओडिशा में मिले सोने के बड़े भंडार

भुवनेश्वर। ओडिशा के कई जिलों में सोने के भंडार पाए गए हैं, जिससे यह क्षेत्र तेजी से खनन के लिए तैयार हो रहा है। ओडिशा के खनन मंत्री विभूति भूषण जेना ने विधानसभा में इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सोने की खोज से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सुंदरगढ़, नबरंगपुर, अंगुल और कोरापुट जिलों में सोने के बड़े भंडार पाए गए हैं। मलकानगिरी, संबलपुर और बौध जिलों में भी सोने की मौजूदगी के संकेत मिले हैं।

खान मंत्री ने दी विस में जानकारी

ओडिशा को भारत के सबसे समृद्ध खनिज क्षेत्रों में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मयूरभंज जिले में भी कई स्थानों की पहचान की गई है।

पहली बार होने जा रही नीलामी

ओडिशा सरकार ने देवगढ़ जिले में अपने पहले सोने के खनन ब्लॉक की नीलामी की योजना बनाई है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और ओडिशा खनन निगम इन नए स्थानों की जांच कर रहे हैं ताकि यह तय किया जा सके कि सोना निकालना कितना संभव है।

पाक राष्ट्रपति का वीडियो वायरल

ढंग से स्पीच नहीं दे सके जरदारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 23 मार्च को पूरे जोश और उत्साह के साथ 'पाकिस्तान डे' मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जो भाषण दिया, उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि वह बहुत मुश्किल से अपनी स्पीच पढ़ पा रहे हैं। जरदारी ने इस खास मौके पर संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया और सेना के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान जरदारी ने जिस तरह से भाषण दिया, उसकी पूरे पाकिस्तान में चर्चा हो रही है।

- 23 मार्च को मनाया था पाक डे

हर पाकिस्तानी का मजाक : बासित

- भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त रहे अब्दुल बासित ने वीडियो शेयर करते हुए कहा कि जिस तरह से आसिफ जरदारी भाषण पढ़ने में बेबस दिखे, उससे दिल को बहुत दुख पहुंचा है। मुल्क का प्रेसीडेंट पूरे मुल्क का नुमाइंदा होता है।

मुख्यमंत्री कप कबड्डी टूर्नामेंट ठाणे में

राज्य की महिला-पुरुष की 31 टीमें मैदान में

दिनेश चन्द्र रावल / जागरूक टाइम्स

ठाणे। ठाणे में राज्य स्तरीय 72वीं सीनियर ग्रुप पुरुष व महिला राज्य चैम्पियनशिप चयन ट्रायल, मुख्यमंत्री कप कबड्डी टूर्नामेंट में कोल्हापुर जिले ने दो प्रयासों के बाद श्री कृष्णा ट्रॉफी जीतकर चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। महिला वर्ग में, मुंबई उपनगरीय पश्चिम टीम ने पार्वतीबाई संडव कप जीता। कोल्हापुर के साहिल पाटिल ने एक ही पारी में 4 विकेट लेने का शीर्ष प्रदर्शन किया। इस बीच, प्रतियोगिता के अंतिम दिन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार और सांसद सुरेश म्हात्रे ने प्रतियोगिता के आयोजक संजय वाघुले और कृष्णा पाटिल की प्रशंसा की।

डिप्टी सीएम शिंदे और सुधीर मुनगंटीवार ने की प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना

डिप्टी सीएम ने की वाघुले-पाटिल की प्रशंसा

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संजय वाघुले और कृष्णा पाटिल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य आयोजन करके अपनी छाप छोड़ी है, जबकि राज्य में क्रिकेट प्रतियोगिताएं लगातार हो रही हैं। इन दिनों जहां यह चर्चा है कि 'के' का मतलब क्रिकेट है, वहीं ठाणे में पांच सितारा कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पहली रेलगाड़ी स्टेशन पर आ चुकी थी। पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने विश्वास जताया कि अब कबड्डी ठाणे से निकलकर ओलंपिक तक पहुंचेगी।

प्रतियोगिता अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में

पांच दिवसीय प्रतियोगिता ठाणे के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में राज्य के प्रत्येक जिले से पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में 31 टीमों ने भाग लिया। इस टीम के 868 खिलाड़ियों ने मैदान में उतरकर कबड्डी का शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग के फाइनल में कोल्हापुर ने नागर को 42-32 से हराया। उन्होंने श्री कृष्ण ट्रॉफी रोटेटिंग ट्रॉफी के साथ-साथ मुख्यमंत्री कप पर भी अपने नाम अंकित किया। कोल्हापुर ने शानदार खेल की शुरुआत की।

कोल्हापुर ने पुणे ग्रामीण को हराया

पुरुषों के सेमीफाइनल में कोल्हापुर ने पुणे ग्रामीण को 32-29 से हराया, जबकि नागर ने मुंबई सिटी ईस्ट को 36-27 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिलाओं के फाइनल में, मुंबई सबअर्बन वेस्ट ने मुंबई सिटी वेस्ट को 5-5 से ड्रा में 33-32 (6-5) से हराकर पार्वतीबाई संदव पिरता कप और मुख्यमंत्री कप जीता। पहले इनिंग से ही कड़ी टक्कर वाले इस मैच में उपनगर ने पहले हाफ में 12-11 की बढ़त बना ली थी। दूसरे हाफ में उपनगर ने अंतिम मिनटों में मुम्बई को हराकर बढ़त बना ली। अंत में मैच 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

जीत का श्रेय कोमल और प्रतीक्षा को

उपनगर की जीत का श्रेय कोमल देवकर और प्रतीक्षा पनहालकर की संयमित बल्लेबाजी को जाता है, जबकि टीम की मजबूत रक्षापंक्ति प्रणाली नागदेवता और करीना पाटिल को जाता है। सोनाली शिंगटे, पूजा यादव, पूर्णिमा जेधे और साधना विश्वकर्मा ने मुंबई की जीत सुनिश्चित करने के लिए अंतिम क्षण तक कड़ी टक्कर दी। लेकिन वे निराश हुए. इससे पहले, महिलाओं के सेमीफाइनल में, मुंबई सबअर्बन वेस्ट ने मुंबई सिटी ईस्ट को 28-25 से हराया और मुंबई सिटी वेस्ट ने पुणे सिटी को 37-35 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अब प्रतिदिन चलेगी गांधीधाम-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस

मुंबई। पश्चिमी रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 22484/22483 गांधीधाम-जोधपुर-गांधीधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन दिवसों में विस्तार किया गया है। यह ट्रेन परिवर्तित समय के साथ अब त्रि-साप्ताहिक के स्थान पर प्रतिदिन चलेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 22484 गांधीधाम-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 24 मार्च से गांधीधाम से (मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार) के स्थान पर प्रतिदिन 23.55 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन प्रातः 09:45 बजे जोधपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 22483 जोधपुर-गांधीधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस तत्काल प्रभाव से जोधपुर से (सोमवार,बुधवार एवं शनिवार) के स्थान पर प्रतिदिन 20.50 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन प्रातः 06.05 बजे गांधीधाम पहुंचेगी।

किराए के आधार पर निविदा आमंत्रित

नवी मुंबई। भूखंड क्र. 3, सेक्टर-9ए, वाशी बस डिपो वाणिज्य संकुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह वाणिज्य संकुल कुल 21 मंजिला है, जिसमें किराये के आधार पर दिए जाने हेतु कुल क्षेत्रफल 178378.53 वर्ग फुट उपलब्ध है, जिसमें 75 कार्यालय, 6 रेस्टॉरेंट, 7 दुकानें तथा पीछे की ओर भूतल पर 4 छोटे गाले उपलब्ध हैं।

निकट भविष्य में नवी मुंबई में हवाई अड्डा, मल्टीनेशनल कंपनियां, एयरोसिटी जैसे बड़े प्रकल्प आने वाले हैं। इस दृष्टि से यह संकुल व्यावसायिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल अर्थात ग्रोथ हब सिद्ध होने वाला है। इस वाणिज्य संकुल में स्थित व्यावसायिक गाले, कार्यालय और रेस्टॉरेंट किराये के आधार पर निविदा प्रक्रिया द्वारा देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

फर्जी पत्रकार समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज

नौ लाख रुपए घूस लेने का आरोप

ठाणे। दाईघर पुलिस स्टेशन में 23 मार्च को फर्जीवाड़ा करने वाले शमशुद्दीन अजमुद्दीन शेख (40) और विजय सिंह शिवाजी चांदगुड़े के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिन्होंने अखबार के प्रधान संपादक बताकर शिकायतकर्ता साजिद अली साबिर अली शेख (48) से नौ लाख रुपए की ठगी की थी, इमारत पर छत जोड़ने के लिए 55 लाख रुपए लेकर और छत का निर्माण नहीं करने के कारण सहमति के अनुसार भूखंड देने से इनकार कर दिया था। शिकायतकर्ता साजिद अली साबिर अली शेख ने साई अपार्टमेंट, दाईघर गांव, कल्याण फाटा, ठाणे ने अपने परिचित असलम मूसा शेख को इमारत में तीन मंजिलें जोड़ने के लिए 40 लाख रुपए का भुगतान किया। बदले में निर्माणाधीन फ्लैटों में से नौ फ्लैट शिकायतकर्ता साजिद को देने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, 40 लाख के बाद, 15 लाख रुपए की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने वह भी दे दिया। इस बीच, इमारत पर दो मंजिलें बना दी गईं और शिकायतकर्ता को फ्लैट नहीं दिया गया। साजिद से पूछताछ करने पर उसकी पहचान आरोपी शमशुद्दीन शेख (40) के रूप में हुई। जब उन्हें धोखाधड़ी के बारे में बताया गया तो शमशुद्दीन शेख ने कहा कि वह पुलिस अलर्ट टाइम्स अखबार के संपादक हैं और आपके पैसे वसूल कर देंगे। शेख की धोखाधड़ी की खबर भी सार्वजनिक की गई, कहा गया कि इसके लिए पुलिस और नगर निगम का प्रबंध करना होगा और इसके लिए पैसा खर्च करना होगा। सतर्क पुलिस टाइम्स समाचार पत्र के संपादक की पहचान होने के बाद, फर्जी पत्रकार ने शिकायतकर्ताओं से गबन किए गए 55 लाख रुपये की वसूली के नाम पर 9 लाख रुपए और हड़प लिए। रविवार को दाईघर पुलिस थाने में फर्जी पत्रकार समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया।

नवी मुंबई मनपा की नागरिकों से अपील

नहीं चल रही कोई भी भर्ती प्रक्रिया

नवी मुंबई। नवी मुंबई मनपा में अधिकारी व कर्मचारी पदों पर भर्ती जारी है, इस प्रकार के झूठे विज्ञापन और सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है। यह भी सामने आया है कि कुछ व्यक्तियों को मनपा का नकली लेटरहेड, लोगो व नकली मुहर का उपयोग कर नियुक्ति पत्र भेजे गए हैं। इस संबंध में संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा पुलिस विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई है और नवी मुंबई मनपा द्वारा भी इस बाबत विधिवत शिकायत पुलिस विभाग को सौंपी गई है। वास्तविकता यह है कि नवी मुंबई मनपा में इस समय किसी भी पद के लिए कोई भर्ती प्रक्रिया चालू नहीं है। अतः नागरिकों से अनुरोध है कि वे ऐसी भ्रामक सूचनाओं या विज्ञापनों के झांसे में न आएं, न ही कोई प्रतिक्रिया दें, ताकि संभावित आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र

सभी स्कूलों को डिजिटल बनाने का संकल्प : निरंजन डावखरे

स्थानीय विकास कोष से डिजिटल सामग्री वितरित की

ठाणे। कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एडवोकेट. निरंजन डावखरे कोंकण में सौ प्रतिशत स्कूलों को डिजिटल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस पहल के तहत 23 मार्च को उनके स्थानीय विकास कोष से डिजिटल सामग्री वितरित की गई। यह कार्यक्रम ठाणे शहर भाजपा कार्यालय, रेमंड शोरूम के पास, वर्तक नगर ठाणे पश्चिम में विधायक निरंजन डावखरे की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर ठाणे शहर विधान सभा संजय केलकर, भाजपा ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटणकर, मनोहर डुंबरे, सुभाष पाटणकर, निदेशक बाबासाहेब दगड़े, प्रोफेसर संभाजी शेलके, सचिन मोरे आदि गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक उपस्थित थे। ऐसा माना जा रहा है कि यह गतिविधि कोंकण में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होगी।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का किया प्रस्तुतिकरण

नासिक। नासिक शहर में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक भारत सरकार के वित्त विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रवीर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया। प्राप्त निधि और खर्च की गई निधि से संबंधित चर्चा की गई। इसके साथ ही मनपा की गत दो वर्षों से लंबित निधि पर चर्चा कर उस पर मार्ग निकालने के संबंध में आयुक्त के माध्यम से अनुरोध किया गया तथा आगामी कुंभ मेले के लिए अतिरिक्त निधि प्रस्तावित करने को लेकर चर्चा की गई। र्यावरण एवं आगामी कुंभ महोत्सव के संदर्भ में वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और ठोस कचरा प्रबंधन इन घटकों को जोड़कर अन्य निधियों से तथा केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजकर उनका अनुगमन करने एवं समेकित रूप से प्रदूषण कम करने के उपाय करने के विषय में भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुधार, मेकैनिकल स्वीपर, मिस्ट कैनन तथा अतिरिक्त निधि के लिए नगर वन योजना और अन्य योजनाओं के अंतर्गत निधि प्रस्तावित करने हेतु मनपा आयुक्त को प्रस्ताव भेजने के लिए सूचित किया गया। निधि उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहने की बात कही गई। बैठक के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विभागीय निदेशक प्रतीक भरणे, अतिरिक्त आयुक्त स्मिता झगडे, उपायुक्त अजित निकत, शहर अभियंता संजय अग्रवाल, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के विभागीय अधिकारी लिंबाजी भड, उपविभागीय अधिकारी प्रशांत गायकवाड़, अतिरिक्त आयुक्त झगडे, उपायुक्त अजित निकत, शहर अभियंता अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता अविनाश धनाइत, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी दत्तात्रय पाथरूट, उद्यान अधीक्षक विवेक भदाणे, कार्यकारी अभियंता राजेंद्र शिंदे, जितेंद्र पाटोले, संदेश शिंदे, बाजीराव माली, भगूर नगर परिषद की मुख्याधिकारी सुवर्णा दखणे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नासिक मनपा ने मनाया शहीद दिवस

नासिक। नासिक मनपा की ओर से 23 मार्च को महान क्रांतिकारी भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सुबह 10 बजे मनपा मुख्यालय राजीव गांधी भवन में मनपा के उप मुख्य लेखा परीक्षक किरण धारणकर, जनसंपर्क अधिकारी योगेश कमोद, अभियंता संजय खुले, प्रदीप गावंडे के हस्ते भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम के अवसर पर मनपा के दिलीप चौधरी, अनिल शिंदे, महाले, विक्रम तिडके, प्रशांत ठोके, बालासाहेब दर्वे, विजय खोडे, सतीश पोतदार, गणेश देवरे, शंकरराव पोरजे, साहेबराव भोसले, रमेश पागे, दीपक बंदरे, सागर पीठे आदि सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

कुणाल कामरा को शिवसैनिक करारा जबाब देंगे : नरेश म्हस्के

ठाणे। स्टैंडअप कॅमेडियन कुणाल कामरा ने एक शो में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अभद्र टिपण्णी करते हुए कहा कि शिवसेना पहले बीजेपी से अलग हुई और फिर शिवसेना-शिवसेना से अलग हुई। इसी बात पर शिवसेना प्रवक्ता व सांसद नरेश म्हस्के आक्रमक होते हुए उबाठा के प्रवक्ता संजय राउत को निशाना बनाते हुए कहा कि कुणाल कामरा का अब महाराष्ट्र में घूमना बंद कर देंगें। शिवसैनिक तुमको छोड़ेंगे नही। कुछ चंद पैसों के लिए ऐसे भाड़े के स्टैंडअप कॅमेडियन आपको लाने पड़ रहे है। आपके पास अभी कोई कार्यकर्ता-प्रवक्ता बचे नहीं है इसलिए ऐसे भाड़े के स्टैंडअप कॅमेडियन लाने पड रहे है। कुणाल कामरा को शिवसैनिक करारा जबाब देंगे।

खारेगांव कलवा में एक इमारत के 64 मीटर जलकर खाक

ठाणे। ठाणे के कलवा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत जैम फैक्ट्री के बगल में चिंतामणि हाइट्स, खारेगांव में एक आठ मंजिला इमारत के भूतल पर बिजली मीटर कक्ष में सोमवार सुबह साढ़े छह बजे अचानक आग लग गई। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि आग में मीटर रूम में लगे 64 मीटर जल गए। इस इमारत में कुल सात दुकानें और 56 अपार्टमेंट हैं। कलवा पुलिस के जवान, टोरेंट पावर के कर्मचारी और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और सुबह सात बजे आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

निविदा सूचना सं. S/41/2024-25; दिनांक: 20-03-2025। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

क्र.सं.-1; निविदा सं. 37/25/0778/ओटी/322/2024-25, बंद/खुलने की तिथि: 01-04-2025

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: डीआरजी नं. एनएफआर, डीएचआर/सी/010, एएलटी-5. मैट. स्पेक: आईआरएस-19/93 पीटी-II (आरईवी-4) शुद्धिपत्र- नं.1 अगस्त 2015। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: नहीं, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति) 1) मात्रा-न्यू बंगाईगांव/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 100 नग। 2) मात्रा-तिनधरिया/स्टोर्स/डिपो, एनएफआर (पश्चिम बंगाल)। पी. एल. नं.-39060056।

क्र.सं.-2; निविदा सं. 61/24/5667/ओटी/323/2024-25, बंद/खुलने की तिथि: 07-04-2025

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: स्टैडर्ड फिश प्लेट एंड बोल्ट्स, फैंग बोल्ट्स, फ्लेट स्क्रू, ई. आर. क्लीप, लाइनर्स, जीआर पैड्स और इंसूलेटिंग लाइनर्स को छोड़कर आरडीएसओ ड्राविंग नं.टी-6068 के अनुसार कम्पलीट ताजा परिवर्तन के साथ और विनिर्देशन आईआरएस:टी-10-2023, एएलटी. 04 के साथ के अनुसार पीएससी स्लीपर पर डिरेलिंग स्विच, बीजी, केजी (यूआईसी)। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: हां, स्टेज: 1] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम: 3100013, एसएसडी ओवर राइडिंग कर्ब्ड स्विचेस और वेव कर्ब्ड स्विचेस के उपयोग के लिए, आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-जितेन्द्र कुमार, एनएफआर (असम) के लिए 43 सेट। पी. एल. नं.-60111185।

क्र.सं.-3; निविदा सं. 61/25/5113/ओटी/324/2024-25, बंद/खुलने की तिथि: 09-04-2025

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: 1) कर्व स्लीपर टी-8981। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 1500 नग। पी. एल. नं-600301570018। 2) कर्व स्लीपर टी-8982। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 4500 नग। पी. एल. नं-600301580012। 3) 60 किग्रा कर्ब्ड वाइडर स्लीपर, टी-8980। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 1500 नग। पी. एल. नं-600400740080। 4) कर्व्स आरडीएसओ डीआरजी नं. टी-8979 के लिए पीएससी स्लीपर्स। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 1500 नग। पी. एल. नं-60111008।

क्र.सं.-4; निविदा सं. 50/25/5023/ओटी/325/2024-25, बंद/खुलने की तिथि: 07-04-2025

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: विनिर्देशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/72/2007 संशोधन नं. 1 या ताजा के साथ के अनुसार 6 क्वाड केबुल, 1.4 मिमी व्यास कॉपर कंडक्टर, पॉलीथीन इंसुलेटेड स्क्रीनड, वायर/एस ट्रीप, गलवानीजेड ,स्टील आर्मर्ड अंडरग्राउंड जेली फिल्ड की आपूर्ति। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम आईडी:3100047, एस एंड टी इंस्टोलेशन के लिए क्वाड केबुल। सब आइटम आईडी: 3100047002-1.4 मिमी व्यास कॉपर कंडाक्टर 4/6 क्वाड केबुल। 1) मात्रा - सीनि सेक्शन इंजीनियरिंग/टीईएलई/अलीपुरद्वार जं. एनएफआर, (पश्चिम बंगाल) के लिए 66.00 किलोमिटार, पी. एल. नं.-561100191713।

क्र.सं.-5; निविदा सं. 40/25/5181/ओटी/326/2024-25, बंद/खुलने की तिथि: 08-04-2025

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: आरडीएसओ स्पेक नं. आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0129-2009 (आरईवी.1) के अनुसार एलएचबी कोचों के लिए 6.5 केडब्ल्यू कॉन्सटेंट वोल्टेज रेगुलेटेड बैटरी चार्जर। मेक: ऑटोमीटर्स अलायंस लिमिटेड/आईसी इलेक्ट्रिक्लस/सिग्नट्रॉन/हिताची हिरेल या समान। सामग्री ओईएम से खरीदी जानी चाहिए। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: नहीं, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा- डीईई/सीएचजी/गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए 37 नग। पी. एल. नं.-473600080093।

क्र.सं.-6; निविदा सं. 37/24/0577/ओटी/327/2024-25, बंद/खुलने की तिथि: 10-04-2025

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: कैसबब बोगी के लिए ब्रेक बीम पूर्ण, ड्राइंग-आरडीएसओ के ड्राइंग नं: डब्ल्यूडी-89033-एस/1, मैट स्पेक- ड्राइंग के अनुसार। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: नहीं, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम: 3100442-फ्रेट स्टॉक के लिए ब्रेक बीम, उप आइटम: फ्रेट स्टॉक के लिए ब्रेक बीम। डीआरजी. डब्ल्यूडी-89033-एस-01 पीएल-38146605, डीआरजी डब्ल्यूडी-07052-एस-01 पीएल-38140561 आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। 1) मात्रा- न्यू बंगाईगांव वर्कशांप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 500 नग। 2) न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 100 नग। पी. एल. नं.-38146605।

क्र.सं.-7; निविदा सं. 10/25/3669ए/ओटी/328/2024-25, बंद/खुलने की तिथि: 14-04-2025

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: ईएमडी पार्ट नंबर-40075563, डीएलडब्ल्यू पीएल नं.-17020864 के लिए डब्ल्यूडीपी 4 और डब्ल्यूडीजी 4 लोकोमोटिव के लिए हाउसिंग एक्सल बियरिंग । [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: नहीं, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम आईडी: 2201244, सस्पेंशन ट्यूब: ईएमडी लोकोमोटिव के लिए हाउसिंग बियरिंग किट: उप आइटम आईडी: 2201244002- ट्यूब संस्पेशन: ईएमडी:लोकोमोटिव के लिए हाउसिंग वियरिंग किट (11 आइटम से मिलकर)। मात्रा: न्यू बंगाईगांव/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 100 नग। पी. एल. नं.-17020864।

क्र.सं.-8; निविदा सं. 40/25/5170/ओटी/329/2024-25, बंद/खुलने की तिथि: 14-04-2025

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: 750 केवीए ((सीपीसीबी-IV+या नवीनतम) 3 फेज साइलेंट डीजी सेट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, 1500 आरपीएफ पर विकसीत और 750 केवीए/600 किलोवाट अल्टरनेटर के साथ विधिवत युग्मित एएमएफ पैनल, ईंधन टैंक, बैटरी सहित एक सामान्य एमएस चैनल बैस फ्रेम पर स्थापित, जिसमें सीपीडब्ल्यूडी के नवीनतम विनिर्देशन के अनुसार साइट पर ईआईसी के निर्देशनुसार ल्यूब ऑयल, कुलेंट और आवश्यक उचित आर्थिंग का पहला भराव शामिल है। निर्माता: कमिंस/किर्लोस्कर/पार्किन्स/जैक्सन या इसी तरह के प्रतिष्ठित ब्रांड जिनका बिक्री के बाद अच्छा ट्रैक रिकार्ड हो। आपूर्ति लागत में कमीशन की तारीख से 24 (चौबीस) महीने की वारंटी अवधि शामिल है। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 24 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: नहीं, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-एसएसई/पी/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पी. एल. नं.- 470204190014। 2) आरएनवाई पावर हाउस में 10 वर्षों के लिए एक नं. 750 केवीए डीजल जेनेरेटिंग सेट का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)आइटम नं. 1 के अनुसार वांरटी अवधि पूरा होने के बाद होगा। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: नहीं, स्टेज: 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा- एसएसई/पी/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पी. एल. नं.- 290602970017।

नोट:- निविदा सूचना और निविदा कागजात के पूर्ण विवरण के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट (www.ireps.gov.in) को लॉग ऑन करें। भावी बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने को इच्छुक हैं को उपरोक्त वेबसाइट के साथ अपने-आप को लॉग इन करना होगा और यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत हैं तो उन्हें अपने प्रस्ताव को इलेक्ट्रॉनिकली जमा करना होगा। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं हैं तो, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी एक्ट 2000 के अंतर्गत प्रमाणन एजेंसियों से क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र प्राप्त करें और उपरोक्त निविदाओं में भाग लें।

पीसीएमएम/मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना सं.: एसएनटी-आर-2025-08 दिनांक: 20.03.2025

कार्य का नाम: रायपुर मंडल के 02 मानव युक्त लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 395 और 399 की इंटरलॉकिंग के संबंध में सिग्नलिंग व दूरसंचार कार्यों का निष्पादन। | **निविदा मूल्य:** ₹ 1,05,09,349.60, **ईएमडी:** ₹ 2,02,600.00, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 06 (छह) महीने। बिडर्स अपने मूल / संशोधित बिड्स दिनांक **17.04.2025** को **15.00** बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे। विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **वरि.मंडल संकेत व दूरसंचार अभियंता, द.पू.म. रेलवे, रायपुर**

PR/R/S&T/PC/276

South East Central Railway @secrail

ट्रैक, पी-वे, भवन, यार्ड सुधार आदि कार्य

निविदा सूचना संख्या: KIR/Engg./13 of 2025; दिनांक: 18-03-2025; निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: 1; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** कटिहार मंडल - ट्रैक मशीन साइडिंग और सुविधाओं की व्यवस्था - 10 संख्या (पी. वे कार्य और निर्माण कार्य)। **निविदा मूल्य :** ₹6,24,62,429.08/-; **अग्रिम राशि :** ₹ 4,62,300/-; **निविदा संख्या: 2; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** कटिहार मंडल - सीनियर डीईएन/II/कटिहार के अधिकार क्षेत्र में 10 ट्रैक मशीन साइडिंग एवं सुविधाओं की व्यवस्था। **निविदा मूल्य :** ₹14,14,57,770.07/-;**अग्रिम राशि :** ₹ 8,57,300/-; **निविदा संख्या: 3; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** सीनियर डीईएन/III/कटिहार के अधिकार क्षेत्र में सुकना से दार्जिलिंग खंड के बीच 8.5 में 1 एनजी टीटीआर। (कुल = 53 सेट)। **निविदा मूल्य :** ₹1,43,47,286.13/-; **अग्रिम राशि :** ₹ 2,21,700/-; **निविदा संख्या: 4; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** सीनियर डीईएन/II/कटिहार के अधिकार क्षेत्र में ईबी-22 के साथ विलय करके एलसी ईबी-21 को हटाना। **निविदा मूल्य :** ₹4,99,03,798.80/-; **अग्रिम राशि :** ₹ 3,99,500/-; **निविदा संख्या: 5; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यार्ड सुधार - कुमेदपुर यार्ड (यार्ड सुधार के लिए क्रॉस ओवर का स्थानांतरण)। **निविदा मूल्य :** ₹74,67,165.44/-; **अग्रिम राशि :** ₹ 1,49,400/-;

उपरोक्त सभी निविदाओं के **बंद** करने की **तिथि** और **समय 16-04-2025** को **15:00** बजे और खोलने की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **16-04-2025** के **15:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार

**पूर्वोत्तर स

कुणाल कामरा विवाद पर बोले सीएम

'कौन गद्दार-कौन खुद्दार', 2024 में हो गया तय

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। कुणाल कामरा के विवादित बयान पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि संविधान ने सभी को अभिव्यक्ति का आजादी दे रखी है लेकिन किसी दूसरे व्यक्ति को अपमानित करने का अधिकार नहीं है। अगर किसी को व्यंग करना है तो करें लेकिन अपनी अभिव्यक्ति की आजादी का जो मर्यादाएं हैं, उसमें रहकर करें। कौन गद्दार है और कौन खुद्दार है? ये 2014 के विधानसभा चुनाव में तय हो गया है। विधानसभा में यह जो मुद्दा उपस्थित किया गया है। यह बेहद गंभीर है। कोई भी इस तरह से अपने विचारों की अभिव्यक्ति ना करें, फिर वह हास्य हो या व्यंगय हो। उसे स्वीकार करने वाले हम लोग हैं। अगर कोई राजनैतिक व्यंग्य भी करें तो हम उसे कोई दूसरा

▶▶ किसी को ऐसे अपमानित करने का अधिकार नहीं

बाला साहेब की विरासत शिंदे के पास

सीएम फडणवीस ने कहा, 'यह क्या महाराष्ट्र की जनता से भी बड़ा है। क्या महाराष्ट्र की जनता ने 2024 के विधानसभा चुनाव के नतीजो में दिखा दिया है कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की विरासत किसके पास है। वह विरासत एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना के पास जनता ने दिया है।'

कामरा निचले स्तर पर देता बयान

सीएम ने कहा, 'अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अगर कोई मनमानी करेगा तो हम उसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह जो स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा है। उसका अगर हम इतिहास देखें, देश के उच्च सदस्य व्यक्तियों के खिलाफ फिर वह प्रधानमंत्री हो मुख्य न्यायाधीश हो या फिर अलग-अलग न्यायाधीश के खिलाफ निचले स्तर पर जाकर बयान दिया है।'

विधानसभा चुनाव ने तय किया सब कुछ

■ विधानसभा में बोलते हुए फडणवीस ने कहा, 'यह उसकी (कुणाल कामरा) कार्य पद्धति है। इस व्यक्ति को विवाद खड़ा करके मशहूर होने की आदत है। ऐसी आदत के चलते कुणाल कामरा डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ बिल्कुल निचले स्तर की कॉमेडी पेश करने का उसने प्रयास किया है। उसे पता होना चाहिए की 2024 के विधानसभा चुनाव के नतीजे ने यह तय कर दिया है कि कौन गद्दार है और कौन खुद्दार है।'

संविधान में सभी को अभिव्यक्ति की आजादी

■ सीएम फडणवीस ने कहा, 'संविधान में सभी को अभिव्यक्ति की आजादी दी है और वो आजादी अबाधित है, लेकिन आप जैसे ही दूसरे व्यक्ति की आजादी पर आक्रमण करते हैं तो उसे वक्त आपकी अपनी अभिव्यक्ति की आजादी पर भी मर्यादाएं आ जाती हैं।' 'आपको इस तरह से किसी को अपमानित करने का अधिकार नहीं है। आपको व्यंग्य करना है तो बेशक करें, हम उसे तालियां बजा कर दाद देंगे।

उर्जा विभाग के सौ दिनों की रिपोर्ट कार्ड का सीएम ने किया विमोचन

■ **मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के पहले 100 दिनों के दौरान ऊर्जा विभाग की महावितरण, महानिर्मिती, महापारेषण और महाऊर्जा कंपनियों द्वारा की गई प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने वाली रिपोर्ट का विमोचन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान भवन में किया। मुख्यमंत्री ने अगले 25 वर्षों की ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा विकास योजना तैयार की है। उनके विजन के अनुरूप पहले 100 दिनों में सार्वजनिक बिजली कंपनियों के लिए विभिन्न लक्ष्य तय किए गए। इन लक्ष्यों और उनकी उपलब्धियों को दर्शाने वाली '100 डेज फॉर 25 इयर्स' रिपोर्ट महावितरण के स्वतंत्र निदेशक विश्वास पाठक ने तैयार की है।

महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले को 'भारत रत्न' का प्रस्ताव

मुंबई। क्रांति सूर्य महात्मा जोतिराव फुले और क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले को मरणोपरांत 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मानित करने का प्रस्ताव पणन मंत्री जयकुमार रावल ने विधानसभा में पेश किया। महात्मा जोतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले ने उपेक्षित और वंचित समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक न्याय, अस्पृश्यता उन्मूलन और महिला शिक्षा के लिए संघर्ष किया। इन्हीं महान कार्यों को सम्मानित करने के उद्देश्य से यह प्रस्ताव लाया गया है कि उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा जाए। 'भारत रत्न' देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो राजनीति, कला, साहित्य,

विज्ञान, उद्योग और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। महाराष्ट्र सरकार केंद्र सरकार से अनुरोध करेगी कि महात्मा जोतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाए।

नागपुर में कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

नागपुर। महाराष्ट्र में सोमवार को हाई कोर्ट की नागपुर पीठ को बम से उड़ाने की पुलिस को धमकी मिली। इससे पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ कोर्ट पहुंची और जांच की लेकिन कुछ नहीं मिला। तलाशी अभियान के साथ ही पुलिस ने कॉल करने वाले तक पहुंचने की कोशिश भी शुरू की, जिसमें बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वो नागपुर के जरीपटका का रहने वाला है।आरोपी की पहचान ओमप्रकाश सुरेशकुमार वासवानी के रूप में हुई है।

राहुल कनाल समेत 12 आरोपियों को जमानत

▶▶ कुणाल ने की थी शिंदे पर विवादास्पद टिप्पणी

मुंबई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर 'स्टैंडअप कॉमेडियन' कुणाल कामरा की विवादास्पद टिप्पणी के बाद उनके शो के आयोजन स्थल पर तोड़फोड़ की गई थी। इस आरोप में शिवसेना पदाधिकारी राहुल कनाल सहित 12 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के कुछ समय बाद ही तोड़फोड़ मामले में सभी 12 आरोपियों को जमानत दे दी गई।

ये आत्म सम्मान की बात : कनाल

"कामरा के शो के आयोजन स्थल पर तोड़फोड़ करने के एक दिन बाद राहुल कनाल ने सोमवार की सुबह इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'यह कानून हाथ में लेने का मामला नहीं है। यह विशुद्ध रूप से आत्म-सम्मान की बात है। जब बात बुजुर्गों या देश के सम्मानित नागरिकों की आती है, जब आपके बुजुर्गों को निशाना बनाया जाता है, तो आप उस मानसिकता वाले किसी व्यक्ति को निशाना बनाएंगे।

स्टूडियो पर की थी तोड़फोड़

"कामरा ने मुंबई के खार इलाके के 'यूनिकॉन्टिनेंटल होटल' में स्थित हैबिटैट कॉमेडी क्लब में अपनी प्रस्तुति के दौरान शिंदे के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने रविवार को हैबिटैट कॉमेडी क्लब के स्टूडियो पर तोड़फोड़ की थी।

स्टूडियो पर चला बीएमसी का हथौड़ा

▶▶ हैबिटेट स्टूडियो में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू
▶▶ डिप्टी सीएम शिंदे पर की थी विवादित टिप्पणी

मुंबई। मुंबई के जिस स्टूडियो में कॉमेडियन कुणाल कामरा का शो रिकॉर्ड हुआ था, वहां अब हथौड़ा चल गया है। बीएमसी ने द हैबिटेट स्टूडियो में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी स्टूडियो में कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। कामरा ने शिंदे को गद्दार बताया था। साथ ही कॉमेडियन ने बिना शिंदे का नाम लिए उनके राजनीतिक जीवन का मजाक भी उड़ाया था। कॉमेडी शो के दौरान कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र की सियासत पर बात की। इस दौरान कॉमेडियन ने एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा। कामरा ने उस वाकये का जिक्र किया, जब शिंदे ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना तोड़ी थी। कुणाल कामरा ने कहा कि, शिवसेना पहले बीजेपी से बाहर आ गई। फिर शिवसेना, शिवसेना से बाहर आ गई। एनसीपी से एनसीपी बाहर गई। एक वोटर को नौ बटन दे दिए। ऐसे में सब कन्फ्यूज हो गए थे।

क्या कहा था कामरा ने

■ कामरा ने शो के दौरान एक गीत भी गाया। जिसके बोल इस प्रकार हैं- ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों पे चश्मा, हाय, एक झलक दिखलाए, कभी गुवाहाटी में छुप जाए। मेरी नजर से तुम देखो, गद्दार नजर को आएइसी को लेकर अब शिवसेना आक्रामक हो गई है। कामरा के शो के बाद शिंदे की शिवसेना ने स्टूडियो में जमकर तोड़फोड़ की।

शिंदे पर कामरा की टिप्पणी पर बवाल

■ शिंदे पर कामरा की टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र की सियासत में बवाल मचा हुआ है। शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने कामरा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पटेल की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस ने बीएनएस की अलग-अलग धाराओं (धारा 353 (1) (बी) शरारती बयान और धारा 356 (2) मानहानि) के तहत कॉमेडियन कामरा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसके अलावा स्टूडियो में तोड़फोड़ करने वाले शिवसैनिकों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। शिवसेना युवा सेना के नेता राहुल कनाल सहित पार्टी के 19 अन्य सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

तीन साल से ज्यादा समय तक कार्यरत अधिकारियों का करें तबादला : सरनाईक

■ एसटी महामंडल के एक ही मुख्यालय में जमे अधिकारियों की परिवहन मंत्री ने बढ़ाई टेंशन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने एसटी महामंडल के एक ही मुख्यालय में तीन साल से ज्यादा समय से काम कर रहे अधिकारियों का तुरंत अन्य स्थानों पर तबादला करने का निर्देश दिया है। विधायक गोपीचंद पडलकर और विधान परिषद के सदस्य सदाभाऊ खोत के नेतृत्व में कर्मचारी संगठनों ने एसटी कर्मचारियों के विषयों को लेकर आयोजित की गई बैठक में राज्य के परिवहन मंत्री बोल रहे थे। इस बैठक में एसटी महामंडल के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक भीमनवार, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। विधायक गोपीचंद पडलकर ने कहा कि कई अधिकारी सालों से एक ही मुख्यालय में काम कर रहे हैं, जिसके कारण वे कुछ विशेष कर्मचारियों के साथ व्यक्तिगत संबंध बना लेते हैं और इसके कारण अन्य कर्मचारियों के साथ भेदभाव करते हैं। इसका नकारात्मक परिणाम एसटी प्रशासन की कार्यक्षमता पर पड़ रहा है। इसलिए, भविष्य में एक ही मुख्यालय में तीन साल से ज्यादा समय तक काम करने वाले अधिकारियों का तुरंत तबादला किया जाना चाहिए। इस बैठक में कर्मचारियों की आर्थिक मांगों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। परिवहन मंत्री श्री सरनाईक ने कहा कि विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों से चर्चा कर कर्मचारियों को उचित न्याय दिलाने के संबंध में फैसला लिया जाएगा।

श्रीनारायण तिवारी को 'धर्म शिरोमणि सम्मान'

नालासोपारा। दैनिक यशोभूमि के कार्यकारी संपादक श्रीनारायण तिवारी को प्रतिष्ठित 'धर्म शिरोमणि सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन राघवेंद्र सेवा मंच के 26वें वार्षिक समारोह के तहत नालासोपारा में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री तिवारी ने अपनी सशक्त लेखनी और निर्भीक पत्रकारिता के बल पर समाज में सत्य और न्याय की मशाल जलाए रखी है। उन्होंने अपनी निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को उजागर किया है। उनकी लेखनी ने न केवल जनसमस्याओं को प्रमुखता दी बल्कि प्रशासन को जवाबदेह बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इसी प्रभावशाली योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। इस समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल की अध्यक्षता में नालासोपारा के विधायक राजन नाईक, उभा महासंघ के अध्यक्ष डा. योगेश दुबे, भारतीय सदविचार मंच के संस्थापक डा. राधेश्याम तिवारी, पूर्व महापौर रूपेश जाधव, शिवसेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुलाबचंद दुबे, शिवसेना के मुंबई प्रमुख जयप्रकाश सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

श्रीनारायण ने सत्य के पक्ष में की निर्भीक पत्रकारिता : प्रेम शुक्ला

■ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने कहा, श्रीनारायण तिवारी पत्रकारिता जगत के उन चुनिंदा लोगों में हैं, जिन्होंने हमेशा सत्य के पक्ष में खड़े होकर निर्भीक पत्रकारिता की है। भारतीय सदविचार मंच के संस्थापक डा. राधेश्याम तिवारी ने कहा, आज के समय में जब पत्रकारिता कई बार प्रलोभनों और दबावों में आ जाती है, ऐसे में श्रीनारायण तिवारी जैसे संपादकों की जरूरत है, जो निडर होकर सत्य को सामने लाते हैं। राघवेंद्र सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा, श्रीनारायण तिवारी ने अपने लेखन के माध्यम से समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है। विशेष अतिथि के रूप में संजय सिंह, नवीन दुबे, श्रीमती सरिता प्रमोद दुबे, श्रीमती प्रीति उपाध्याय, अनिल गलगली, जेपी सिंह, आशीष मिश्रा, अमित दुबे, अशोक तिवारी, नरेंद्र पाठक, सभाजीत मिश्रा, डॉ शिवश्याम तिवारी, केडी शर्मा, राकेश मिश्र, गिरिजा शंकर पाठक, मनीष दुबे, प्रभात सिंह (बबलू) उपस्थित रहें। भजन प्रस्तुति में सुप्रसिद्ध लोकप्रिय गायक राकेश तिवारी (बबलू),लोकप्रिय गायिका ममता उपाध्याय ने अपनी अपनी सुमधुर सुरीली आवाज से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अंत में राघवेंद्र सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

समय रैना पुलिस के सामने पेश

मुंबई। इंडिया गॉट लेटेंट शो में हुए विवाद को लेकर आज स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना पुलिस के सामने पेश हुए। शो में हुए विवाद को लेकर महाराष्ट्र साइबर सेल की पुलिस ने उन्हें समन जारी किया था। इससे पहले समय साइबर पुलिस द्वारा भेजे गए 2 समन पर समय रैना बिजी शेड्यूल होने के कारण पेश नहीं हो सके थे। समय रैना को इससे पहले 17 और 19 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया था। समय अपना बयान दर्ज कराने के लिए नवी मुंबई साइबर ब्रांच पहुंचे हैं। रैना अपने शो पर हुए विवाद के बाद काफी समय से पुलिस से नजरें चुरा रहे थे, जिस कारण पुलिस उनका अरेस्ट वारेंट निकालने वाली थी, इसी कारण समय पुलिस के सामने आज अपना बयान दर्ज कराने के लिए पेश हुए हैं। समय रैना ने 8 फरवरी को अपने यूट्यूब चैनल पर अपने शो का एक एपिसोड अपलोड किया था, जिसमें यूट्यूबर रणबीर अलाहबादिया ने एक कंटेस्टेंट के माता-पिता और महिलाओं के लेकर भद्दे कमेंट किए थे।

■ **मुंबई।** श्री समस्त क्षत्रिय घांची समाज मुंबई द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में समाज बंधुओं की ओर से गेर प्रतियोगिता एवं महिलाओं की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में घांची समाज के पुरुष व महिलाएं मौजूद रहीं।

पत्रकार प्रशांत कोरटकर तेलंगाना से गिरफ्तार

मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में पत्रकार प्रशांत कोरटकर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें तेलंगाना से पकड़ा गया है। कोरटकर पर छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे संभाजी महाराज का अपमान करने और इतिहासकार इंद्रजीत सावंत को धमकाने का आरोप है। कोल्हापुर पुलिस प्रशांत कोराटकर को तेरह घंटे की यात्रा के बाद प्रशांत कोराटकर को कोल्हापुर लाया जाएगा। कोल्हापुर लाए जाने के बाद कोराटकर की मेडिकल जांच की जाएगी। मंगलवार की सुबह कोर्ट में पेश किया जाएगा। जर्नलिस्ट प्रशांत कोरटकर ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है। इतिहासकार इंद्रजीत सावंत को धमकाने के बाद प्रशांत कोरटकर 25 फरवरी से फरार थे।

द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 28 से

मुंबई। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार), साठये महाविद्यालय (हिन्दी विभाग) एवं साहित्यिक सांस्कृतिक शोध संस्था, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में "भारतीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति में रोजगार के अवसर" विषयक द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 28 एवं 29 मार्च को साठ्ये महाविद्यालय, विले पार्ले (ईस्ट) मुंबई में किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का आयोजन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर की निदेशक आस्था एम. कार्लेकर, साठ्ये महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर माधव राजवाड़े, समन्वयक- प्रोफेसर डा. प्रदीप कुमार सिंह सह-समन्वयक प्रोफेसर डा. संजय सोनवणे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। समन्वयक डा. सिंह ने विद्यार्थियों से संगोष्ठी में हिस्सा लेने हेतु यथा शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराने का आह्वान किया है। इसके लिए विद्यार्थी समन्वयक, सह-समन्वयक के अलावा मराठी विभाग के प्रमुख डॉ. समीर जाधव एवं दर्शनशास्त्र की एस. वी. चव्हाण से संपर्क कर सकते हैं।

नासिक में सिंहस्थ कुंभ मेले के सफल आयोजन की पहल

■ नासिक मनपा की आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री ने सभी अखाड़ों के प्रमुखों, साधु-महंतों एवं मंदिर के ट्रस्टियों, प्रतिनिधियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार देकर किया स्वागत

■ प्रमुख साधु-महंत एवं अखाड़ा प्रमुखों की बैठक संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नासिक। सिंहस्थ कुंभ मेले की पृष्ठभूमि में सोमवार को नासिक जिले के विभिन्न अखाड़ों के साधु-महंत, मंदिर ट्रस्टी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक नासिक महानगरपालिका के राजीव गांधी भवन में आयोजित की गई। इस अवसर पर सिंहस्थ के नियोजन हेतु समग्र सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही साधुओं द्वारा प्रशासन के समक्ष प्रमुख मांगें रखी गईं। नासिक मनपा की आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री ने सभी अखाड़ों के प्रमुखों, साधु-महंतों एवं मंदिर के ट्रस्टियों, प्रतिनिधियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार देकर स्वागत किया। इस बैठक में महंत भक्तिचरण दास महाराज, महंत सुधीरदास महाराज, फलहारी बाबा महाराज सहित 70 से अधिक साधु-महंत उपस्थित थे। सिंहस्थ के लिए विभिन्न सुविधाओं और मांगों को इस बैठक में प्रस्तुत किया गया।

साधु-महंतों ने की आगामी कुंभ मेले में बेहतर व्यवस्था की मांग

साधु-महंतों ने पिछले कुंभ मेले में प्रशासन की सुविधाओं की सराहना करते हुए आगामी कुंभ मेले में बेहतर व्यवस्था की मांग की। अखाड़ों को उपयुक्त स्थान मिलना चाहिए, सभी अखाड़ों, खालसा प्रमुखों और सार्वजनिक संस्थाओं को पूर्व में हुई भीड़ के अध्ययन के अनुसार नियमानुसार स्थान उपलब्ध कराना चाहिए। अमृत स्नान का महत्व : "शाही स्नान" के स्थान पर "अमृत स्नान" शब्द का प्रयोग किया जाए, जिससे कुंभ मेले का आध्यात्मिक महत्व पूरे विश्व में प्रसारित हो। मंदिर परिसर में सुविधाएं : शहर के सभी मंदिर परिसरों के पास स्थायी रूप से शौचालय, कचरा प्रबंधन हेतु डस्टबिन एवं साधुओं के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

■ **मुंबई।** दक्षिण मुंबई के सीपी टैंक रोड स्थित लाडवाड़ी में राजपुरोहित मुंबई ग्रुप की ओर से प्रयागराज यात्रा के उपलक्ष्य में भजन संध्या एवं गंगा प्रसादी का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में राजपुरोहित समाज बंधुओं ने शिरकत कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

जैसलमेर ने पेश की आपसी भाईचारे की मिसाल

▸▸ हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को दी रोजा इफ्तार पार्टी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जैसलमेर में सर्व समाज ने एक भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जैसलमेर शहर के हिन्दू समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं रोजा इफ्तार पार्टी में पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, वक्फ कमेटी जिलाध्यक्ष नवाबुद्दीन भाटी समेत मुस्लिम समुदाय के काफी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

'ऐसे आयोजनों से समाज में बढ़ती एकता'

इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर ने कहा कि रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि संयम, त्याग और प्रेम की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता बढ़ती है और लोग एक-दूसरे की परंपराओं को समझते हैं। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए 36 कौम के लोगों का धन्यवाद दिया। जैसलमेर शहर स्थित होटल ग्रांड खलीफा में आयोजित कार्यक्रम में रोजेदारों के लिए विशेष इफ्तारी की व्यवस्था की गई। जिसमें खजूर, शरबत, फल, नमकीन और पारंपरिक व्यंजन शामिल थे।

बाड़मेर : डिस्कॉम का सरकारी विभागों पर 25.81 करोड़ बकाया

▪ अंतिम नोटिस के बाद भी जमा नहीं कराई राशि, अब कटेंगे कनेक्शन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है। बाड़मेर डिस्कॉम के अधिकारी निजी के साथ-साथ सरकारी विभागों से बकाया को लेकर भी सख्त नजर आ रहे हैं। अब सरकारी विभागों से बकाया की वसूली के लिए डिस्कॉम की टीम कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेंगी। सरकारी विभागों से 25.81 करोड़ रुपए का बकाया है। सबसे ज्यादा जलदाय विभाग से 18 करोड़ बकाया है। बाड़मेर के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार मीना ने बताया कि जिले के विभिन्न सरकारी विभागों से लाइट कनेक्शनों के बिलों की राशि जमा नहीं करने के कारण बकाया का आंकड़ा 25.81 करोड़ के करीब पहुंच गया है। मुख्य रूप से जलदाय विभाग से 18 करोड़ रुपए बकाया है। आमजन के कनेक्शन के कारण विभाग अब तक इन कनेक्शनों को काटा नहीं गया था। लेकिन इस राशि को जमा कराने के लिए विभाग की ओर से जलदाय विभाग को निरन्तर पत्राचार किया गया ताकि राशि जमा हो सके। लेकिन अंतिम नोटिस जारी करने के बाद अब तक राशि जमा नहीं होने के कारण राजस्व वसूली को कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

नगर परिषद से 6.50 करोड़ रुपए बकाया

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सरकारी विभागों में बकाया में जलदाय विभाग के अलावा नगर परिषद से 6.50 करोड़ रुपए बकाया है। इसमें अधिकांश कनेक्शन रोड़ लाइटों के है। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार से जुड़े विभिन्न विभागों से 2.80 करोड़ रुपए, जिला प्रशासन के रूप में तहसील, एसडीएम एवं बीडीओ ऑफिस से करीब 46 लाख रुपए, सरपंच व ग्रामसेवकों से करीब 35 लाख रुपए, पुलिस प्रशासन से 8 लाख रुपए बकाया है। वहीं अन्य विभागों से करीब 61 लाख रुपए बकाया है। इन सभी विभागों से बकाया राशि वसूली के लिए निरन्तर पत्राचार किया गया है। फिर भी उनके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं कराई गई है, इसलिए डिस्कॉम के उपखण्ड अधिकारियों को इन बकायादारों के कनेक्शन काटने के निर्देश दिए हैं।

एक महीने में काटे सैकड़ों कनेक्शन

अधीक्षण अभियंता मीना ने बताया कि सरकारी के अलावा निजी खातों से बकाया राशि की वसूली के लिए पिछले कई महीनों से निरन्तर कनेक्शन काटने एवं राशि वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस मार्च महीने में अब तक डिस्कॉम की टीमें करीब 350 से अधिक कनेक्शन काट चुकी हैं। वहीं बड़ी राशि के बकायादारों के यहां से करीब 20 ट्रांसफॉर्मर हटाए गए हैं। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनजर बकाया राशि की अधिकाधिक वसूली, बिल जमा करने की सहुलियत एवं त्रुटिपूर्ण बिलों में संशोधन को लेकर आगामी दिनो में अवकाश के दिन भी डिस्कॉम के सभी कार्यालय खुले रहेंगे। उपभोक्ता ई-मित्र के अलावा डिस्कॉम कार्यालय पहुंचकर भी अपने लाइट बिल जमा करा सकते है। वहीं त्रुटिपूर्ण बिल होने पर उसका संशोधन कर उसे वहीं कार्यालय में जमा करा सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को लाइट संबंध विच्छेद की कार्रवाई से बचने के लिए बकाया बिल जमा करने का आह्वान किया।

जूनियर असिस्टेंट परीक्षा

टाइपराइटर खराब पाए जाने पर शिकायत निस्तारण के निर्देश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जोधपुर। हाल ही में राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड द्वारा जूनियर असिस्टेंट पद की भर्ती निकाली गई थी। सुमन बिश्नोई ने भी उस परीक्षा में हिस्सा लिया था और उसका एक भाग टाइपिंग टेस्ट था। टाइपिंग टेस्ट देते समय सुमन बिश्नोई का टाइपराइटर काम करना बंद हो गया। ऐसी स्थिति में उसने इनविजिलेटर से अनुरोध किया कि उसे नया टाइपराइटर दिया जाए। जो नया टाइपराइटर दिया गया था, वह भी खराब निकला और उसके बाद तीसरे टाइपराइटर से उसने बमुश्किल अपना टेस्ट पूरा किया। इस पूरे घटनाक्रम में सुमन का काफी कीमती समय व्यर्थ हो गया मगर टेस्टिंग सेंटर की गलती के बावजूद भी उसे अतिरिक्त समय नहीं प्रदान किया गया। अतिरिक्त समय न मिल पाने की वजह से वह अपना टेस्ट पूरा नहीं कर पाई। सुमन ने राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट विवेक फिड़ौदा द्वारा रिट याचिका यह कहते हुए पेश की गई कि उसका दोबारा टाइपिंग टेस्ट लिया जाए ताकि उसका सही आंकलन हो सके। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से जवाब मंगवाया और यह पाया गया कि और भी टेस्ट के समय कई अभ्यर्थियों द्वारा ऐसी शिकायतें पेश की गई है और उसी को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने एक समिति का गठन किया है। एडवोकेट विवेक फिड़ौदा ने आह्वान किया कि इन सभी शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए मगर रिजल्ट जारी करने के पहले किया जाए ताकि किसी अभ्यर्थी को वापस कोर्ट की शरण लेने का मौका मिले और माननीय उच्च न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार करते हुए सरकार को समयबद्ध तरीके से शिकायत निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जोधपुर में मारवाड़ राजपूत सभा ने निकाला पैदल मार्च

▸▸ सपा सांसद की सदस्यता रद्द करने की मांग

जोधपुर। योद्धा महाराणा सांगा पर सपा सांसद रामजीलाल की ओर से अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को जोधपुर पैदल मार्च निकाला गया। मारवाड़ राजपूत सभा की ओर से पैदल मार्च पावटा बी रोड स्थित सभा भवन से कलेक्ट्रेट तक निकाला गया। उप राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आपत्तिजनक टिप्पणी को राज्यसभा की कार्यवाही से हटाने और सांसद रामजीलाल की सदस्यता समाप्त करने की मांग की। मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमानसिंह खांगटा ने बताया कि सपा सांसद रामजीलाल ने 22 मार्च को राज्यसभा में न केवल आपत्तिजनक बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत टिप्पणी की थी। उन्होंने महाराणा सांगा, जो भारतीय इतिहास के महान योद्धा और स्वतंत्रता के प्रतीक है, को गद्दार कहकर न केवल उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को भी आहत किया है। अध्यक्ष खांगटा ने कहा कि इतिहास के अनुसार बाबर को भारत में बुलाने का कार्य दौलत खान ने किया था। महाराणा सांगा ने अपने पूरे जीवनकाल में भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ वीरता का प्रदर्शन किया। ऐसे में रामजीलाल सुमन द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पूरी तरह से अस्वीकार्य है और यह उनके पद की गरिमा के विपरीत है। ऐसी स्थिति में मारवाड़ राजपूत सभा व सर्व समाज की ओर से उप राष्ट्रप्रति के नाम ज्ञापन प्रेषित कर रामजीलाल की राज्यसभा सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने और राज्यसभा की कार्यवाही से उस आपत्तिजनक टिप्पणी को पूर्णतः हटाए जाने की मांग की गई है।

जैसलमेर के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से आई खुशखबरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▪ एक और गोडावण का जन्म, ब्रीडिंग सेंटर में कुनबा बढ़कर पहुंचा 46

जैसलमेर। जैसलमेर जिले के सम गांव के पास स्थित सुदासरी के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से एक बार फिर खुशखबरी आई है। ब्रीडिंग सेंटर में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी गोडावण के एक और चूजे का जन्म हुआ है। इससे पहले 9 मार्च को भी इसी सेंटर में एक चूजे का जन्म हुआ था। अब सुदासरी और रामदेवरा दोनों जगह मिलाकर गोडावण की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। नए चूजे को मादा गोडावण 'अमन' ने जन्म दिया है। राष्ट्रीय संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के तहत मिली इस सफलता से वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। डीएनपी के डीएफओ बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि जैसलमेर के सुदासरी से आई इस खुशखबरी से हम सभी काफी उत्साहित है और सरकार द्वारा किए जा रहे गोडावण संरक्षा के प्रयास सफलता की ओर बढ़ते जा रहे हैं। एक ही महीने में दो बच्चों का जन्म लेना एक सुखद संकेत है। इससे इनकी संख्या में वृद्धि होगी। गुप्ता ने बताया कि रामदेवरा स्थित दोनों ब्रीडिंग सेंटरों में अब कुल 46 गोडावण हो गए हैं। इस सफलता के पीछे पांच साल की मादा गोडावण 'अमन' है। उसने 26 फरवरी को एक अंडा दिया था। कृत्रिम रूप से सेने के बाद 21 मार्च को इस अंडे से चूजे का जन्म हुआ, जिसे अब विशेष देखभाल में रखा गया है। इससे पहले इसी महीने 9 मार्च को मादा गोडावण 'रीवा' ने एक चूजे को जन्म दिया था। गौरतलब है कि वर्तमान में देशभर के जंगलों में मात्र 150 से भी कम गोडावण बचे हैं, जिससे यह बाघों से भी अधिक दुर्लभ प्रजाति बन चुकी है। गोडावण एक बड़ा पक्षी है, जिसकी लंबाई 1 मीटर और वजन 15 किलो तक होता है। यह राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के शुष्क घास के मैदानों में पाया जाता है। गोडावण राजस्थान का राज्य पक्षी भी है। जैसलमेर के थार मरुस्थल में इनकी सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है।

शिव विधायक की सुरक्षा बढ़ाई

बाड़मेर। बाड़मेर जिले के शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा एक बार फिर बढ़ा दी है। इंटेलिजेंस को मिले इनपुट के आधार पर पुलिस मुख्यालय से बाड़मेर पुलिस को विधायक की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश मिले है। हालांकि भाटी रविवार को मुंबई दौरे पर थे। इसलिए भाटी के बाड़मेर पहुंचने पर एक्सट्रा सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। बता दें कि जनवरी माह में पहले भाटी को दी गई एक्स्ट्रा सुरक्षा को हटाया गया था। दरअसल रविंद्र सिंह भाटी शिव से विधायक बनने के बाद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इस दौरान भाटी को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर जान से मारने की धमकियां दी गई थीं। इसके बाद समाज व अन्य संगठनों की ओर लगातार ज्ञापन देकर सुरक्षा देने की मांग की थी। तब राज्य सरकार ने अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाई थी। पुलिस ने विधायक भाटी के सुरक्षा में दो पीएसओ लगाए थे, लेकिन अब एक्स्ट्रा पीएसओ (पुलिसकर्मियों) को 25 जनवरी को हटा दिया गया था। अब फिर से सुरक्षा कारणों व इंटेलिजेंस के इनपुट को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से बाड़मेर पुलिस को विधायक की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश मिले है। विधायक भाटी के बाड़मेर पहुंचने पर अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी।

विश्व क्षय रोग दिवस पर निकाली रैली

नर्सिंगकर्मियों ने लगाए 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के नारे

217 पंचायतें टीबी मुक्त की श्रेणी में

बाड़मेर। विश्व क्षय रोग दिवस पर बाड़मेर जिला स्वास्थ्य समिति टीबी की ओर से एक जागरुकता रैली निकाली गई। नर्सिंगकर्मी हाथों में अलग-अलग स्लोगन लिखीं तख्तियां लिए साथ में चलीं। तख्तियों पर टीबी हारेगा, देश जीतेगा जैसे स्लोगन लिखे थे। सीएमएचओ ने कहा कि टीबी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। जिले में अब तक 217 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त क्राइटेरिया में आई है। ज्यादा जांच स्क्रीनिंग से भारत टीबी मुक्त होगा। दरअसल, देश भर में टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरुकता रैली निकाली गई है। यह रैली हॉस्पीटल परिसर से शुरू हुई, जो शहर के मुख्य रास्तों से होते हुए वापस हॉस्पीटल परिसर पहुंची। इस दौरान गर्ल्स नर्सिंगकर्मियों ने टीबी हारेगा, देश जीतेगा नारे लगाए। सीएमएचओ ने कहा कि टीबी होने पर उसको ठीक होने में काफी समय लगता है। केन्द्र सरकार की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। टीबी मुक्त करने के लिए पहले ग्राम पंचायत को मुक्त करने का टारगेट है। इसके बाद पूरा देश टीबी मुक्त होगा। इसको देखते हुए जागरुकता रैली निकाली गई है ताकि लोग टीबी के लक्षण दिखने पर समय पर चैक करवाएं। हमारा टारगेट है कि एक हजार पर 30 बलगम जांच हों।

मुंबई मेटल मार्केट

मेटल	आज का	पूर्व बंद
कॉपर वायर बार	926	913
एल्युमिनियम इन्गॉट	262	263
जिंक स्लैब	280	277
लीड इन्गॉट	185	183
टिन स्लैब	3050	3092
निकल	1425	1435
सभी दरें रूपए प्रति किलो में है।		
कॉपर केबल स्क्रेप	865	865
कॉपर हैवी स्क्रेप	856	854
कॉपर आर्मेचर	844	843
कॉपर यूटेंसिल्स	778	778
कॉपर सीट	-	-
ब्रास यूटेंसिल्स	560	558
ब्रास सीट कटिंग्स	604	603
एल्युमिनियम	208	210

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

धातु	आज का भाव	स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी-
कॉपर	9935	-1500
टिन	34386	-255
लीड	2028	-725
जिंक	2927	-1575
एल्युमिनियम	2618	-7275
निकल	16049	+252

व्यापार जगत

चीन ने अमेरिका को हराया...!

अलीबाबा ने बनाया एआई सिस्टम, सिर्फ चीनी चिप्स का इस्तेमाल

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में चीन और अमेरिका का मुकाबला कड़ा होने लगा है। फिलहाल इसमें बाजी चीन के हाथ में जाती हुई दिखाई दे रही है। दरअसल, चीन ने एक ऐसा एआई सिस्टम बनाया है, जिसमें चीन में बनी सेमीकंडक्टर चिप्स का इस्तेमाल किया गया है। इसे जैक मा की कंपनी एंट ग्रुप ने बनाया है। एंट ग्रुप जैक मा की कंपनी अलीबाबा की सहायक कंपनी है। जैक मा कभी न केवल चीन बल्कि एशिया के भी सबसे अमीर शख्स रहे हैं। कंपनी का दावा है कि इस एआई मॉडल की कीमत सामान्य एआई मॉडल के मुकाबले 20 फीसदी कम है। जैक मा की इस खबर के सामने आने के बाद चीन की एक मेडिकल कंपनी के फाउंडर अरनॉड बर्ट्रेंड ने एक्स पर एक पोस्ट की है। इसमें उन्होंने लिखा है कि चीन ने अमेरिका को हरा दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि दुनियाभर में अमेरिकी कंपनियों की चिप्स की डिमांड है। इसमें अमेरिकी कंपनी एनवीडिया सबसे आगे है। अब एआई में चीन अपनी पकड़ तेजी से मजबूत बना रहा है। चीनी एआई चैटबॉट डीपसीक के बाद चीन की एक और बड़ी उपलब्धि है।

▸▸ किन कंपनियों के चिप्स का इस्तेमाल?

एंट ग्रुप ने घरेलू चिप्स का इस्तेमाल किया। इसमें अलीबाबा और Huawei Technologies जैसे सहयोगी कंपनियों के चिप्स शामिल थे। इन चिप्स का इस्तेमाल 'मिक्सचर ऑफ एक्सपर्ट्स' नामक मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करके मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया गया था। इसका रिजल्ट एनवीडिया कंपनी के H800 जैसे चिप्स के समान थे। एंट अभी भी AI विकास के लिए एनवीडिया का उपयोग कर रहा है।

अमेरिका ने लगाई रोक

कुछ समय पहले अमेरिका ने कुछ सेमीकंडक्टर के चीन को निर्यात पर रोक लगाई है। इसमें एनवीडिया का H800 सेमीकंडक्टर भी शामिल है। H800 सबसे उन्नत नहीं है, लेकिन यह एक शक्तिशाली प्रोसेसर है। रोक के बावजूद चीन अमेरिका के सामने नई-नई चुनौतियां पेश कर रहा है। चीन के डीपसीक ने दिखाया कि कैसे OpenAI और Google की ओर से निवेश किए गए अरबों डॉलर की तुलना में बहुत कम लागत पर चीन एआई मॉडल बना सकता है। इसके लिए चीन की कंपनियां स्थानीय विकल्पों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहीं हैं।

शादियों के सीजन से पहले सोने के गिरे भाव

नई दिल्ली। शादियों के सीजन से पहले सोमवार को सोने के भाव गिर गए। बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड आज 324 रुपए सस्ता होकर 87845 रुपए पर खुला, जबकि चांदी के रेट में 18 रुपए का मामूली इजाफा हुआ है। आज चांदी 97638 रुपए प्रति किलो की दर से खुली। बता दें 20 मार्च को पहली बार सोना 88761 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। जबकि, चांदी 18 मार्च को 100400 रुपए प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पहुंची थी। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर 3 पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो आज सोने के भाव 90480 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के 100567 रुपए प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी आज 323 रुपए सस्ता होकर 87493 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर 1 बजे के करीब 297 रुपए कम होकर 80466 रुपये पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 243 रुपए सस्ता होकर 65884 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 190 रुपए गिरकर 51389 रुपए पर आ गई है। मार्च में अब तक सोना 2789 रुपए और चांदी 4158 रुपए उछल चुकी है। 28 फरवरी को सोने का भाव 85056 रुपए था। जबकि चांदी की कीमत 93480 रुपए। साल 2025 में अब तक सोना 12105 रुपए और चांदी 11621 रुपए महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपए पर बंद हुआ था। चांदी भी 86017 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।

आप का राशिफल 25 मार्च

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7९-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को ह): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

इरेडा के शेयरों में करीब 12% की उछाल

बोर्ड मीटिंग से पहले दांव लगाने की होड़

मुंबई। इरेडा के शेयरों की कीमतों में आज फिर से तगड़ी उछाल देखने को मिली।

कंपनी के शेयरों का भाव सोमवार को करीब 12 प्रतिशत की तेजी के बाद बीएसई में 173.30 रुपए के लेवल पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा कारोबारी दिन है, जब इरेडा के शेयरों में तेजी देखने को मिली है।

बता दें कि बड़ी संख्या में इस सरकारी कंपनी के शेयरों को खरीदने के लिए ऑर्डर दिए गए। इरेडा के शेयरों में बीते हफ्ते 11 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई थी। जो कि इस साल सबसे बड़ी साप्तहिक तेजी थी। सरकारी कंपनी ने पिछले हफ्ते अपना पहला परपेचुअल बॉन्ड को लॉन्च किया था। कंपनी के इस बॉन्ड का साइज 1247 करोड़ रुपए था। इसका एनुअप कूपन रेट 8.40 रुपए थे।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से मिली बड़ी राहत

▪ बीते हफ्ते इरेडा ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया था कि 19 मार्च 2025 को 24.48 करोड़ रुपए का रिफंड मिला था। यह एसेसमेंट ईयर 2011-12 का मामला था। इसके अलावा कंपनी ने बताया कि 195 करोड़ रुपए का रिफंड प्रोसेस में है, जो आने वाले समय में मिल सकता है। मंगलवार को कंपनी की बोर्ड मीटिंग है। इसी मीटिंग से वित्त वर्ष 2025-26 के प्लान को लेकर चर्चा की जाएगी।

रॉकेट की रफ्तार से दौड़ेगा देश अगर...

नितिन गडकरी ने बता दिया राह में अड़ंगा कौन?

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी खुलकर अपनी बात रखते हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के तमाम पहलुओं पर अपनी राय साझा की है। वह मानते हैं कि लॉजिस्टिक्स की लागत अर्थव्यवस्था के सामने एक बड़ी समस्या है। यह लागत 14-16 फीसदी है। इसे घटाकर 9 फीसदी तक लाने की जरूरत है। गडकरी ने यह भी कहा है कि अगले दो सालों में भारत की कृषि विकास दर 20 फीसदी रहने की उम्मीद है। केंद्र सरकार की पहली प्राथमिकता कृषि क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और ज्यादा नौकरियां पैदा करना है। गडकरी ने ये बातें हाल में एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 65 फीसदी आबादी गांवों में रहती है। लेकिन वे विकास में केवल 12 फीसदी का योगदान करते हैं। भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और दुनिया में तीसरा स्थान हासिल करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि बहुत महत्वपूर्ण हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सरकार सिंचाई क्षेत्र को बढ़ावा देने पर काम कर रही है। हमें दुनिया की सबसे सफल तकनीक की जरूरत है। कृषि अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में अधिक नौकरियां पैदा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 3 लाख करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजनाओं के साथ 36 ग्रीन हाईवे बनाए जा रहे हैं, जो बंदरगाहों को जोड़ेंगे। इससे देश में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के सामने बुनियादी समस्या लॉजिस्टिक्स की लागत है, जो 14-16 फीसदी है।

ज्योतिष शास्त्र में चार लाख श्लोक: शास्त्री

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

ज्योतिष सम्मेलन में विद्वानों के व्याख्यान

भीनमाल। जोधपुर, भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट के स्थापना दिवस समारोह का मंगलाचरण व दीप प्रज्वलन के साथ अतिथियों ने श्री गणेश किया। जोधपुर के बोरानाडा में एक दिवसीय अखिल भारतीय सनातन धर्म व ज्योतिष सम्मेलन व पंचांग पूजन व विद्वत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन के संयोजक पंडित हरिप्रसाद गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के पद से भीनमाल के श्री दर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंचांग के पांच अंग होते हैं, तिथि,वार, नक्षत्र, योग एवं करण। शास्त्री ने बताया कि चारों वेदों को मिलाकर एक लाख श्लोक होते हैं, महाभारत एवं व्याकरण के भी एक एक लाख श्लोक हैं परंतु ज्योतिष के चार श्लोक है जिसे वेदांग में चक्षु कहा जाता है। आशीर्वाद प्रदाता के रूप में डॉ. स्वामी शिव स्वरूपानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ज्योतिष विद्या विज्ञान है,इसे समझने की आवश्यकता है। ब्राह्मण ज्योतिषियों का मुख्य कर्तव्य है कि विद्या पढ़ना व पढ़ाना, यज्ञ करना व करना इसी तरह दान लेना व देना है,विप्र ज्योतिषी को विद्या का देना ही मुख्य कर्तव्य है। अतःदेश के उत्थान व विकास में विप्र समाज का बड़ा योगदान है। स्वामी जी ने इस मौके पर सनातन धर्म की व्याख्या की। मीडिया प्रभारी के.के. तिवाड़ी ने बताया कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश गौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री, राष्ट्रीय महासचिव आचार्य पंडित ओपी शास्त्री व राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य सुरेश शर्मा ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मंचासीन ज्योतिषाचार्य पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी जोधपुर,प्रो.आनंद पुरोहित जयपुर,गिरधारी लाल माहेश्वरी सरपंच बोरानाडा विशिष्ट अतिथि रहें। राज ज्योतिषी पंडित अभिषेक जोशी,डॉ.भैरू प्रकाश दाधीच,डॉ. शंकर सिंह राजपुरोहित, डॉ.विनायक पुलह, डॉ.पंडित रोहित पंत, डॉ. पुष्पदत्त दवे,आचार्य नरहरी प्रसाद, शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी,रामलाचार्य दिनेश प्रेम शर्मा,पंडित रमाकांत शास्त्री सहित ज्योतिष के मूर्धन्य विद्वान व पंचांगकर्ताओं ने ज्योतिष के विविध विषयों पर सारगर्भित व्याख्यान दिए। आचार्य कृष्ण कुमार शर्मा,तरुणा शास्त्री,सुधा शर्मा,राकेश परिहार,अजय आर्य, सुरेन्द्र गौड़,नितिन गौड़ ने का विशेष योगदान रहा।

निःशुल्क परामर्श

कार्यक्रम में इस दिन प्रथम सत्र में काल गणना नवसंवत्सर पंचांग पूजन हुआ।तथा द्वितीय सत्र में ज्योतिष व्याख्यान व विद्वत सम्मान हुआ। संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. नरोत्तम पुजारी व बजरंगलाल शर्मा,कार्षनि डॉ.भरत महाराज के सानिध्य में इस अवसर पर देश के मूर्धन्य ज्योतिष विद्वान, वास्तु, धर्म,अंक शास्त्र, टैरो, रमल आदि विद्याओं पर व्याख्यान दिए। सायं 5 बजे से जनता को निःशुल्क ज्योतिष परामर्श दिया। शिविर में सैकड़ों जातकों का भाग्य पढ़ा। इस मौके देश के 100 से अधिक मूर्धन्य विद्वानों को सूर्य नगरी ज्योतिष गौरव सम्मान में संस्था ने शॉल,स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र,दुपट्टा,पुस्तके व पंचांग भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के जम्मू कश्मीर प्रभारी डॉ.चंद्र मौली रैना को ज्योतिष कार्यों में उत्कृष्ट कार्य,लेखन प्रकाशन में सराहनीय सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया।

विधानसभा जालोर की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पुस्तिका का विमोचन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जालोर। राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर में जालोर विधानसभा में गत 1 वर्ष में हुए विकास कार्यों व उपलब्धियों पर आधारित विधानसभा जालोर की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पुस्तक का विमोचन किया। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गत 1 वर्ष में जालोर विधानसभा में विभिन्न विकास के कार्य कराए गए हैं, जिसका विभागवार ब्यौरा विधानसभा जालोर की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पुस्तिका में किया गया हैं। इस पुस्तक के माध्यम से आमजन को विगत 1 वर्ष में जालोर विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी मिल सकेंगी। विमोचन के दौरान भवानी सिंह धाँधिया, बजरंग लाल जांगिड़, कैलाश सिंह मेड़तिया, शिवकुमार खीचड़ व अनिल कुमार सोनी उपस्थित रहे।

विश्व क्षय रोग दिवस

राउमावि बिशनगढ़ में कार्यक्रम

जालोर। नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिशनगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मोहन गोरा ने विद्यार्थियों को क्षय रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिक्षक धर्मसिंह मीणा ने टीबी उन्मूलन में जागरूकता की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें अनिल ने प्रथम, अंजू कुमारी ने द्वितीय व पूजा कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के प्रति जागरूक किया गया। जल संरक्षण की कड़ी में पेड़ों की महत्ता को रेखांकित करते हुए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को बैग वितरित किए गए।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची में लिंगानुपात सुधार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जालोर। भारत निर्वाचन आयोग आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं इसमें शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता नियुक्त करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार राजनीतिक दल के संबंधित पदाधिकारी बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करते हुए उनकी सूचना ईआरओ के माध्यम से भिजवायें ताकि उक्त सूचना निर्वाचन विभाग को प्रेषित की जा सकें।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान प्रतिशत में सुधार, मतदाता सूची में लिंगानुपात और मतदाता जनसंख्या अनुपात में सुधार के लिए भी चर्चा की गई। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चुनाव प्रक्रिया में सुधार हेतु सुझाव और उनसे जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी, दिशा-निर्देश से अवगत करवाते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि वे मतदाता सूची को अद्यतन करते हुए त्रुटि रहित बनाने में सहयोग करें। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं ताकि कोई भी पात्र मतदाता बनने से वंचित न रहे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न सुझाव देते हुए अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

इस अवसर पर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चैधरी, चुनाव शाखा के नायब तहसीलदार राजेश व्यास, भारतीय जनता पार्टी के रवि सोलंकी, केशव व्यास व सुरेश सोलंकी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के रमेश सोलंकी उपस्थित रहे।

पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन

रानीवाड़ा। ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज परावा पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई,कार्यक्रम अध्यक्ष मंगलाराम विश्नोई, अधिष्ठाता कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, विशिष्ट अतिथि प्रो.रामप्रताप सारण सहायक आचार्य प्राणिशास्त्र जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, डॉ. अनुराग चौधरी सहायक आचार्य रसायन शास्त्र जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, प्रो. अर्जुनसिंह सांखला प्राचार्य लक्की इंस्टीट्यूट जोधपुर, डॉ.जगदीश विश्नोई निदेशक मां वॉकल मालाणी एजुकेशन ग्रुप चैहटन, महाविद्यालय अध्यक्ष हरिष साहु, मैनेजिंग डारेक्टर मालाराम साहु, निदेशक डॉ. भागीरथ बिश्नोई एवं कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सुनीता के द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया। प्राचार्य डॉ.सुनीता ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथियों, अतिथिगण व प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि सुखराम विश्नोई ने कहा कि शिक्षक का विचार सकारात्मक होना चाहिए और अध्ययन का मतलब केवल सरकारी नौकरी पाना ही नहीं है, बल्कि सभ्य जीवन यापन के लिए भी शिक्षा आवश्यक है।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक

परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण : कलेक्टर

जालोर। जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए परिवादियों को राहत प्रदान करें।

जिला कलेक्टर ने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के संतुष्टिपूर्वक समाधान करने के उपरांत परिवादियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लेने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंगारिया, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चैधरी सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

शहीद दिवस पर ऐतिहासिक श्रद्धांजलि

51 स्क्वायर फीट भारत का नक्शा बनाकर किए 11000 दीपदान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। शहीद दिवस एवं अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की पुण्यतिथि पर 51 स्क्वायर फीट भारत के नक्शे पर 11000 दीपक जलाकर रानीवाड़ा नगरवासियों द्वारा सेवाडिया महंत रतनभारतीजी महाराज के सानिध्य में वीर सपूतों को ऐतिहासिक भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। बता दें कि मां भारती के कई सपूतों ने अपना बलिदान देकर हमारे देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया था, उनमें से यह तीन सपूत भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव ने माँ भारती को आजादी दिलाने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। भारत मां के इन वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए पूरा रानीवाड़ा उमड़ पड़ा। श्रद्धांजलि देते समय सभी की आंखें नम थी। बता दें कि यह श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम रानीवाड़ा शहर के न्यू गोल्डन एजुकेशन सेन्टर के पीछे स्थित मैदान में रखा गया था। श्रद्धांजलि सभा का विसर्जन देशभक्ति नारों के साथ किया गया, जिसमें सभी ने एक स्वर में भारत माता की जय एवं शहीद अमर रहे का उद्घोष किया। इस दौरान मंजीराम चौधरी, बसंत प्रजापत, महेन्द्र देवासी, चेतन प्रजापत, परीक्षित पाण्डे, महेश रामदेव, महेन्द्र प्रजापत, दिनेश वैष्णव, लीलादेवी, कमलादेवी, प्रेमचंद गोयल, करनाराम प्रजापत, जयंतिलाल घाँची, रमेश कुमार, जोइताराम चौधरी, झालाराम परिहार, कृष्ण चौहान,मांगीलाल परिहार , पुर्व सरपंच पुनमाराम देवासी, मंजीत देवासी, सांवलाराम देवासी, दलपतसिंह, रामलाल विश्नोई, चन्दन सिंह सोलंकी, जगदीश जोशी, गुमान सिंह, केसाराम देवासी, देवाराम मोदी, अरविन्द माली, मोहन माली, प्रकाश देवासी सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक बंधुओं ने भाग लिया।

राजस्थान दिवस: जालोर क्लब में महिला सम्मेलन आज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जालोर। राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 25 मार्च, मंगलवार को महिला सम्मेलन जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जालोर क्लब में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के समन्वय से मिनट टू मिनट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में महिला एवं बाल विकास विभाग की लाड़ो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थी को डी.बी.टी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण, अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने हेतु दिशा निर्देश जारी करना।

पंचायती राज विभाग द्वारा बर्तन बैक योजना के दिशा निर्देश जारी करने। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सोलर दीदी हेतु दिशा निर्देश जारी करना, महिला समूहों को सी आई एफ राशि का हस्तांतरण, ऊर्जा विभाग/आर.आर.ई.सी द्वारा 5000 महिलाओं को इंडक्शन कूक टॉप के वितरण, कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा कालीबाई भील योजनांतर्गत स्कूटी वितरण, विवेकानंद स्कॉलरशिप के चयन पत्र वितरण, स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा गार्गी पुरस्कार योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना (31790 बालिकाओं को 13.16करोड़ का डी.बी.टी) का हस्तांतरण साथ ही कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जिलों के लाभार्थियों से संवाद भी किया जाएगा।

विराट नवधारा पथ संचलन दो अप्रेल को

भीनमाल। महाकवि माघ की धरती भीनमाल नगर एक बार राष्ट्र सेविका समिति के पथ संचलन की संघ ध्वनि से गूंजायमान होने जा रहा हैं।आगामी 2 अप्रैल की सुनहरी संध्या पर "नवधारा पथ संचलन" कार्यक्रम का आगाज़, शाम 4:30 बजे एकत्रीकरण के रूप में होगा और शाम 5:00 बजे राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह तरूणी प्रमुख और मुख्य वक्ता, 'सुश्री राजल सोनी' सेविकाओं को संचलन के लिए प्रेरित व स्पंदित करने के लिए बौद्धिक वक्तव्य देंगी।

जालोर में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

जालोर। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सांचौर तहसील के पीर की जाल प्रतापपुरा में स्थित दरगाह पीर अब्बनशाह के 31 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित होने वाले वार्षिक उर्स मेले की तैयारी शुरु कर दी है। मेले के दौरान कानून व्यवस्था व लोक-शांति बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट सांचौर को मेला मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार

अब सरस डेयरी में होगी निःशुल्क घी-दूध की जांच

रानीवाड़ा। राज्य सरकार कि मंशा अनुसार खाद्य पदार्थों और दूध एवं दूध से बने उत्पादों में मिलावट को जड़ से समाप्त करने और आमजन को शुद्व एवं पौष्टिक दूध एवं दूध से बने उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आरसीडीएफ के निर्देशानुसार रानीवाड़ा सरस डेयरी ने घी-दूध की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया है।

प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने बताया कि इससे एक ओर जहां आम उपभोक्ताओं को दूध और दूध बने उत्पादों की गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा होगी वहीं दूसरी ओर मिलावट पर भी प्रभावी रोक लगेगी। गुण नियंत्रण प्रभारी प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि आमजन अपने घर में उपयोग में लाये जा रहे घी-दूध की निःशुल्क जांच करा सकते हैं। घी-दूध खुला हो या पैक्ड और चाहे किसी भी ब्राण्ड का हो आपको बस 50 एमएल कच्चे दूध या घी का सैम्पल रानीवाड़ा डेयरी की लेबोरेट्री में लेकर जाना है जहा अत्याधुनिक मशीनों से निःशुल्क जांच कर आपको घर बैठे जांच परिणाम से अवगत कराया जावेगा। वहीं प्लांट मैनेजर डुंगा राम जीनगर ने बताया कि यह सुविधा सोमवार से ही रानीवाड़ा डेयरी में शुरू हो गई।

तेल की अवैध फैक्ट्री में पैकिंग हो रहा था मिलावटी खाद्य तेल

सांचौर। शहर के रिको क्षेत्र में बिना लाइसेंस अवैध खाद्य तेल की फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में पैंकिग हो रहे तेल को जब्त किया। अलग-अलग ब्रांड के डिब्बों, बोतलों को जब्त कर सांचौर पुलिस ने बड़ी कारवाई की को अंजाम दिया। वहीं घटनास्थल से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। फैक्ट्री स्थल पर अलग- अलग् ब्रांड के स्टीकर लगे तेल के डिब्बे जब्त किये गये। पुलिस ने बताया कि सहायक पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ को मिली सूचना पर हुई कार्रवाई के दौरान माखुपुरा में संचालित हीरा मोती फैक्ट्री पहुंचे । जहां पर अलग- अलग मात्रा में डिब्बों में तेल पैकिंग करते हुए चार युवक मिले, जिनमें रितिक माहेश्वरी, नसीर खांन पुत्र सालारखान, राहूल पुत्र करमाराम गर्ग निवासी अचलपुर, नरपत पुत्र भेराराम रावणा राजपूत निवासी सुराचंद को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। जबकि फैक्ट्री लाइसेंस 1 मार्च को खत्म हो चुका था, इस दौरान फैकट्री में डिब्बे व टैंक में तेल भरा मिला हुआ पाया गया। जिसमें मिलावट व नकली होने की आंशका पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मौका स्थल पर बुलाया कर सैंपल लेकर माल जब्त किया गया।

जालोर में कृषकों के लंबित बीमा क्लेमों का भुगतान शीघ्र : उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री

जालोर। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री श्री के.के. विश्नोई ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि जालोर जिले में कृषकों के लंबित बीमा क्लेमों का भुगतान प्रक्रिया में है। लंबित प्रकरणों का निराकरण कर शीघ्र ही भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से बीमा क्लेम के लिए अपात्र माने गए कृषकों के संबंध में बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों एवं विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विचार किया जाएगा। श्री विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का कृषि मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जालौर जिले में खरीफ में कुल 35 हजार 914 किसानों को 33.64 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम वितरित किये गये। इसी प्रकार रबी में 37 हजार 507 कृषकों को 105.75 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम दिये गए। उन्होंने कहा कि जालौर जिले में रिलायंस जनरल इंश्योरेन्स के माध्यम से कुल 45 करोड़ 70 लाख 33 हजार 982 रुपये के क्लेम के विरुद्ध 43 करोड़ 67 लाख 21 हजार 938 रुपये के क्लेम वितरित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि शेष 2 करोड़ 3 लाख 12 हजार 44 रुपये के शेष रहे क्लेम के भुगतान की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सांचौर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ 2023 में 3217 किसानों को 3.49 करोड़ के उपज आधारित बीमा क्लेम वितरित किये गए। इसी प्रकार रबी 2023-24 में 19 हजार 519 किसानों को 71.71 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम वितरित किये गए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी 2023-24 में विधान सभा क्षेत्र सांचौर में पोस्ट हॉर्वेस्टल के कुल 8705 व्यक्तिगत इंटिमेशन प्राप्त हुये। फसल बीमा योजना प्रावधानों के अनुसार 4305 पात्र कृषकों (कुल प्राप्त इंटिमेशन का 49 प्रतिशत) को राशि 19.08 करोड रू का फसल बीमा क्लेम वितरित किया गया है।

कृषि विभाग को सूचना देना जरूरी

इससे पहले विधायक जीवाराम चौधरी के लिखित जवाब में उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खड़ी फसल में सूखा, लंबी सूखा अवधि, बाढ़, जल प्लावन, कीट एवं व्याधि, भूस्खलन, बिजली गिरने से प्राकृतिक आग, तूफान, ओलावृष्टि के कारण उपज में नुकसान के लिये व्यापक जोखिम बीमा क्षेत्रीय दृष्टिकोण के आधार पर देय होता है। औसत उपज के अनुमान के लिए मुख्य फसलों हेतु पटवार स्तर पर 4 फसल कटाई प्रयोग तथा गौण फसलों के लिये तहसील स्तर पर 16 फसल कटाई प्रयोग प्रति अधिसूचित फसल हेतु आयोजित कराए जाते हैं। फसल कटाई प्रयोगों से प्राप्त औसत उपज की तुलना पूर्व में तय की गई गारंटी उपज से की जाकर बीमा क्लेम की गणना की जाती है। विश्नोई ने कहा कि फसल कटाई के उपरान्त होने वाले नुकसान- फसल कटाई बाद 14 दिवस की अवधि तक खेत में सूखने के लिये काटकर छोडी गयी अधिसूचित फसल को चक्रवात, चक्रवाती वर्षा, बेमौसमी वर्षा तथा ओलावृष्टि से क्षति होने की स्थिति में फसल की क्षति का आकलन व्यक्तिगत बीमित फसल के कृषक के स्तर पर किये जाने का प्रावधान हैं। प्रभावित बीमित फसल के कृषक को घटना घटने के 72 घण्टे में भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्प लाईन 14447, क्रॉप बीमा एप अथवा लिखित में संबंधित वित्तीय संस्थान या कृषि विभाग को सूचना देना जरूरी है।

अब तक 172152 किसानों ने करवाया पंजीकरण

जालोर। एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 172152 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 25 मार्च को काम्बा, भैंसवाड़ा, अजीतपुरा, भूति, गुडा बालोतान, बिठूडा, चरली, गोदन, सांकरणा, ऊण, उम्मेदपुर में, जालोर तहसील में 25 व 26 मार्च को जालोर पंचायत समिति, बागरा, सियाणा, बाकरा रोड़ व माण्डवला, सायला तहसील में 25 मार्च को तुरा, दादाल, देताकलां, कोमता, मेंगलवा, बागोड़ा तहसील में रंगाला, डूंगरवा, भालनी व सेवड़ी, रानीवाड़ा तहसील में तावीदर, वणधर, आजोदर व बडगांव, सांचैर तहसील में 25 व 26 मार्च को कोड़, लाछीवाड़, करावड़ी, कुड़ा व राजीवनगर में शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा। किसानों को इस यूनिक आईडी नंबर के आधार पर पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

मध्य रेल

स्वचालित स्लाडिंग डोर की आपूर्ति

निविदा नोटिस सं.: CWE/MTN/85246596C/2025

विवरण: ईएमयू से आईसीएफ विनिर्देश संख्या आईसीएफ / ईएलईसी/127.आरईवी.01 के लिए मैकेनिज्म और डोर कंट्रोल सहित पूर्ण स्वचालित स्लाइडिंग डोर की आपूर्ति लेकिन सुधार स्लिप-1 और 2 के बिना ड्रॉ. सं. ईएमयु /डीसीएम/एसी-5-8-001/सीओएल-1 के अनुसार, अल्ट ए ओईएम-मे/बिजिंग बोड ट्रान्स्पोर्टेशन इक्विपमेंट कं. लि.। **मात्रा:** 8 सेट्स। **खोलने के लिए नियत तारीख:** 14/04/2025. **निविदा मूल्य:** रु. 61,36,000.00 मध्य रेलवे की अधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से संपूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते है.

उप सीएमएम (सीडब्ल्यूई) माटुंगा 860

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

सुविचार

जीवन में ये भ्रम ना रखें कि वो हमेशा आपके साथ ही रहेंगे। अगर कदर नहीं करोगे तो वो भी चले जाएंगे।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

बेलगाम बोल

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के कॉमेडी वीडियो के कारण शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुंबई में हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान कुणाल कामरा ने बिना नाम लिए महाराष्ट्र के एक राजनेता को 'गद्दार' कहा। जवाब में शिवसेना के सदस्यों ने उस स्थान पर तोड़फोड़ की, जहां कुणाल कामरा का शो रिकॉर्ड किया गया था। इस मामले में कई राजनेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। प्रदेश के मंत्री योगेश कदम ने भी कुणाल कामरा को लताड़ लगाई है। महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने सोमवार को कहा कि उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के ठिकाने का पता लगाया जा रहा है और इस मामले में कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना नेता योगेश कदम ने यह भी कहा कि कानून सबके लिए समान है और वह कामरा की टिप्पणी को लेकर मुंबई में एक स्टूडियो में तोड़फोड़ करने वाले अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की कार्रवाई का भी समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन गृह राज्य मंत्री ने कहा कि शिवसैनिकों के गुस्से को समझना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कुणाल कामरा के ठिकाने का पता लगाया जा रहा है। कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिक्के के दोनों पहलुओं को समझना चाहिए।' मुंबई के खार इलाके में यूनिकॉन्टिनेंटल होटल के हैबिटेट स्टूडियो में अपने प्रदर्शन के दौरान कुणाल ने बिना नाम लिए राजनेता को 'देशद्रोही' कहा था और उन पर एक पैरोडी भी गाई थी। कुणाल कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक हिंदी गाने के मॉडिफाइड वर्जन का इस्तेमाल किया। पुलिस के अनुसार रविवार रात को कई शिवसेना कार्यकर्ता स्टूडियो में गए और कथित तौर पर वहां और होटल में तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने पहले बताया कि मुंबई पुलिस ने सोमवार को एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए कुणाल कामरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिवसेना के पदाधिकारी राहुल कनाल और 11 अन्य को मुंबई के उस होटल में तोड़फोड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जहां कुणाल कामरा ने राजनेता के खिलाफ विवादास्पद 'देशद्रोही' टिप्पणी की थी। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कुणाल कामरा को चेतावनी दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि स्टैंड-अप कॉमेडी करने की आजादी है, लेकिन वह जो चाहे बोल नहीं सकते। महाराष्ट्र की जनता तय कर चुकी है कि गद्दार कौन है। कुणाल कामरा को माफी मांगनी चाहिए। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने कहा कि कॉमेडी करना अधिकार है, लेकिन जान बूझकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है, तो यह ठीक नहीं है।

देश में साइबर ठगों का कहर

हर दिन 7920 लोग ठगी के शिकार

वीना गौतम

रेडियो, फोन, सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों में दिन रात साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए किए जा रहे प्रचार के बावजूद देश में साइबर ठगों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। हाल में वित्त मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में साइबर धोखाधड़ी के पेश आंकड़ों के मुताबिक पिछले दस महीने में यानी अप्रेल 2024 से जनवरी 2025 तक डिजिटल धोखाधड़ी की 24 लाख घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं, जिनमें ठगों ने लोगों से 4245 करोड़ रुपए ठग चुके हैं। इस तरह देखें तो गृह मंत्रालय के युद्ध स्तर पर साइबर धोखाधड़ी के विरूद्ध चलाए जा रहे सजगता अभियान के बावजूद साइबर स्कैमर्स के हौसले बुलंद हैं, जिस कारण इतने प्रचार प्रसार के बावजूद डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में पूरी तरह से रोक आने की बात तो दूर है, जरा भी मामले कम नहीं हो रहे उल्टे लगातार बढ़ रहे हैं। साल 2022-23 में जहां पूरे एक साल में साइबर धोखाधड़ी की कुल 20 लाख घटनाएं दर्ज की गई थीं, वहीं साल 2023-24 में पूरे एक साल में ये घटनाएं बढ़कर 28 लाख हो गईं।

इमेज

साल 2022-23 में जहां कुल 2537 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी, वहीं साल 2023-24 में ठगी का आंकड़ा बढ़कर 4403 करोड़ रुपए हो गया, जबकि इस साल तो अभी दस महीने ही गुजरे हैं और अपराधियों द्वारा ठगी गई रकम 4245 करोड़ रुपए हो चुकी है, जो कि साल 2022-23 के मुकाबले 67 फीसदी अधिक है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गृह मंत्रालय द्वारा हाल में गठित साइबर प्रकोष्ठ की तमाम सक्रियता के बावजूद किस तरह अपराधियों के सिर में डर की जूं तक नहीं रेंग रही। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी निगरानी करने के लिए सेंट्रल पेमेंट्स फ्रॉड इनफॉर्मेशन रजिस्ट्री लागू की है, जिसमें बैंक, नॉन बैंक प्री पेड पेमेंट, इंस्ट्रूमेंट जारीकर्ता और नॉन बैंक क्रेडिट कार्ड कार्यकर्ता धोखाधड़ी की घटनाओं की रिपोर्ट करते हैं। इसका मकसद तत्काल रिपोर्टिंग के जरिये ठगों को धन निकालने से रोकना है और अब तक इस प्रयास के जरिये 13 लाख शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही करके बैंक नेटवर्क ने 4386 करोड़ रुपए बचाये भी हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस, जांच एजेंसियों और बैंकों की साझी सतर्कता के बावजूद धोखेबाजों का कहर इन सब पर भारी पड़ रहा है। आरबीआई ने इस संबंध में आर्टिफिशियल इंटलीजेंस के एक खास टूल 'म्यूल हंटर डॉट एआई' का सहारा ले रही है। इस सबके बावजूद अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सब पर भारी पड़ रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में नेशनल पेमेट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया में यूपीआई लेनदेन की सुरक्षा को भी कई स्तरों तक बढा.दिया है, क्योंकि इस पर भी धोखाधड़ी की घटनाएं किसी भी तरह से घटने की बजाय लगातार बढ़ रही है। हद तो यह है कि साइबर ठगों ने पिछले एक साल के भीतर ठगी के अपने तौर तरीकों में कोई एक दो चार दस या सौ नहीं बल्कि एक हजार से ज्यादा नए तरीकों का इस्तेमाल किया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वास्तव में साइबर अपराधी कितने जुनून और बेखौफ अंदाज में अपनी कारगुजारियों को अंजाम दे रहे हैं। सवाल है आखिर हर तरह की कोशिशों और

सजगताओं के बावजूद साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं किसी भी कीमत पर रूकने की बजाय आखिर बढ़ती ही क्यों जा रही हैं? दरअसल इसमें बैंकिंग सिस्टम में जो लूप होल्स हैं, वो तो हैं ही, उससे कई गुना ज्यादा आम लोग जो डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे बार बार बताने, समझाने के बावजूद लापरवाहियों से बाज नहीं आ रहे। आज की तारीख में डिजिटल डिवाइस इस्तेमाल करने वाला शायद ही कोई इंसान हो, जो दिन में कम से कम चार बार डिजिटल धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए आह्वान करने वाले विज्ञापनों, सलाहों को न सुनता हो। लेकिन विभिन्न रिपोर्टें और लगाए गए डिजिटल अनुमान बताते हैं कि अभी भी ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी तरह के लेनदेन का इस्तेमाल करने वाले 50 फीसदी से ज्यादा लोग न सिर्फ अपने आपके ठगे जाने की चिंता से रहित हैं बल्कि उन्हें इसे जानने, समझने की कोई जरूरत ही नहीं महसूस होती। दिन रात डिजिटल लेनदेन करने वाले कई लोग भी ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति बेहद लापरवाही बरतते हैं और सब कुछ जानने के बावजूद ठगी का शिकार हो जाते हैं। उदाहरण के लिए ऑनलाइन अरेस्ट या डिजिटल अरेस्ट अथवा साइबर अरेस्ट जैसे मसले को ही लें, पिछले एक साल से इस संबंध में हजारों तरह से आगाहकिए जाने की हर संभव कोशिशें हुई हैं। फोन में कोई कॉल आने के पहले ज्यादातर बार लोगों को इरीटेट कर देने वाला यह संदेश बार बार सुनाई देता है, बावजूद इसके सच्चाई यही है कि ज्यादातर लोग इस सबको एक कान से सुनते हैं और दूसरे कान से निकाल देते हैं। ठगों द्वारा बार बार ठगी की अपनी बदली जा रही तकनीक से भी वह पुलिस और जांच एजेंसियों को गच्चा देने में कामयाब हो रहे हैं। मगर इससे भी बड़ी बात यह है कि देश में इतने बड़े पैमाने पर डिजिटल जीवनशैली जीने वाले हमारे देश में ज्यादातर लोगों की डिजिटल साक्षारता 50 फीसदी भी नहीं है। आम लोगों में से शायद ही किसी ने अपनी ऑनलाइन गतिविधियों के लिए कहीं से कुछ सीखा हो। आमतौर पर हमारे यहां लोग कोई भी सीख किसी तरह ठोकरें खाते हुए सीखने की आदत का शिकार हैं और इस डिजिटल साक्षारता के मामले में भी लोग ऐसा ही उदासीन रवैय्या इख्तियार किए हुए हैं, जिस कारण सरकार या संचार माध्यम जितना भी चीख चीखकर लोगों को इस संवेदनशील तकनीक के इस्तेमाल के प्रति आगाह करें, लेकिन लोग तब तक इस सबके प्रति जरा भी सजग होने की जरूरत नहीं समझते, जब तक कि खुद भारी धोखा न उठाएं। यह अकारण नहीं है कि अपने यहां हर घंटे 330 लोग और हर मिनट में करीब 5.5 लोग और लगभग हर 11 सेकंड में कोई न कोई व्यक्ति डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है। ठगी की ऐसी भयानक स्थिति तो किसी भी दौर में नहीं रही, यहां तक कि जब कानून व्यवस्था को चाकचौबंद बनाए रखने के लिए जरूरी पुलिस और खुफियां एजेंसियां नहीं थीं, तब भी किसी भी दौर में इतनी तेज रफ्तार से आपराधिक घटनाएं नहीं घटीं। हैरानी की बात तो यह है कि कोई हैरान करने वाली घटना घटती है और सरकार तथा जांच एजेंसियां उसे आधार बनाकर लोगों को आनन फानन में ऐसी घटनाओं से बचने की ट्रनिंग और टिप्स दे रहे होते हैं, उसी दौरान न सिर्फ वैसी ही बल्कि अगले कुछ दिनों के भीतर ऐसी ही घटनाओं को और भी नये तौर तरीके से चकमा देने वालों की झड़ी लग जाती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस दौर में अपराधी, पुलिस और जांच एजेंसियों के डाल डाल के मुकाबले, सिर्फ पात पात में ही नहीं है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तीव्र है। अतः जरूरी है कि देश में डिजिटल धोखेबाजों और अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सिर्फ सरकारों और पुलिस व जांच एजेंसियों के भरोसे रहना समझदारी नहीं है।

पंचांग

मंगलवार, 25 मार्च 2025

विक्रम संवत्	2081
शक संवत्	1946
ऋतु	वसंत
माह	चैत्र
पक्ष	कृष्ण
तिथि	एकादशी 27.46 तक
वार	मंगलवार
नक्षत्र	श्रवण 27.50 तक
योग	शिव 14.54 तक
करण	बव 16.32 तक
सूर्योदय	06.40 (मुंबई)
सूर्यास्त	06.49 (मुंबई)
सूर्योदय	06.39 (भीनमाल)
सूर्यास्त	06.54 (भीनमाल)
चंद्र राशि	मकर
अभिजित् मुहूर्त	12.20 से 13.09
राहु काल	15.47 से 17.19
व्रत, त्यौहार	पापमोचिनी एकादशी (कोपरा), कुमारयोग 27.46 तक, राजयोग 27.50 प्रारंभ
दिशा शूल	उत्तर

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल

पापमोचिनी एकादशी

हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियां होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है, तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। हिंदू धर्म में कहा गया है कि संसार में उत्पन्न होने वाला कोई भी ऐसा मनुष्य नहीं है, जिससे जाने अनजाने पाप नहीं हुआ हो। पाप एक प्रकार की गलती है, जिसके लिए हमें दंड भोगना होता है। ईश्वरीय विधान के अनुसार पाप के दंड से बचा जा सकता हैं अगर पापमोचिनी एकादशी का व्रत रखें। पुराणों के अनुसार चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी पाप मोचिनी है अर्थात पाप को नष्ट करने वाली। स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने इसे अर्जुन से कहा है। कथा के अनुसार भगवान अर्जुन से कहते हैं, राजा मान्धाता ने एक समय में लोमश ऋषि से जब पूछा कि प्रभु यह बताएं कि मनुष्य जो जाने अनजाने पाप कर्म करता है उससे कैसे मुक्त हो सकता है। राजा मान्धाता के इस प्रश्न के जवाब में लोमश ऋषि ने राजा को एक कहानी सुनाई कि चैत्ररथ नामक सुंदर वन में च्यवन ऋषि के पुत्र मेधावी ऋषि तपस्या में लीन थे। इस वन में एक दिन मंजुघोषा नामक अप्सरा की नजर ऋषि पर पड़ी तो वह उन पर मोहित हो गई और उन्हें अपनी ओर आकर्षित करने हेतु यत्न करने लगी। कामदेव भी उस समय उधर से गुजर रहे थे कि उनकी नजर अप्सरा पर गई और वह उसकी मनोभावना को समझते हुए उसकी सहायता करने लगे। अप्सरा अपने यत्न में सफल हुई और ऋषि काम पीड़ित हो गए। काम के वश में होकर ऋषि शिव की तपस्या का व्रत भूल गए और अप्सरा के साथ रमण करने लगे। कई वर्षों के बाद जब उनकी चेतना जगी तो उन्हें अहसास हुआ कि वह शिव की तपस्या से विरत हो चुके हैं, उन्हें तब उस अप्सरा पर बहुत क्रोध हुआ और तपस्या भंग करने का दोषी जानकर ऋषि ने अप्सरा को श्राप दे दिया कि तुम पिशाचिनी बन जाओ। श्राप से दुःखी होकर वह ऋषि के पैरों पर गिर पड़ी और श्राप से मुक्ति के लिए अनुनय करने लगी। मेधावी ऋषि ने तब उस अप्सरा को विधि सहित चैत्र कृष्ण एकादशी का व्रत करने के लिए कहा।

तारीख विशेष

गणेश शंकर विद्यार्थी

गणेश शंकर विद्यार्थी एक निडर और निष्पक्ष पत्रकार तो थे ही, इसके साथ ही वे एक समाज-सेवी, स्वतंत्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ भी थे। भारत के 'स्वाधीनता संग्राम' में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा था। गणेशशंकर विद्यार्थी भी ऐसे ही पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी कलम की ताकत से अंग्रेज़ी शासन की नींव हिला दी थी। गणेशशंकर विद्यार्थी एक ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जो कलम और वाणी के साथ-साथ महात्मा गांधी के अहिंसक समर्थकों और क्रांतिकारियों को समान रूप से देश की आज़ादी में सक्रिय सहयोग प्रदान करते रहे। गणेशशंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर, 1890 में अपने ननिहाल प्रयाग (इलाहाबाद) में हुआ था। इनके पिता का नाम जयनारायण था। पिता एक स्कूल में अध्यापक के पद पर नियुक्त थे और उर्दू तथा फ़ारसी ख़ूब जानते थे। गणेशशंकर विद्यार्थी की शिक्षा-दीक्षा मुंगावली (ग्वालियर) में हुई थी। पिता के समान ही इन्होंने भी उर्दू-फ़ारसी का अध्ययन किया। गणेश शंकर विद्यार्थी अपनी आर्थिक कठिनाइयों के कारण एण्ट्रेंस तक ही पढ़ सके। किन्तु उनका स्वतंत्र अध्ययन अनवरत चलता ही रहा। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने पत्रकारिता के गुणों को खुद में भली प्रकार से सहेज लिया था। शुरु में गणेश शंकर को सफलता के अनुसार ही एक नौकरी भी मिली थी, लेकिन उनकी अंग्रेज़ अधिकारियों से नहीं पटी, जिस कारण उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। किन्तु उनका स्वतंत्र अध्ययन अनवरत चलता ही रहा। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने पत्रकारिता के गुणों को खुद में भली प्रकार से सहेज लिया था। शुरु में गणेश शंकर जी को सफलता के अनुसार ही एक नौकरी भी मिली थी, लेकिन उनकी अंग्रेज़ अधिकारियों से नहीं पटी, जिस कारण उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। गणेशशंकर विद्यार्थी की मृत्यु कानपुर के हिन्दू-मुस्लिम दंगे में निस्सहायों को बचाते हुए 25 मार्च सन् 1931 ई. में हो गई। विद्यार्थी साम्प्रदायिकता की भेंट चढ़ गए थे। उनका शव अस्पताल की लाशों के मध्य पड़ा मिला। वह इतना फूल गया था कि, उसे पहचानना तक मुश्किल था। नम आंखों से 29 मार्च को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

भारतीय महिलाएं

सुहाग और सुहाग चिह्न

नीलोफर

हमारे यहां लड़की की शादी और उसे दुल्हन के रूप में सजने और देखने का एक विशिष्ट महत्व है। शादी के बाद उसके जीवन में कई बदलाव आते हैं, उसके लिए किए जाने वाला श्रृंगार और उसके सुहाग चिह्न का विशिष्ट महत्व है। नवविवाहित दुल्हन की कलाईयों में सजा लाल चूड़ा या कांच की चूड़ियां, मांग में सजा सिंदूर, माथे पर चमकती बिंदिया, गले में पहना मंगलसूत्र, पांव में सजे बिछुए, पायल, यह सभी सुहाग के वे चिह्न हैं, जो उसे दूसरों से अलग दिखाते हैं। इनमें हर प्रतीक चिह्न की अपनी एक भाषा है। नथ को हिंदू धर्म में सोलह श्रृंगार में से एक माना जाता है, इसके बिना दुल्हन का श्रृंगार अधूरा होता है। इसे सुहाग की निशानी माना जाता है। नथ पहनने से दुल्हन की खूबसूरती तो बढ़ती ही है, उसका श्रृंगार भी इसी से पूर्ण होता है। दुल्हन की नथ को वैवाहिक जीवन में मजबूती लाने वाला माना जाता है। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और घर में बरकत बनी रहती है। उत्तराखंड में महिलाओं द्वारा बड़ी नथ पहनना और नाक में सिंदूर लगाना पिछौड़ हर मौके पर पहनी जाती है। पिछौड़ को शुभ माना जाता है। यह सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही पहनती हैं। इसके बिना पहाड़ी शादियों को अधूरा माना जाता है। पिछौड़ का रंग पीला होता है।

हमारे यहां लड़की की शादी और उसे दुल्हन के रूप में सजने और देखने का एक विशिष्ट महत्व है। शादी के बाद उसके जीवन में कई बदलाव आते हैं, उसके लिए किए जाने वाला श्रृंगार और उसके सुहाग चिह्न का विशिष्ट महत्व है। नवविवाहित दुल्हन की कलाईयों में सजा लाल चूड़ा या कांच की चूड़ियां, मांग में सजा सिंदूर, माथे पर चमकती बिंदिया, गले में पहना मंगलसूत्र, पांव में सजे बिछुए, पायल, यह सभी सुहाग के वे चिह्न हैं, जो उसे दूसरों से अलग दिखाते हैं। इनमें हर प्रतीक चिह्न की अपनी एक भाषा है।

सिंदूर सुहाग का प्रतीक- सिंदूर का विवाहित स्त्री के श्रृंगार में महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए शादी के बाद कुछ समुदायों को छोड़ दें तो सभी महिलाएं मांग में सिंदूर भरती हैं। हमारे शास्त्रों में भी सीता, लक्ष्मी, पार्वती अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए सिंदूर लगाया करती थीं। बंगाल, असम, ओड़िसा, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, इन तमाम राज्यों में शादी के उपरांत मांग भरना बहुत अहमियत रखता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार में चटख केसरिया या लाल सिंदूर होता है। दक्षिण भारत में सिंदूर हल्का हल्दी का आधार लिए होता है, जो गहरे लाल रंग का होता है। उत्तरी भारत में महिलाएं लाल रंग का सिंदूर लगाती हैं। लाल रंग महिलाओं की खुशी, स्वास्थ्य और शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

मांग टीका- मांग को सजाने के लिए सिंदूर का प्रयोग किया जाता है, तो उत्तर भारत के कुछ हिस्सों राजस्थान में सोने या चांदी का बना मांग टीका पहना जाता है। यह एक प्रकार से सिर पर एक प्रेशर प्वाइंट बनाता है, जिसका वैज्ञानिक महत्व होता है। कहते हैं कि यह सूर्य की हानिकारक किरणों से त्वचा को बचाता है।

बिंदी- यूं तो बिंदी कुंवारी लड़कियां भी लगाती हैं, लेकिन विवाहित महिलाओं द्वारा भौंहों के बीच लगाई गई छोटी या बड़ी बिंदी उसके श्रृंगार को पूर्णता प्रदान करती है। धार्मिक शास्त्रों में बिंदी को त्रिनेत्र का प्रतीक माना जाता है।

नथ- नथ को हिंदू धर्म में सोलह श्रृंगार में से एक माना जाता है, इसके बिना दुल्हन का श्रृंगार अधूरा होता है। इसे सुहाग की निशानी माना जाता है। नथ पहनने से दुल्हन की खूबसूरती तो बढ़ती ही है, उसका श्रृंगार भी इसी से पूर्ण होता है। दुल्हन की नथ को वैवाहिक जीवन में मजबूती लाने वाला माना जाता है। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और घर में बरकत बनी रहती है। उत्तराखंड में महिलाओं द्वारा बड़ी नथ पहनना और नाक में सिंदूर लगाना पिछौड़ हर मौके पर पहनी जाती है। पिछौड़ को शुभ माना जाता है। यह सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही पहनती हैं। इसके बिना पहाड़ी शादियों को अधूरा माना जाता है। पिछौड़ का रंग पीला होता है। जिस पर बीच में स्वास्तिक, किनारों पर सूर्य, चंद्रमा, शंख, घंटी के डिजाइन होते हैं। पिछौड़ से ही पता चलता है कि शादी किसकी है। कुमाऊं में हर अवसर पर महिलाएं नथ पहनती हैं। शादी में दुल्हन का मामा सोने की नथ देता है।

मंगलसूत्र- मंगलसूत्र जिसे थाली या दुल्हन का हार कहते हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक या आंध्र प्रदेश में एक छोर पर गोल करके धागे पर पिरोया गया आयातकार हार होता है। भारत में हिंदू विवाह में दूल्हा-दुल्हन के साथ एक लंबे और विवाहित सुखी जीवन के लिए इस पवित्र धागे जिसमें तीन गांठे होती हैं, पहनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि मंगलसूत्र व्यक्ति को जीवंत बनाये रखता है। अधिकांश हिंदू उत्तर भारतीय विवाहों में पहनाया जाता है। क्षेत्र और जाति के अनुसार इसके डिजाइन में परिवर्तन होता है। दक्षिण भारत में जाति या उपजाति के आधार पर इनके आकार, आकृति और सजावट अलग अलग तरह की होती है। 108 महीन सूती धागों से बने मंगलसूत्र को शुभ माना जाता है। विवाह की रस्म के दौरान पुजारी के मंत्रोच्चारण के साथ दूल्हा-दुल्हन के गले में तीन गांठों के साथ मंगलसूत्र बांधता है। यह दोनों परिवारों के मिलन के साथ साथ एक दूसरे के प्रति समर्पण का भी प्रतीक है।

शादी की अंगूठी- ईसाई धर्म में दुल्हन को उल्टे हाथ की रिंग फिंगर में सगाई व शादी की अंगूठी पहनाई जाती है। कई पश्चिमी देशों में शादी की अंगूठी बायें हाथ की चौथी अंगुली में धारण की जाती है। आजकल शादी की अंगूठियां बायें हाथ की चौथी अंगुली पर भी पहनी जाती है। हमारे देश में शादी की अंगूठी अपनी दाहिने हाथ पर पहनी जाती है। माना जाता है कि उस अंगुली में अंगूठी पहनने से पति हमेशा हृदय के करीब रहता है।

बिछुए- बिछुए हिंदू महिलाओं द्वारा विवाह के उपरांत पैरों की दूसरी अंगुली में बिछुए पहनाये जाते हैं। इसे वर वधु दोनों पक्षों की ओर से दिए जाते हैं।

मेहंदी व आलता- सोलहा श्रृंगार में शादीशुदा महिलाओं के लिए मेहंदी व आलते का खासा महत्व है। उत्तर भारत में आलता व मेहंदी पैरों को ठंडक देने के लिए भी लगाई जाती है।

गीता सार

सर्वकर्माणि मनसा संन्यस्यास्ते सुखं वशी।
नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन्॥
न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते॥

हिंदी अर्थ

अंतःकरण को अपने वश में करके, सब कर्मों को मन से त्याग कर, न उन्हें करता हुआ और न करवाते हुए ही, नौ द्वारों वाले शरीर रूपी घर में योगी सुख पूर्वक रहे। आत्मा मनुष्य के न तो कर्तापन की, न कर्मों की और न कर्मफल के संयोग की रचना करता है, किन्तु इसमें स्वभाव ही कारण है।

बोले तो...

लोगों ने 2024 के विधानसभा चुनावों में हमें वोट दिया और समर्थन दिया। जो लोग गद्दार थे, उन्हें लोगों ने घर भेज दिया। जनता ने उन लोगों को उनकी जगह दिखा दी, जिन्होंने हास्य पैदा किया। अपमानजनक बयान को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

- देवेंद्र फडणवीस

मैंने भारत के साथ आर्थिक सहयोग के लिए कई रास्ते तलाशे, लेकिन मौजूदा सरकार मन्नार में अदाणी समूह के साथ अक्षय ऊर्जा परियोजना को आगे बढ़ाने में फेल साबित हुई। अदाणी हरित ऊर्जा परियोजना पर फिर से बातचीत करने के एनपीपी सरकार के प्रयास में कोई तर्क नहीं दिखता।

- रानिल विक्रमसिंघे

आठ साल पहले उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति क्या थी, यह किसी से छिपा नहीं है। पहले किसान आत्महत्या करता था। युवा के सामने पहचान का संकट था। आज प्रदेश वही है, तंत्र वही है, केवल सरकार बदलने से व्यापक बदलाव महसूस किया जा सकता है।

-योगी आदित्यनाथ

कुछ अलग | अजब गजब

कमोड पर होते दो बटन, सब करते इस्तेमाल, आज भी कम लोगों को इसका सही ज्ञान

फ्लश वाले शौचालय में कहीं-कहीं एक बड़ा फ्लश बटन और एक छोटा बटन होता है। हम सभी इनमें से कभी बड़ा तो कभी दोनों बटन एक साथ दबाते हैं। हालांकि बहुत से लोग यह नहीं जानते कि दूसरे यानि छोटे बटन का वास्तविक कार्य क्या है? चाहे वह घर हो, शॉपिंग मॉल हो या आपका कार्यालय हो, आपने दो बटन वाले कमोड पर ध्यान दिया होगा? तो, क्या यह प्रश्न कभी आपके मन में आया है कि आखिर दोनों बटन का अलग-अलग काम क्या होता है? ये सिर्फ प्रेशर के लिए लगाए गए हैं या इनकी अलग-अलग आवश्यकता भी है। आजकल एडवांस बाथरूम सर्विसेज़ पूरे देश में काफी आम हो गई हैं। इसी कारण से, आप अक्सर कुछ शौचालयों पर दो फ्लश बटन देखेंगे। लगभग हर कोई जानता है कि इनमें से किसी एक का उपयोग कैसे किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दूसरे का उपयोग किस लिए किया जाता है? सार्वजनिक जगहों पर आप अलग-अलग तरह के शौचालय देखेंगे। इस शौचालय को फ्लश करने की विधि भी अलग-अलग होती है। आमतौर पर आप कुछ शौचालयों में दो फ्लश बटन देखेंगे, जिनमें से एक छोटा और एक बड़ा होता है। दोहरे फ्लश वाले शौचालय में एक बड़ा फ्लश बटन और एक छोटा बटन होता है। हम सभी इनमें से कभी बड़ा तो कभी दोनों

बटन एक साथ दबाते हैं। हालांकि बहुत से लोग यह नहीं जानते कि दूसरे यानि छोटे बटन का वास्तविक कार्य क्या है? आधुनिक शौचालयों में दो ऐसे फ्लश बटन होते हैं। इनमें से एक बटन निकास वाल्व से जुड़ा हुआ है। बड़े बटन को दबाने पर लगभग 6 लीटर पानी निकलता है, जबकि छोटे बटन को दबाने पर 3 से 4.5 लीटर पानी निकलता है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर किसी घर में एक फ्लश के बजाय दोहरी फ्लश व्यवस्था हो, तो वर्ष भर में लगभग 20,000 लीटर पानी की बचत संभव है। दोहरी फ्लश स्थापनाएं नियमित फ्लश की तुलना में अधिक महंगी होती हैं, लेकिन वे आपका बहुत सारा पानी बचा सकती हैं। जब भी आपको बाथरूम के कमोड पर दो बटन दिखें, तो यह समझ लेने के बाद ही उन पर अपनी उंगली रखें कि आपको कौन सा बटन दबाना है। एक ही समय में दो बटन दबाने की गलती न करें, इससे पानी ज्यादा खर्च हो जाता है।

पाठक पाती

शांति दूत नहीं घाघ नेता मोहम्मद यूनुस

शेख हसीना सरकार के सत्ता पलट के बाद बांग्लादेश की सत्ता को संभालने वाले मोहम्मद यूनुस ने बैंकॉक में होने वाले बीम्सटेक सम्मेलन में मोदी जी से बातचीत की पेशकश की है। बांग्लादेश में सत्ता पलट के बाद जो हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार हुए हैं, मोहम्मद यूनुस सरकार की भी मौन स्वीकृति शामिल है। नोबेल पुरस्कार प्राप्त शेख यूनुस चतुर राज नेता तो नहीं है मगर घाघ मुस्लिम नेता जरूर हैं जो कि बहुत पहले से ही सत्ता पलटने की योजना पर काम कर रहे थे। और सत्ता पैलटते ही बांग्लादेश की बागडोर अपने हाथ में ले ली। वह ऐसे उपाय कर रहे हैं कि बिना चुनाव करवाए ही सत्ता उनके हाथ में बनी रहे। अतः सरकार को भी पहले निचले स्तर के ऑफिसर्स से बातचीत के बाद सकारात्मक परिणाम के बाद ही मोदी के साथ यूनुस की बातचीत का एजेंडा बनाना चाहिए।

- मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

टीबी मुक्त धौलपुर के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सामुदायिक भागीदारी जरूरी : एडीएम मीणा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा ने कहा कि 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। एडीएम मीणा ने सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विश्व क्षयरोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हर संभव मदद करें, ताकि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण की सहायता प्रदान करने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा कहा कि हर साल 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। इस साल की थीम, हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। प्रतिबद्ध, निवेश, उद्धार, आशा, तत्परता और जवाबदेही के लिए एक साहसिक आह्वान है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत विभाग के मापदंडों में खरी उतरने पर जिले की 37 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का दर्जा हासिल किया हैं। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में निक्षय मित्रों की अहम भूमिका रही है। बिना निक्षय मित्र के किसी भी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित नहीं किया जा सकता हैं। इसके चलते जिले में निक्षय मित्र बनाए गए और टीबी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.गोविंद सिंह मीणा ने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान शेष ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए निरंतर जारी रहेगा। इसके लिए टीबी के मरीजों की जांच उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा साथ ही टीबी संबंधित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी, ताकि अन्य ग्राम पंचायतें भी टीबी मुक्त होने के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इस अवसर पर में टीबी से मुक्त हुई जिले की 37 ग्राम पंचायतों प्रशासकों प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह और गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजाखेड़ा ब्लॉक तथा विभाग के 26 सीएचओ, एएनएम , लैब टैक्नीशियन, आशा सहयोगिनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय सिंह, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, डीपीसी टीबी प्रेम सैनी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, तथा विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

जागरूकता और सही इलाज लेकर टीबी से पाई जा सकती है मुक्ति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

फुलेरा। विश्व क्षय रोग दिवस पर उप जिला अस्पताल मे पीएमओ डॉक्टर धर्मेंद्र भामू की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने कहा कि इस खास दिन को मानने के पीछे का उद्देश्य लोगों के बीच टीबी रोग के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि टीबी बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है। सबसे कॉमन फेफड़ों की टीबी है और यह हवा के जरिए एक से दूसरे इंसान में फैलती है। मरीज के खांसने और छींकने के दौरान मुंह व नाक से निकलने वाली बारीक बूंदें इन्हें फैलाती हैं। ऐसे में मरीज के पास बैठकर बात की जाए तो भी इंफेक्शन हो सकता है। फेफड़े के अलावा ब्रेन, यूट्रस, लिवर, किडनी, गले आदि में भी टीबी हो सकती है। टीबी खतरनाक इसलिए है क्योंकि यह शरीर के जिस हिस्से में होती है, सही इलाज न हो तो उसे बेकार कर देती है। कम से कम तीन सप्ताह तक लगातार खांसी आना टीबी का प्रमुख लक्षण है। खांसी के दौरान रक्त के साथ कफ का बनना एक अन्य लक्षण है। ठंड लगना, बुखार, भूख न लगना और वजन कम होना अन्य लक्षण हैं। टीबी के कारण पेट में दर्द, जोड़ों में दर्द व लगातार सिर में दर्द भी हो सकता है। टीबी को नजर अंदाज करने की भूल न करें। डब्ल्यूएचओ के अनुसार टीबी दुनिया में मृत्यु का सबसे घातक और संक्रामक कारणों में से एक है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, इसका इलाज संभव है। समय रहते अगर इस रोग का इलाज करवा लिया जाए तो रोगी पूरी तरह से ठीक हो सकता है। गोष्ठी में पीएमओ डॉ. धर्मेंद्र भामू डॉ.महेश कडेल, डॉ.विकास शर्मा,डॉ अमित शर्मा, डॉक्टर रामबाबू गुर्जर, डॉ मनोज बियानी, डॉक्टर सरोज बासनीवाल, क्षय रोग सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर आशीष पारीक, डॉट्स भवानी वर्मा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रणवीर सिंह, कैलाश वर्मा, पिंकी, रेखा, नवनीत, ताराचंद कुमावत नर्सिंग कर्मी मौजूद थे।

न्यूज ब्रीफ

निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल स्थान रखने वाली विद्यालय व शेरमल सोना देवी चेरीटेबल ट्रस्ट, श्रीडूंगरगढ़ द्वारा रविवार, 23 मार्च 2025 को सेसोमूं स्कूल में निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक किया गया, जिसमें लगभग 188 लोंगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ डॉ. गौरव गोम्बर एवं डॉ. मीनाक्षी गोम्बर ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टी श्रीडूंगरगढ़ निवासी अमेरिका प्रवासी सेवा भावी जगदीश प्रसाद मूंधड़ा ने उपस्थित लोगों को इस शिविर के महत्व और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी एवं ट्रस्टी पद्मा मूंधड़ा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें डॉ. गौरव गोम्बर (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. मीनाक्षी गोम्बर (स्त्री रोग विशेषज्ञा), मारवाड हॉस्पिटल, बीकानेर के डॉ. प्रमोद नारंग (लेप्रोस्कोपिक एवं सर्जरी विशेषज्ञ), तुलसी मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर से डॉ. अमित सेठिया (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ. गौरव सिंघल (दंत रोग विशेषज्ञ), और जी. एन. एम. परमेश्वर भादू शामिल थे। शिविर के समापन पर स्कूल के प्राचार्य सुब्रत कुंडू ने सभी चिकित्सकों, शिविर में आए लोगों और ट्रस्ट के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों को भविष्य में भी जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सेसोमूं प्रबंध समिति के सदस्य महावीर माली, सुभाषचन्द्र शास्त्री, मंजू शास्त्री, रूपचन्द सोनी, रामनिवास बेनिवाल, घनश्याम गौड़, समस्त शिक्षकगण एवं प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

पारंपरिक गौर बनौरे धूमधाम से मनाया

महिलाओं ने गाए पारंपरिक गीत, झूला झूले और गीतों में झूमे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। निकटवर्ती गांव घंटेल के पित्तर जी की ढाणी स्थित त्रिनेत्रयोग धाम में पारंपरिक गौर बनौरे का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। आयोजक डॉ.मनोज योगाचार्य ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख वंदना आर्य के साथ सैंकड़ों महिलाएं लाल चुनरी थीम परिधान में उपस्थित रही। कार्यक्रम प्रभारी योग प्रशिक्षिका विनीता शर्मा के सानिध्य में गौर ईसर की सवारी निकाली गई। इस दौरान योग धाम में स्थित विभिन्न झूलों पर महिलाओं ने गीत गाएं और बुजुर्ग महिलाओं से पुराने परंपरागत गीतों को सुना और सीखा। प्रमुख वंदना आर्य ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं के लिए नियमित दिनचर्या से हटकर ऊर्जा भरने वाले होते है जो उनमे मानसिक ताकत और ऊर्जा भर देता है, त्रिनेत्र योगधाम पर जैविक खेती और पर्यावरण व ईको टूरिज्म के विभिन्न मॉडल देख कर बहुत खुशी हुई। कार्यक्रम में विप्र महिला मंडल,नेचरपार्क नियमित योग से जुड़ी महिलाओं और अन्य ग्रामीण महिलाओं ने कार्यक्रम को बहुत सराहा व अंत में जैविक भोजन के रूप में प्रसाद ग्रहण किया।

महिलाओं ने दशा माता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की

नल-दमयंती की सुनीं कथा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

फुलेरा। महिलाओं ने सनातन रीति रिवाजों के अनुरूप होली के दस दिन बाद मनाएं जाने वाले त्यौहारों के क्रम में दशामाता की कथा सुनकर दशा माता व्रत विधि विधान से पूर्ण किया। शहर में सोमवार को दशा माता का व्रत रखकर महिलाओं ने विधि विधान से पूजा-अर्चना की। प्रातः स्नान आदि से निवृत होने के बाद कच्चा सूत हल्दी में रंगकर पीपल के वृक्ष के पास पहुंची तथा पीपल के दस बिंदिया लगाकर कच्चा सूत लपेट कर पूजा की। वहीं हल्दी से रंगें कच्चे सूत के दस गांठें लगाकर गलें में धारण की महिलाओं ने नल दमयंती की कहानी के माध्यम से बताया कि किस प्रकार अपनी दासी के कहनें पर दमयंती ने दशा माता का व्रत रखकर दस गांठों के धागे वाला सूत बांधा जिसे अज्ञानतावश राजा नल ने तोड़ दिया जिसके बाद उन्हें बहुत ही भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में पुनः श्रद्धा पूर्वक व्रत करने के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ। कस्बे में बड़ी संख्या में महिलाओं ने दशा माता की पूजा कर दस गांठों के हल्दी से रंगे कच्चे सूत के डोरे को धारण कर सुख समृद्धि कि कामना की।

राजस्थानी आधुनिक कविता में नवाचारों का स्वागत करें : कच्छावा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। राजस्थान सरकार के जवाहर कला केंद्र सुजानगढ़ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विजयदान देथा साहित्य उत्सव के राजस्थानी री नुंवी कविता विषयक ओम पुरोहित कागद सत्र में बोलते हुए साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि राजस्थानी आधुनिक कविता में हो रहे नवाचारों का स्वागत करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक विविध साहित्यिक विधाओं से राजस्थानी भाषा में सृजन हो सके। उन्होंने राजस्थानी कविता में उनके प्रयोगों पर पूछे गये सवाल के प्रतित्तर में बताया कि पढ़ने का अभ्यास छूट सा गया है। अतः अब ऐसी रचनाएं रचने की आवश्यकता है जिनको पढ़ने में कुछ सैकेण्ड खर्च होता है मगर उसका प्रभाव घंटो पाठक के मन-मस्तिष्क पर रहता हैं। डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने अपने हाइकु, तांका, चोअखरी, पिरामिड कविता, सेदोका, लघु कविता और गद्य कविताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि कम से कम शब्दों में अपने भावों की अभिव्यक्ति देनी चाहिए। काव्य रचनाओं के अनावश्यक विस्तार से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि छंद मुक्त कविता में भी एक आंतरिक लय होती हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा के लिए जो जैसे काम कर रहा है उसको प्रोत्साहित करना चाहिए।

राजस्थान दिवस पर सप्ताह भर मनाया जाएगा परंपरा, संस्कृति और विकास का महोत्सव

आज पहले दिन महिला सम्मेलन का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। राजस्थान की गौरवशाली धरोहर, वीरता की अनगिनत गाथाओं और सांस्कृतिक वैभव को समर्पित राजस्थान दिवस इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 मार्च को होने वाले राजस्थान दिवस समारोह के उपलक्ष्य में 25 से 31 मार्च तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जो न केवल प्रदेश की संस्कृति और इतिहास को उजागर करेगी, बल्कि विकास, जनकल्याण की संकल्पना को भी दिशा देगी। धौलपुर में राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण की है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने इस आयोजन को भव्य और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सप्ताह भर चलने वाले इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन 25 मार्च को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जहां महिलाओं के अधिकार, स्वरोजगार और सामाजिक उत्थान से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है। इसके बाद 26 मार्च को किसान सम्मेलन में आधुनिक कृषि तकनीकों और किसान हितैषी सरकारी योजनाओं को केंद्र में रखा गया है। प्रदेश की गरीब एवं अंत्योदय योजनाओं को केंद्र में रखते हुए 27 मार्च को एक विशेष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंद लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने और प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए 28 मार्च को सुशासन समारोह का आयोजन होगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रदेश में लागू की जा रही नीतियों और योजनाओं पर चर्चा होगी। इसी कड़ी में 29 मार्च को युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जहां युवाओं को नियुक्ति पत्र इत्यादि का वितरण किया जाएगा। राजस्थान दिवस का मुख्य आकर्षण 30 मार्च को आयोजित होने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें लोकगीत, नृत्य, नाटक और परंपरागत कलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

'बच्चों के सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग की भूमिका अहम'

जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली-2025 का समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट/गाइड जिला मुख्यालय धौलपुर के तत्वावधान में डाइट धौलपुर पर 20 मार्च से 24 मार्च 2025 तक आयोजित हुई जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली-2025 का समापन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना द्वारा किया गया। सी.ओ. स्काउट गजेन्द्र त्यागी ने बताया कि शिविर के चौथे जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली 2025 के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार मंगल रहें। सीओ स्काउट गजेन्द्र त्यागी द्वारा अतिथियों को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि स्काउटिंग बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है जो भावी पीढ़ी को निःस्वार्थ सेवाभावी के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो कि सराहनीय कदम है। स्काउट गाइड संगठन बालक बालिकाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, एकता तथा आपसी भाईचारे की भावना को प्रगाढ़ बनाता है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर ने कहा कि इस संगठन का उद्देश्य राष्ट्र की भावी पीढ़ी को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें समाज का उपयोगी नागरिक बनाना है। इस उद्देश्यो की पूर्ति हेतु समय समय पर कई प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है। मुख्य अतिथियों द्वारा जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली में आयोजित प्रदर्शनी, झॉकी, रंगोली, निबंध, कैम्प फॉयर, फूड प्लाजा, आदि प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेताओं को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

गणगौर पर्व पर चंद्र गौरजा कार्यक्रम का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री एवं युक्ति सामाजिक शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गणगौर पर्व पर चंद्र गौरजा कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सरोज हारित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में गणगौर और ईसर को स्थापित कर महिलाओं द्वारा पूजन किया गया व बनौरा निकला गया। इस दौरान विमला शर्मा, मुन्नी डागा, पल्लवी गौतम, किरण कोठारी, पूनम सोनी ने सुरीले अंदाज में गणगौर के गीतों खिम्पोली म्हारी खिम्पा छाई, म्हारी चंद्र गौरजा, म्हे ईसर थारी साली हां, बाड़ी वाला बाड़ी खोल बाड़ी की किंवाड़ी खोल, ए मोती समदरीए मे निपजे से खूब समां बांधा। कार्यक्रम में लोक नृत्य व बणी ठणी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में उमा वशिष्ट व टिना सैनी संयुक्त रूप से प्रथम रही। शिखा सोनी द्वितीय व रुचिका शर्मा, सोनू शर्मा, नीलम, मुकेश वर्मा, संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। बणी ठणी प्रतियोगिता में बणी ठणी सम्मान संयुक्त रूप से मन्नत सोनी व टिना सैनी को प्रदान किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-ई-2025-44 **दिनांकः** 21.03.2025

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नामः रॉक फॉल प्रोटेक्शन, स्लोप स्टेबिलाइजेशन एंड अदर एंसीलरी वर्क टू प्रोटेक्ट दी रॉक फालिंग इन एट बेतवा ब्रिज एट एप्रोच ऑफ़ बोथ एंड अंडर सीनियर डीईएन/ईस्ट/झाँसी सेक्शन।

अनुमानित लागत (रू): ₹ 9006489.84	अमानत राशिः ₹ 180100.00

निविदा बन्द होने की तिथि: 18.04.2025 at 15:00 hrs.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 06 माह

- निविदा **दिनांक 18.04.2025** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

523/25 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

Letter No:- DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION Dated:- 24.03.2025

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

श्रेणी : पब्लिसिटी	केटलॉग संख्या ADVT-AGRA-24-14	
एसेट्स डिटेल्स	ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय	ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय
आगरा फोर्ट सर्कुलेटिंग एरिया Zone-IInd पर होर्डिंग/यूनिपोल के माध्यम से वाणिज्य प्रचार का ठेका	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:00	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:30
आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन (प्लेटफार्म एवं कॉनकोर्स हॉल) पर LED के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन प्रचार का ठेका	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:10	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:40

नोटः-उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in.** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उर्पयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 529/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना सं.झांसी/उमुसाप्र/2025/01 **दि.: 21.03.2025**

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक सामान्य भंडार डिपो झाँसी निम्नलिखित मदो के लिए ई प्रापण निविदाये आमंत्रित करते है।

निविदा सं. : 51246251	बयाना राशि : ₹ 148430/-

माल का विवरण	मात्रा
Supply, installation & commissioning of Lock Bolt Plant as per Specification (Annexure-A) [**Warranty Period:** 30 Months after the date of delivery] [**Inspection Agency:** TPI, **Stage Insp.:** No, **Stages:** 0] **Item Type:** Goods (supply)	05 Nos.
Post warranty annual maintenance contract for Lock Bolt Plant as per Specification [**Warranty Period:** Months after the date of delivery, **AMC Period:** 5 years, **Rate of Discounting: 8% Start After Year: 2**] [**Inspection Agency:** CONSG, **Stage Insp.:** NA, **Stages:** 0] **Item Type:** AMC	05 Nos.

निविदा खुलने की तिथिः 11.04.2025

नोटः 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निवदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नही की जायगी। वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आई टी एक्ट 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी Class III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरपीएस की वेबसाइट पर पंजीकृत कराये। **3.** निविदा की दरे केवल डिजीटल हस्ताक्षरित फाइनेंसयिल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वितीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 521/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

सामग्रियॉ आपूर्ति हेतु **ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. S/66/024/24-25 तारीखः 20-03-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्ननिखित कार्यो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं:

निविदा संख्या. NJ245635B

बंद/खुलने की तारीखः 10-04-2025

संक्षिप्त विवरणः एसआईपी कमप्लिट अनुसार उल्लेखित डिटेकशन पॉयंट एवं ट्रैक खंड हेतु, प्रत्येक ट्रैक डिवाइस एवं कार्ड जैसेः एक्सले डिटेक्टर्स, ट्रैक साइड इलैक्ट्रॉनिक्स/डिएसी फिल्ड यूनिट, सेट्रल इवाल्यूएटर के साथ केबल एवं समस्त साजो-सामान सहित (सिस्टम के साथ आपूर्ति की गई एक पूर्व निर्मित रेक पर सेंट्रल इवाल्यूवेटर यूनिट रहना होगा) मल्टि सेकशन डिजीटल एक्सले काउंटर की (एमएसडीएसी) आपूर्ति, परिवहन, स्थापन, वायारिंग, परीक्षण एवं कमिशनिंग। आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 वीईआर.3 याफिर अनंतिम और ओईएम/निर्माता का स्पेसिफिकेशन अनुसार विभिन्न डिटेकशन पॉयंट एवं ट्रैक खंडों के लिए आवश्यक होने वाले रिसेट यूनिट, रिले यूनिट, इवेंट लॉगर एवं डायागनस्टिक टर्मिनल आदि (प्रति डीपी - संख्या)। कनसाइनीः एसएसई/एसआईसी/न्यू जलपाईगुड़ी, एनएफआर। **परिमाणः** 12 संख्यक।

टिप्पणीः निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण **(www.ireps.gov.in)** वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशिय बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं। अगर वे इसी बीच **आईआरईपीएस** वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे **आईआरईपीएस** में पंजीयनकृत नहीं है, तो भारत सरकार के आईटी एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास- III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, न्यू जलपाईगुड़ी

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"

सुहागिनों ने दशा माता का व्रत रख परिवार के लिए मांगी सुख-समृद्धि

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। शहर में हाउसिंग बोर्ड के नागेश्वर महादेव मंदिर में सुहागिनों ने दशा माता का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि-विधान से दशा माता का पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की । नागेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी भंवरलाल रावल ने बताया कि सोमवार को श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर पीपल वृक्ष के नीचे एकत्र हुईं। उन्होंने पीपल वृक्ष की दस बार परि' मा कर कच्चे सूत का धागा पीपल वृक्ष पर बांध कर पूजन किया। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर कुमकुम, मेहंदी और हल्दी अर्पित की, साथ ही चुनरी ओढ़ाकर आटे व हल्दी से बनी सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की। रावल ने बताया कि पूजन के उपरांत आरती कर चावल लापसी का भोग लगाकर नारियल अर्पित किया। इस दौरान महिलाओं ने पूजन के बाद माता रानी की कथा सुनी और दशा माता का धागा 10 गांठ लगाकर अपने गले में बांध माता से परिवार में सुख शांति समृद्धि की कामना की । मंदिर के पूजारी भंवरलाल रावल बताते है कि ऐसा माना जाता है कि दशा माता का पीपल के पेड़ में वास होता है। इसलिए महिलाएं पीपल के पेड़ की पूजा करती हैं। होली से दशमी तक यह व्रत रखने वाली महिलाएं हर दिन मंदिर जाकर देवी की पूजा करती है। इसके बाद दशमी के दिन दशा माता की पूजा की जाती है और उन्हें नए वस्त्र पहनाकर भोग लगाया जाता है।

जेकेपुरम। लोडर कॉलोनी में महिलाओं ने दशा माता का व्रत पूजन बड़ी श्रद्धा से मनाया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दशा माता को मां पार्वती का स्वरूप माना जाता है। घर-परिवार के बिगड़े ग्रहों की दशा और परिस्थितियों को अनुकूल बनाने के लिए यह व्रत किया जाता है। सनातन धर्म की महिलाएं इस दिन विशेष तैयारी करती हैं। वे स्नान कर नए वस्त्र और आभूषण धारण करती हैं। सुबह की शुभ वेला में महिलाएं पीपल के पूजन स्थल पर एकत्रित हुईं। उन्होंने विधिवत रूप

से पीपल और पंथवारी का पूजन किया। इसके बाद निश्चित कथा स्थल पर सभी ने कथा का श्रवण किया। परिवार में सुख-समृद्धि, शांति, सौभाग्य और धन-संपत्ति की प्राप्ति के लिए महिलाएं गले में एक विशेष धागा पहनती हैं। अंत में सभी ने घर में दशा माता का पूजन कर व्रत का उद्यापन किया।

होली स्नेह मिलन समारोह, चंग की थाप पर नृत्य किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

शिवगंज। एक निजी फार्म हाउस में लायंस क्लब एवं महावीर इंटरनेशनल का होली स्नेह मिलन समारोह मुख्य अतिथि क्षितिज मेवाड़ा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण चंग पर नृत्य , फूलों से होली, अंताक्षरी, खेलकूद एवं मनोरंजक कार्यक्रम थे। अंत में स्नेह भोज हुआ। लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, जॉन चेयर पर्सन पंकज अग्रवाल, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष माधव दत्त दवे, सचिव पंकज घोड़ावत, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, संयोजक रजत महेश्वरी, योगेश अग्रवाल, योगेश पटवा, सीए मुकेश परमार, हीरालाल पालीवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महिलाओं एवं बच्चों में भी काफी उत्साह दिखा, एवं शहर के नागरिक भी उपस्थित रहे। अनिल जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मंडार को पंचायत समिति बनाने की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मंडार। राज्य सरकार के कैबिनेट बैठक के फैसले अनुसार ग्राम पंचायत के पुनर्गठन करके 25 ग्राम पंचायत को मिलकर पंचायत समिति बनाई जाएगी। जिस पर मंडार क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उप तहसीलदार को ज्ञापन देकर मंडार गांव को पंचायत समिति बनाने की मांग की इस अवसर पर बुनकर ने बताया कि मंडार गांव सिरोही जिले का सबसे बड़ा कस्बा है। आबादी में भौगोलिक दृष्टि जालौर गुजरात की सीमा व व्यापार का केंद्र बिंदु है। मंडार को पंचायत समिति बनाई जाती है तो क्षेत्र के लोगों को अपने सरकारी कार्य में बहुत ही सुविधा रहेगी। पुनःगठन से ग्राम मंडार को पंचायत समिति बनाना प्रस्तावित था। मण्डार को पंचायत समिति बनने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी की लहर छा गई थीं। ग्रामीणो को अब जानकारी मिल रही है कि मंडार में जो पचायत समित्ति बनने वाली थी उसको अनादरा ले जाने की चर्चा सुनने में आ रही है जिसका हम समस्त उपखण्ड क्षेत्र मण्डार के ग्रामीण विरोध करते है। यदि मण्डार को पंचायत समिति नहीं बनाने पर हम सभी ग्रामीणों को धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर अजय कुमार टांक, करसन भाई पंचाल, मोंटू सोनी, परेश कुमार पंचाल रमेश पुरोहित समेत दर्जनों ग्रामीण जन उपस्थित थे।

मनाएंगे संत लिखमीदास महाराज मंदिर की वर्षगांठ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

शिवगंज। लिखमीदास मन्दिर प्रतिष्ठा की 61 वीं वर्षगांठ पर वार्षिक मेला एवं माली समाज सम्मेलन 10 मई को आयोजित किया जा रहा हैं।नगर के माली बहुल गोकुलवाड़ी कॉलोनी स्थित धर्मशाला में माली समाज के धर्म गुरु संत लिखमीदास महाराज का मन्दिर राजस्थान में पहला व सबसे पुराना हैं। ग्यारह परगनों की ओर से 61वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाने की तैयारियों की रुपरेखा पर चर्चा करने के लिए माली समाज सेवा संस्थान शिवगंज की आवश्यक बैठक गोकुलवाड़ी धर्मशाला प्रांगण में रविवार की रात्रि को आहूत की गई।

मेल व सम्मेलन को लेकर रूपरेखा तय

संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल मंडोरा परिहार की अध्यक्षता में रखी गई बैठक में मेला व सम्मेलन के भव्य आयोजन की व्यापक तैयारियों के निमित्त एवं आमंत्रण पत्रिका छपवाने,दो दिन 8 व 9 मई को भजन संध्या का आयोजन करने, भोजन प्रसादी में संशोधन करने,प्रति परिवार वार्षिक शुल्क आगामी वर्ष से दुगुना करने,बाहर से आये स्वजाति परिवारों को आधार कार्ड व जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर संस्थान से जोड़ने, स्वजाति भामाशाहों व लाभार्थी परिवारों का सम्मान मेले में सम्मेलन की बजाय पूर्व संध्या पर आयोजित भजन संध्या के दौरान करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में संस्थान के अध्यक्ष एवं कमेटी में शामिल किए गए सदस्यों के अलावा मुख्य रूप से मोहनलाल गहलोत, दिलीप टांक, प्रकाश परिहार, चुन्नीलाल परिहार, छगनलाल परिहार, ओमप्रकाश भाटी, मनसुख परिहार, किशोर परिहार, डॉ.भरत चौहान, शंकरलाल भाटी माली नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र परिहार, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र परिहार, महेश टांक, चम्पालाल परिहार, पूर्व पार्षद अल्पेश गहलोत, रमेश परिहार, रणजीत चौहान सहित अनेक सदस्यों ने उपस्थिति देकर चर्चा में भाग लेते हुए प्रस्तावों पर अपनी सहमति जताई।

महामंडलेश्वर हितेश्वरानंद सरस्वती का किया अभिनंदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पिण्डवाड़ा। महामंडलेश्वर हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज के पिंडवाड़ा पहुंचने पर क्षेत्र वासियों जगह- जगह स्वागत अभिनंदन किया। जिसमें मालेरा टोल से यात्रा प्रारम्भ की यह यात्रा नगर में प्रवेश के साथ ही स्वागत समारोह प्रारम्भ हो गया। नगर के मुख्य मार्गो में स्वागत हुआ। जिसमे उरिया अरठ, काशी बाबा मंदिर, सदर बाजार, महालक्ष्मी मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर सहित कई जगहों पर स्वागत अभिनंदन किया गया व नगर के सनातन धर्म के संगठनों विप्र नवयुवक मंडल, विश्व हिन्दू परिषद, शक्ति माता ट्रस्ट, द्वारकाधीश भक्तमण्डल सहित सभी ने स्वागत अभिनंदन किया। महालक्ष्मी मंदिर पहुंचने पर महालक्ष्मी के दर्शन कर विश्व कल्याण की कामना की। श्रीमाली ब्राह्मण समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वस्तिवाचन कर माल्यार्पण किया व दुशाला पहनाई । इस अवसर पर कांतिलाल दवे, पवन व्यास,अर्जुन दवे, अर्जुन ओझा, हनुमान प्रसाद ओझा, इंद्र व्यास, रवि व्यास, धीरज ओझा, नीलेश व्यास, पंकज दवे, विक्रांत ओझा, रोहित व्यास, पुजारी निखिल ओझा, यश व्यास, नकुल ओझा, रजत ओझा, अनुराग दवे, प्रथम व्यास, निर्मल ओझा श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज के सदस्य, महाकाल सेना जिलाध्यक्ष यश रावल व महाकाल सेना की टीम श्रीमाली महिला मंडल व नवयुवक मण्डल सहित नगर के सभी भक्तजन उपस्थित रहे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक यश व्यास व नकुल ओझा ने दी।

स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

झाड़ोली पी। सिवेरा में स्वास्थ्य जांच शिविर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर की ओर से स्व. बाबूलाल पालीवाल पुत्र स्व. अचल दास पालीवाल पूर्व सरपंच की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 250 मरीजों ने ओपीडी जांच करवाकर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की और 50 मरीज जो विभिन्न बिमारियों की जांच एव इलाज के लिए पेसिफिक हॉस्पिटल भीलो का बेड़ला उदयपुर भेजा। जिनका वहां पर संपूर्ण इलाज और रहने व खाने की सुविधा बिल्कुल मुफ्त रहेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य किरण पुरोहित और नरेश राजपुरोहित का सान्निध्य रहा। कार्यक्रम में सरपंच कन्हैयालाल मीना, पूर्व सरपंच ताराराम पालीवाल, प्रधानाचार्य बाबूलाल मीना, उप सरपंच मोकाराम मीना, समाज सेवी मनोज पालीवाल, निमेश पालीवाल, हरमत सिंह , राकेश राव, डूंगर दास, नारायण दास, मुकेश पालीवाल, देवाराम राठौड़ सहित कई जने मौजूद थे।

युवा उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की ओर से विश्वकर्मा कौशल केंद्र बरलूट में उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आई टी आई बरलूट के छात्रों एवं स्थानीय युवाओं को राज्य सरकार की स्वरोजगार से सम्बंधित योजनाओं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्य म योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुंभारम्भ संस्थान की निदेशक डॉ. सुनीता जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के सहायक आयुक्त अनंत आर्य ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना विशेष तौर पर अनुसूचितजाति/ जनजाति वर्ग को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लागू की गई

है। इस योजना में लाभार्थी को 25 लाख रुपए तक मार्जिनमनी सब्सिडी और 9 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान परियोजना अनुसार देय होगा। इस योजना द्वारा जिले में बेकरी उद्योग, टैक्सी सर्विस, आयल मिल जैसे उद्योगों की सफल स्थापना हुई है। इसी के साथ राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना की भी घोषणा की है, जिसमे युवा उद्यमियों को ब्याज और मार्जिनमनी अनुदान दिया जाएगा। विश्वकर्मा कौशल विकास केंद्र के प्राचार्य भरत परमार ने युवाओं को सरकार की स्वरोजगार योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया और जिले में उद्योगों की संभावनाओ पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विवेक रावल, दिलीप कुमार, कृष्णा कुमार मीना, नरेश दवे सहित अधिक स्थानीय युवाओं ने भाग लिया।

अपनी रेसिपी खुद बनाएं, जानकारी दी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

रेवदर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वासन में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा संचालित हेल्दी स्कूल प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित अपनी रेसिपी खुद बनाएं गतिविधि के माध्यम से बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, शारीरिक सि यता पर विशेष फोकस रखना और जंक फूड, फास्ट फूड आदि से होने वाली बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा आदि बीमारियों के बारे में फील्ड कोऑर्डिनेटर अर्जुन मेघवाल सोरडा ने जानकारी दी। जिससे हम सभी स्वस्थ और निरोगी रहेंगे। अंत में संस्था प्रधान हितेश कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक निशांत, अध्यापक छगनलाल रोहिन, पंचायत शिक्षक नरेश अग्रवाल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

नया सानवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से संगोष्ठी, प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से पिंडवाड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत परिसर, नया सानवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के खाता खोलने की प्रि या व पात्रता एंव संविधान के 75 वर्ष पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर जानकारी प्रदान की। राज्य स्तरीय सम्मानित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भीक सिंह भाटी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण के लिए होने वाले दुष्परिणाम पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया व विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जीतू रावल, कनिष्ठ सहायक मंसाराम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

वार्षिकोत्सव आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही का वार्षिकोत्सव कार्य म ज्ञान 2025 का आयोजन विद्यालय परिसर में मंगलवार को किया जाएगा। प्रधानाचार्य राजेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि वार्षिकोत्सव 'ज्ञान 2025' कार्यक्रम में राजूगरी महाराज(श्री गणेण आश्रम वाण), साधु योगीकिशोर दास, साधु अमृत वल्लभ दास (अक्षरधाम मंदिर संस्था) मुख्य अतिथि लुम्बाराम चौधरी (सासंद, जालोर-सिरोही), ओटाराम देवासी (पंचायती राज, ग्रामीण विकास आपदा प्रबंधन मंत्री), विशिष्ट अतिथि डॉ.नरेन्द्र सिंह सोलंकी (डॉ.आर्थो. सर्जन, राज.चिकित्सा सिरोही), दलपत राजपुरोहित (व्यवसायी व समाजसेवी), हरिसिंह गहलोत, (मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक,सिरोही), लक्ष्मण सुथार (व्यवसायी व समाजसेवी), पूरणसिंह राठौड़ (समाज सेवी, दहीवा) एवं मुख्य वक्ता महेन्द्र कुमार दवे (सचिव, विद्या भारती जोधपुर प्रान्त) उपस्थित रहेंगे। वार्षिकोत्सव में घोष, सामूहिक नृत्य, साहसिक प्रदर्शन, योग कार्यक्रम, बाल संसद, एंकाकी, प्रसंग एवं गणेण व सरस्वती वंदना,रामायण आधारित गीत व नृत्य होंगे।

मनरेगा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

वास दत्ताणी। महानरेगा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण को लेकर लोकसभा कांग्रेस प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिला चेयरमैन रामाराम कोली ने बताया कि सूरजमल कर्दम स्टेट चेयरमैन राजस्थान अखिल भारतीय असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस के नेता व प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नाम ज्ञापन प्रेषित कर समस्या निस्तारण की मांग की। ज्ञापन में मनरेगा योजना की न्यूनतम मजदूरी समय पर दिलवाने, सिरोही जिले में अखिल भारतीय असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस केकेसी के कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटन करवाने, अर्ध घुमंतु समाज के लोगों को मूलभूत सुविधा दिलवाने तथा आबूरोड क्षेत्र से सटे हुए दत्तानी पंचायत के समस्त गांव जैसे सालोतरा, पिपलिया, नया पिपलिया, पालड़ी खेड़ा, बहादुरपुरा, वास करजिया, मूलिया खेड़ा तथा बिदमिया को टीएसपी क्षेत्र घोषित करवाने की मांग की। इस अवसर पर रामाराम, प्रेम सिंह मीणा राज्य संगठन महासचिव, मोहनलाल गरासिया सिरोही जिला उपाध्यक्ष, अशोककुमार डिंग व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शक्ति माता चौक में गेर नृत्य महोत्सव का समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पिण्डवाड़ा। शक्तिमाता मन्दिर ट्रस्ट के सान्निध्य मे शक्ति माता चौक पर आयोजित गेर महोत्सव कार्यक्रम का रविवार रात्रि को समापन हुआ। जिसमे सातम, आठम, नवम तक लगातार 3 दिवसीय गेर नृत्य का आयोजन हुआ। इस कार्य म मे भाग लेने वाले समस्त भक्तों का एवं सहयोग देने वाले भामाशाह व कमेटी सदस्यों का ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनी ने सभी का धन्यवाद के साथ आभार व्यक्त किया।

संकुलों के संयोजक एवं सहसंयोजक की कार्यशाला का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मंडार। रेवदर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा रेवदर की ओर से महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व विधायक जगसीराम कोली के मुख्य आतिथ्य, शैतान सिंह राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक संघ राष्ट्रीय पाली संभाग के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिला मंत्री डूंगर सिंह देवड़ा एवं भूराराम चौधरी की पर्यवेक्षता तथा उपशाखा अध्यक्ष वीपी सिंह मंडार की अध्यक्षता आयोजन में रही। रेवदर ब्लॉक की 39 संकुलों के संयोजक एवं सहसंयोजक की कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जगसीराम कोली ने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्र एक मात्र संगठन हे जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना पर चलता हे और सामाजिक सरोकार के कार्य करता है। प्रदेश उपाध्यक्ष शैतान सिंह राठौड़ ने संकुल टोली के कार्यों से परिचय करवा के भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार का संदेश दिया । जिला मंत्री डूंगरसिंह ने उपशाखा की समस्याओं का संकलन किया। उपशाखा अध्यक्ष वीपी सिंह मंडार ने बताया संकुल टोली को एक राह पर चलने और निष्पक्षता से कार्य करने का संदेश दिया । इस अवसर पर सेवानिवृत हुए अध्यापक भेराराम संत का संगठन द्वारा बहुमान किया एवं 39 स्कूल संयोजकों ओर 50 सह संयोजकों का सम्मान किया गया । इस अवसर पर भामाशाह लक्ष्मण सिंह राणावत, अजीत सिंह भाटी के साथ रामनिवास मोठसरा, ओमप्रकाश जोशी, मनाराम कोली रावताराम, मुकेश राजपुरोहित, पोपट लाल, मनोज सिंह, ओम प्रकाश दशरथ सिंह, खेतदान, सुखाराम , राजू नाथ, महेंद्र सिंह, मांगाराम, अरविंद सिंह पन्नालाल राव, भेराराम संत, भरतसिंह, सुरेंद्र कुमार, जया जोशी, राधिका, नानु कुमारी सहित कई जने मौजूद थे।

महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर रैली निकालेंगे

तैयारियों को लेकर हुई बैठक, 11 अप्रेल को संयुक्त रूप से मनाएंगे फुले-अंबेडकर जयंती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को सैनी मंदिर झुंझुनूं में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशाल वाहन रैली सैनी मंदिर झुंझुनूं से अंबेडकर पार्क तक जाएगी। संस्था के संरक्षक मुरारी सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गरीबों और पिछड़ों की आवाज उठाने वाले महापुरुषों की जयंती संयुक्त रूप से मनानी चाहिए। क्योंकि इन दोनों महान व्यक्तित्व ने आधुनिक भारत की नींव रखने में अहम योगदान दिया है। जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने माली जनचेतना महारैली की तर्ज पर गांव-गांव और ढाणी ढाणी समाज के अंतिम छोर तक इन महात्माओं के संदेश को पहुंचाने पर जोर दिया तथा वाहन रैली को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। संस्था के विधि सलाहकार होशियार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में वहीं समाज मजबूत होता है। जो समय-समय पर अपनी आवाज उठाता रहता है। महापुरुषों ने अपना पूरा जीवन समाज की भलाई में समर्पित किया। हमें उनके पदचिह्नों पर चलकर उनके संदेशों को आम जन तक पहुंचाना है। इस मौके पर महामंत्री रतनलाल सैनी, माली सैनी समाज संस्था के संगठन मंत्री महेंद्र सैनी, भामाशाह एवं प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, सोशल मीडिया प्रभारी सचिन सैनी, सोशल मीडिया कोर्डिनेटर अमित सैनी, संस्था के झुंझुनूं ब्लॉक संयोजक संदीप सैनी, संगठन मंत्री किशनलाल सैनी, सत्यनारायण हलकारा, कैलाश सैनी पीडब्ल्यूडी, मीडिया प्रभारी नरेश बगड़, राहुल सैनी डूंडलोद सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना है। धन्यवाद के साथ बैठक के समापन की घोषणा की गई।

24वें कला मेले में डीवीएम के अध्यापक जयदीप ने किया धमाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चिड़ावा। ललित कला अकादमी और जवाहर कला केंद्र की सहभागिता से जेकेके के शिल्पग्राम में पांच दिवसीय 24वां कला मेला आयोजित किया गया। जिसमें देशभर के 500 से अधिक कलाकारों ने कलाकृतियां प्रदर्शित की। मेले में डालमिया विद्या मंदिर चिड़ावा के शिक्षक जयदीप दईया की जल रंग पर आधारित कला प्रदर्शनी ने धमाल मचाते हुए सभी का आकर्षित किया।

अजमेर डिस्कॉम प्रबंधन के साथ श्रमिक समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ प्रतिनिधि मंडल की अजमेर डिस्कॉम प्रबंधन के साथ श्रमिक समस्याओं पर चर्चा बैठक सोमवार को अजमेर मुख्यालय पर डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी की अगुवाई में तथा प्रबंध निदेशक केपी वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्रमिक संघ द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र के सभी बिंदुओं पर प्रबंध निदेशक द्वारा विस्तृत सुनवाई समीक्षा की तथा समाधान के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक में स्पॉट बिलिंग में आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करने, विद्युत निगम में हो रहे अंधाधुंध निजीकरण पर रोक लगाने, अनुकंपा पर नियुक्त सहायकों को लिपिक बनाने, टंकण परीक्षा निगम स्तर पर कराने, विद्युत निगम में चिकित्सा राहत की एक ही योजना आरजीएचएस लागू करने, तकनीकी मंत्रालयिक व सूचना सहायकों, लेखाकर्मियों सहित सभी संवर्ग का रिस्ट्रक्चर करने, दो से अधिक संतान होने वंचित पदोन्नति से वंचित कार्मिकों के लिए शैडों पोस्ट सृजन करने, उच्च गुणवत्ता के सेफ्टी डिवाइस सभी तकनीकी कामगारों को उपलब्ध कराने, टेक्नीशियन के री डेजिग्नेशन का लाभ जयपुर डिस्कॉम की तर्ज पर करने, सूचना सहायकों के लिए प्रमोशन चैनल बढ़ाने, वर्ष 2025 की सभी पदोन्नतियां अप्रेल माह में ही जारी करने, पीएसपी से नॉन टीएसपी विकल्प पुन: खोलने, नॉन टीएसपी से संबंधित कार्मिकों को पद स्थापित करने, टेक्नीशियन को जयपुर डिस्कॉम की तर्ज पर री डेजिग्नेशन के लिए विकल्प फिर से खोलने आदि प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में निगम प्रशासन की ओर से निदेशक वित्त एमके गोयल, संयुक्त निदेशक कार्मिक आरके अरोड़ा, उप निदेशक कार्मिक मुकेश गुप्ता, सहायक लेखा अधिकारी दिनेश खंडेलवाल, श्रमिक संघ प्रतिनिधिमंडल की ओर से राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के महामंत्री सुशील कुमार सैन, डिस्कॉम अध्यक्ष हेमराज डांगी, डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी, संयुक्त व्यवस्था परिषद ऊर्जा विभाग के सदस्य सुरेश कुमार शर्मा झुंझुनूं आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

श्री मोक्ष भूमि व गौशाला में बने आजीवन ट्रस्टी पवन कोठारी का अभिनन्दन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। श्री मोक्ष भूमि व गौ सेवा समिति चेरिटेबल ट्रस्ट में आजीवन सदस्यता राशि दो लाख का चैक गौशाला को प्रदान कर पवन कोठरी सुपुत्र मूलचन्द कोठरी सादुलपुर के आजीवन ट्रस्टी बनने पर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर पवन कोठरी ने गौसेवा को सर्वोपरि पुण्य कार्य बताते हुए गौ संरक्षण का दायित्व आवश्यक बताया। इस अवसर पर निश्चल प्रसाद एम (आई.पी.एस.) किशोरीलाल ए.एस.पी. राजगढ़ पुलिस थाना अधिकारी सीआई राजेश सिहाग, हमीरवास पुलिस थाना अधिकारी जयप्रकाश भादू, ट्रस्टीगण चानणमल डोकवेवाला, अमरचन्द कन्दोई, सत्यनारायण डोकवेवाला, समिति अध्यक्ष नन्द किशोर मरोदिया, उप मंत्री मंगतूराम शर्मा दाधीच शिक्षा प्रशासनिक अधिकारी,नन्द कुमार दाहिमा, कृष्ण भोजानिया, दीपचन्द स्वामी, दुष्यन्त शर्मा, मुरारीलाल बैरासरिया,प्रवीण गोयल,गणेश दाधीच, संजय मांजू, कृष्ण दाहिमा, करणी सिंह, उपस्थित रहे। संस्था मंत्री विजय सिंह गहलोत ने सभी का आभार जताया तथा गौशाला में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

नरेश सैनी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। कुरुक्षेत्र प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा पिछले अनेक वर्षों से सेवाभवियों को सम्मानित करने का बीड़ा उठाया हुआ है। इस कड़ी में आज समाज सेवा को समर्पित नरेश सैनी को आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा उन्हें प्रदान किया।

खांडल विप्र समाज महिला मंडल ने गणगौर महोत्सव मनाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

कुचामन सिटी । शहर के बालाजी बाजार स्थित खंडेलवाल भवन में खांडल विप्र समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर महोत्सव 2025 धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर राजस्थानी व राजपूती वेशभूषा में पारंपरिक गीत 'गोर गोर गोमती ईशर पूजे पार्वती' गाकर गणगौर पूजन किया।

महिलाओं ने दी नृत्य प्रस्तुतियां, मिस गणगौर 2025 का हुआ चयन : महिला मंडल की महिलाओं ने गीत-संगीत के साथ नृत्य प्रस्तुतियां दी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर गणगौर पूजन किया और धूमधाम से आयोजन में भाग लिया। बालिकाओं ने आयोजन की व्यवस्थाएं संभाली और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक रंग के वस्त्र धारण कर मिस गणगौर 2025 का चुनाव भी किया।

आपसी सहयोग व संस्कृति को आगे बढ़ाने की अपील : मुख्य अतिथि सावित्री देवी नवहाल ने महिलाओं को गणगौर उत्सव की बधाई देते हुए आपसी सहयोग व सद्भावना बनाए रखने की अपील की। अध्यक्ष भारती पीपलवा ने महिलाओं को भारतीय संस्कृति के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

समाज की महिलाओं की रही विशेष भागीदारी : इस अवसर पर समाज की मीना माटोलिया, मंजू नवहाल, उपाध्यक्षा मीनू रिणवां, सांस्कृतिक मंत्री लक्ष्मी जोशी, शालू नवहाल, सुशीला, अनीता शर्मा, सुमन पीपलवा, गुड्डू गोवला, निर्मला चोटिया, मंजू चोटिया, दु संचला, स्नेहला पीपलवा, कौशल्या पीपलवा, ममता बीलवाल, संगीता चोटिया, अंजली शर्मा, कृतिका चोटिया, कविता माटोलिया, कृष्णा संथला, कमला चौटिया, कंचन सेवदा और सुप्रिया सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

रामनवमी को भगवा वाहन रैली का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

कुचामन सिटी। शहर में राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में 6 अप्रैल को विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल के तत्वावधान में डूंगरी वाले बालाजी मंदिर से विशाल भगवा वाहन रैली का आयोजन होगा।

कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित शीतला माता मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्व हिंदू समाज मौजूद रहा। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश सारडा व बजरंग दल जिला संयोजक योगेश शर्मा ने भगवान श्री राम को दीप प्रज्जवलन कर बैठक की शुरुआत की। प्रखंड मंत्री अनंत तिवाड़ी ने सभी का परिचय करवा कर बैठक को सुचारू रूप से प्रारंभ किया। बजरंग दल प्रखंड संयोजक हर्ष महर्षि ने बताया कि वाहन रैली की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई व 6 अप्रेल को शाम 4 बजे डूंगरी वाले बालाजी से रैली प्रारंभ होकर जो कुचामन के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी तथा वाहन रैली मे मातृ शक्ति की भी भूमिका रहेगी जो अग्रिम पंक्ति में रहेगी व रैली मे रामजी की झांकी के साथ बड़े भगवा ध्वज लहरायेगे तथा डीजे के साथ प्रत्येक वाहन पे ध्वज लगेंगे। बैठक में प्रतीक बंसल, परमेश्वर सोनगरा, अशोक राणा,सौरभ गौड, देसी गुर्जर, रामेश्वर, तरुण सोनी,नेमीचंद कुमावत, कमल गोयर, विशाल चंदेलिया, दुष्यंत, राम सिंह, देवी सिंह, शुभम वर्मा आदि सर्व हिंदू समाज मौजूद रहा।

शहीद दिवस पर शहीदों को किया नमन

सादुलपुर। सिद्धमुख आदर्श प्रजापत धर्मशाला में रविवार को शहीद दिवस मनाया गया। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का त्याग करने वाले शहिद सुखदेव, भगत सिंह, और राजगुरु के बलिदान दिवस पर उनको कोटि-कोटि नमन करने के साथ-साथ स्वर्गीय कामरेड महावीर प्रसाद छापोला को भावभिन्न श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों की फोटो पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम कामरेड नाथूराम छापोला के अध्यक्षता में किया गया।इस मौके पर विधानसभा प्रत्याशी रहे कामरेड निर्मल प्रजापत, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष करतार सिंह टाण्डी, रोहित पूनिया, पवन कुमार सैनी, एडवोकेट कामरेड बिर्जामल राजपुरोहित, रामकुमार सिहाग, डॉक्टर संजय खुडीया,भीमसाना सरपंच राम सिंह कस्वां, कामरेड मोहनलाल शर्मा, बेगराज राजपुरोहित, कामरेड माई चंद बागोरिया, कामरेड राम सिंह, कामरेड कुरड़ाराम दमीवाल, कामरेड नरेंद्र सिंह ढाका, कामरेड छगनलाल चौधरी, कामरेड चिमनाराम, कामरेड पूर्णाराम कामरेड नूर मोहम्मद, दुनीराम छापोला, विनोद कुमार छापोला, संतलाल छापोला, आसपास गांवों से आए किसान ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नवलगढ़। कस्बे के झाझड़ रोड पर स्थित कटेवा फॉर्म हाउस पर रविवार को भाजपा नेता राजेश कटेवा के नेतृत्व में फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ साधु संतों के सानिध्य में हुआ। वहीं कार्यक्रम के दौरान संत चेतननाथ महाराज व नृसिंहदास महाराज का शॉल ओढ़ाकर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। दीप प्रज्जवलन के साथ में फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान बल्ली मोहनवाड़ी व पूजा डोटासरा की ओर से अनेक प्रकार के फाल्गुन धमालों की प्रस्तती दी गई। भाजपा नेता राजेश कटेवा ने कार्यक्रम के आए हुए अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने 51 किलों की पुष्प माला पहनाकर भाजपा नेता राजेश कटेवा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने कहा कि हमारे पारंपरिक खेल, पारंपरिक नृत्व व साजो सामान लुप्त होते जा रहे है। हमें इनको जीवित रखने के लिए इनके दुबारस से शुरू करना होगा। साथ ही कहा कि व्यक्ति को कसरत आवश्यक रूप से करनी चाहिए। जिससे शरीर स्वस्थ्य रहे और मस्त रहे। भाजपा नेता राजेश कटेवा ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम के झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, सीनियर आरएएस राकेश ख्यालिया, सीकर के उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, पूर्व जिला महामंत्री रमेश जलधारी, पूर्व महामंत्री शमसाद खान, रोहिताश्व मेघवाल पूर्व मंडल महामंत्री आदि मौजूद रहे।

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण

मलनि :सारण विभाग

निविदा सूचना क्र. 43/2024-25

आयुक्त, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्रातील 8 कामांकरीता योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून ई-निविदा मागवीत आहे.

कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबत सर्व अटी व शर्तीची माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक 25/03/2025 ते 02/04/2025 रोजी दुपारी 3.00 वाजेपर्यंत उपलब्ध आहेत. निविदा ई-टेंडरींग कार्यप्रणालीद्वारे दि. 02/04/2025 रोजी दुपारी 3.00 वाजेपर्यंत भरता येतील. प्राप्त निविदा दि. 03/04/2025 रोजी सायंकाळी 4.00 वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येईल.

कोणत्याही कारणास्तव एक किंवा सर्व निविदा रद्द करण्याचा अधिकार आयुक्तांनी राखून ठेवला आहे, याबद्दलचा त्यांचा निर्णय अंतिम व सर्व निविदाधारकांना बंधनकारक राहील.

निविदेबाबतची अधिक माहिती www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

जा. क्र. कडोंमपा/जसेवि/मुका/310 सही/-
दिनांक : 24/03/2024 शहर अभियंता,
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका,
कल्याण

सादुलपुर में उल्लेखनीय रहा सिरेकंवरी का संथारा

संथारा संपन्न होने पर विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। महाराणा प्रताप चौक के निकट रहने वाली तेरापंथी जैन श्राविका सिरेकंवरी देवी उर्फ सीरिया बाई बैद का अंतिम संस्कार सोमवार की शाम को जैन विधि पूर्वक किया गया। मोक्ष गमन के लिए जैन धर्म के अनुसार संलेखना संथारा कर देह त्याग करने वाली श्राविका स्व. झूमर मल बैद की धर्मपत्नी एवं सादुलपुर के ही कुंदन मल कोठारी परिवार की बेटी थी। उन्होंने स्वैच्छिक देह त्याग के लिए आचार्य महाश्रमण की आज्ञा मिलने के पश्चात गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को की दोपहर को संथारा व्रत स्वीकार किया था। हालांकि उनके स्वास्थ्य स्थिति नाजुक थी तथा डॉक्टर ने यह कहा था कि उनकी जिंदगी एक या दो दिन की चलेगी मगर त्याग तपोबल के प्रभाव से 93 वर्षीय श्राविका ने संथारे के 56 दिन पूरे करते हुए 57वें दिन तडक़े सवेरे देह त्यागी है। उनके मोक्ष गमन की सूचना मिलते ही सवेरे से ही उनके निवास पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया और लोगों ने अंतिम दर्शन करते हुए अध्यात्म भावना व्यक्त की। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2:00 बजे शुरू हुई जो सबसे पहले सेठिया भवन पहुंची वहां प्रवास कर रही आचार्य महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्य शासनश्री साध्वी विद्यावती एवं सहयोगी साध्वी दिव्य प्रभा, साध्वी सूर्य यशा और साध्वी प्रशस्त प्रभा ने मंगल पाठ सुनाया। उसके बाद बैकुंठ यात्रा गोगाजी मंदिर होते हुए राजगढ़ के मुख्य बाजार और नगर पालिका के रास्ते होते हुए गौशाला मोक्ष भूमि पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए पेयजल आदि की व्यवस्था की मुख्य बाजार में खुद थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग व्यवस्थाओं में जुटे दिखे और उन्होंने भी पुष्पांजलि अर्पित की। संथारा साधिका के पुत्र अभय कुमार, पौत्र अमित, ललित, मनीष व राहुल ने मुखाग्नि दी। मोक्ष यात्रा में तथा मोक्ष भूमि में भी बड़ी संख्या में जैन समाज की श्राविकाएं उपस्थिति रहीं।

कार और बाइक की टक्कर में 18 वर्षीय युवक की मौत

कुचामन सिटी। डीडवाना के पास बालिया रोड पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बालिया निवासी मस्तान पुत्र यूनुस के रूप में हुई। दरअसल, मस्तान अपनी बाइक से बालिया गांव की ओर जा रहा था, तभी बालिया से डीडवाना की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मस्तान बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मस्तान को राजकीय बागड़ जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही डीडवाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सिडको
शहर बनाए, शहर बसाए.

निविदा आमंत्रण सूचना (दूसरी कॉल)

विभिन्न अल्ट्रासोनिक / विद्युत चुम्बकीय प्रवाह मीटरों का रखरखाव और हेटावणे जल आपूर्ति योजना के तहत हेटावणे बांध से डब्ल्यूटीपी जीते, बीपीटी दिघाटी, दिघोडे एमआईडीसी, वाहाल एमबीआर और पीसीबी रेटिबुंदर तक प्रवाह मीटरों के लिए विविध स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति। (दूसरा कॉल)

सिडको ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड, ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से अनुभवी इच्छुक निविदाकर्ताओं से **"ऑनलाइन"** प्रतिशत दर निविदाएं आमंत्रित करता है, जो अनिवार्य पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और जिन्होंने इसी तरह के कार्य पूरे किए हैं, जैसे कि SIEMENS/ ABB/ KROHNE MARSHALL / E&H निर्मित अल्ट्रासोनिक / इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फ्लो मीटर की आपूर्ति और रखरखाव।

1. कार्य का नाम: विभिन्न अल्ट्रासोनिक / विद्युत चुम्बकीय प्रवाह मीटरों का रखरखाव और हेटावणे जल आपूर्ति योजना के तहत हेटावणे बांध से डब्ल्यूटीपी जीते, बीपीटी दिघाटी, दिघोडे एमआईडीसी, वाहाल एमबीआर और पीसीबी रेटिबुंदर तक प्रवाह मीटरों के लिए विविध स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति। (दूसरा कॉल)। 2. सी.ए. नं.: 01/सिडको/ईई (हेटावणे)/ 2024-25, **3. बोली की रखी गई लागत:** रु. 73,86,900/- (जीएसटी रहित), **4. ईएमडी:** रू. 74,000/-, **5. संविदा अवधि:** 1095 (एक हजार पंचानबे) दिन (मानसून सहित)। **6. निविदा प्रक्रिया शुल्क:** रू. 5,900/- (18% जीएसटी सहित (अप्रतिदेय)।

बोली कार्यक्रम सहित बोली दस्तावेज वेबसाइट **mahatenders.gov.in** पर 26.03.2025 को 17.01 बजे से उपलब्ध रहेंगे।

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in

अधीक्षण अभियंता (डब्ल्यू/एस)
सिडको/जनसंपर्क/५०३/२०२४-२५

कुंभेश्वर महादेव मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। समीपवर्ती बागोल गांव एक दिवसीय कुंभेश्वर महादेव का मेला सोमवार को भरा गया। जिसमें समूचे अरावल व कांठा क्षेत्र की जनता उमड़ पड़ी और भक्तों ने बाबा के दरबार मे माथा टेक कर मन्नतें मांगी व खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व गांव में एक भव्य वरघौड़ा व शाही गेर का आयोजन किया गया। जो गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण से होता हुआ रावली पोल पर पहुंचा। वरघौड़े के दौरान जहां गेर दलों ने गेर नृत्य किया। वहीं, युवाओं ने जमकर ढोल नगाड़ों के संग नाच गान किया एवं गुलाल से समूचा मार्ग पाट दिया गया।

एक शाम कुंभेश्वर के नाम भजन संध्या में झुमें श्रौतागण -कुंभेश्वर महादेव के मेले की पूर्व संध्या पर रविवार को आयोजित एक शाम कुंभेश्वर के नाम भजन संध्या में श्रोताओं ने देर रात तक जमकर लुत्फ उठाया। भजन कलाकारों ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या की शुरूआत कंचन वैष्णव ने गणपति वंदना के साथ की। तप्पश्चात कॉमेडियन अर्जुन छैला ने गुरू वंदना के साथ जंहा झीणी-झीणी उड़े रे गुलाल बागोल रे मेला में,माला रो मणियों रमण वाली डोरी भजनों पर श्रोताओं ने खुब दाद दी।जादूगर कलाकारों के विभिन्न जादू की प्रस्तुति पर श्रोतागणों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

ये रहे उपस्थित

भजन संध्या में मेला कमेटी अध्यक्ष् जयंतीलाल जैन, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार जैन, अरावली क्षेत्रिय विकास समिति देसूरी तहसील अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह सोलंकी, मेला आयोजक पूनम सिंह, माधुसिंह, भंवर सिंह चुण्डावत, उदयराज लौहार, हरीश छीपा, भोमाराम देवासी, छौगाराम जाट, चम्पालाल जाट सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित थे।

जमकर की खरीदारी

मेले मे लगी मणीहारी की दुकानों पर जंहा महिलाओं ने जमकर खरीददारी की वंही युवाओं ने मेले मे लगे झुलों,चाट की दुकानों पर चाट का लुत्फ उठाया।

महाप्रसाद का उठाया लाभ

इस धार्मिक मेले के मौके पर मेला आयोजक पूनमसिंह माधुसिंह सोलंकी परिवार की ओर आयोजित महाप्रसादी का सैकड़ों मेलार्थियों व बाबा के भक्तों ने बड़े ही चाव के साथ ग्रहण किया गया।

वकीलों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा

राजस्थान में वकीलों पर लगातार हमले

बाली बार एसोसिएशन ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

बाली। राजस्थान में वकीलों पर बढ़ते हमलों को लेकर बाली बार एसोसिएशन ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन ने कहा कि अधिवक्ता एक शांतिप्रिय संगठन है, जो दिन-रात मेहनत कर लोगों को न्याय दिलाने का काम करता है। पिछले कुछ महीनों में राजस्थान में वकीलों पर कई हमले हुए हैं। 2 मार्च 2025 को अजमेर में अधिवक्ता पुरुषोत्तम जाखोटिया पर जानलेवा हमला किया गया। इलाज के दौरान 7 मार्च को उनकी मृत्यु हो गई। 14 मार्च को जोधपुर में अधिवक्ता राजेंद्र जाखड़ पर हमला हुआ। 20 मार्च को जोधपुर के झालामंड क्षेत्र में अधिवक्ता चंदन सिंह की हत्या कर दी गई। इस मामले में आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बाली तहसील में भी अधिवक्ता

नूतन सिंह पर रात में हमला किया गया। वे पिछले 7-8 महीनों से इलाज करा रहे हैं। बार एसोसिएशन का कहना है कि ज्यादातर मामलों में वकीलों को उनके द्वारा उठाए गए केस की वजह से हमलों का सामना करना पड़ता है। एसोसिएशन ने वकीलों की सुरक्षा के लिए कानूनी प्रावधान की मांग की है। कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण वकील कई बार हार्डकोर अपराधियों और बलात्कारियों के मामले लेने से बचते हैं। उन्हें अपनी जान का खतरा रहता है। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष दुदाराम चौधरी, महासचिव शरीफ खान, सह सचिव जयेश जानी,राहुल भंडारी सहित बड़ी संख्या में वकील उपस्थित थे।

महाराष्ट्र पुलिस की कार्रवाई

चेक अनादरण मामले में भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। चेक अनादरण के मामले में एक भाजपा कार्यकर्ता महाराष्ट्र पुलिस ने सवेरे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार आशापुर्णा टाउनशिप निवासी मनीष बोहरा पुत्र मदन लाल पर दर्ज मामले में महाराष्ट्र के मालेगाव कोर्ट संख्या 3 में गिरफ्तारी वारंट पर महाराष्ट्र पुलिस सवेरे औद्योगिक थाना पहुंची जहां पर आशापूर्णा टाउनशिप निवासी मनीष बोहरा को अपने साथ उसके निवास से गिरफ्तार कर साथ ले गई। उप निरक्षण भूषण संजय चव्हाण ने बताया कि आरोपी लंबे समय से वांछित चल रह था, जिसके वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मनीष बोहरा पूर्व में भी पाली के अलावा भी अन्य राज्य में इसी तरह के मामले दर्ज होने पर गिरफ्तार हो चुका। शहर के कोतवाली ,ट्रांसपोर्ट नगर ओर औद्योगिक थाने में पहले से मामले दर्ज है, लेकिन स्वयं को भाजपा का कार्यकता ओर ऊंचे रसूखात के चलते धौंस दिखा कर अपने वारंट तक तामिल नहीं करवाता था।

इन्होंने कहा

- मनीष बोहरा हमारे पार्टी में किसी पद पर नहीं है,रही कार्यकता तो वो हर कोई बोल सकता हे,पार्टी से उसे कोई मतलब नहीं है
- सुनील भंडारी, भाजपा जिलाध्यक्ष पाली।

शमशान में मधुमक्खियों का हमला

- एक दर्जन से अधिक लोग हुए घायल
- तीन को बांगड़ अस्पताल में किया भर्ती

पाली। शमशान में दाह संस्कार के दौरान मधुमक्खियों के हमले से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एंदला गुडा में वृद्ध पुराराम देवासी के देहांत होने पर शव का दाह संस्कार के लिए गांव के श्मशान में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया । तभी हुए धुएं की वजह से मधुमक्खियों ने मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। जिससे एक दर्जन लोग घायल होंगे जिसमें से मंगलाराम, हिंमताराम ओर देवाराम गंभीर होने पर बांगड़ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया शेष का गुंदोज अस्पताल में उपचार करवाया गया।

श्री बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के चुनाव 11 अप्रेल को

खिंवाड़ा। स्थानीय कस्बें के बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के चुनाव आगामी 11 अप्रैल को होंगे। बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य ने बताया कि हर तीन वर्ष से ट्रस्ट के चुनाव होते है। वर्तमान ट्रस्ट कार्यकारिणी का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो जाने पर आगामी 11 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 11 बजे बालाजी महाप्रसादी स्थल पर चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी घीसाराम चौधरी (प्रधानाचार्य) के सानिध्य में होगी। चुनाव में बालाजी ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी चुनाव में मतदान करेंगे।

आयुर्वेद अपनाएं, बीमारियों से मुक्ति पाएं : अंजू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

साण्डेराव। आयुर्वेद अपनाएं,बिमारियों से मुक्ति पाएं। देश की जानी-मानी एक नामचीन आयुर्वेद कंपनी एस्लीपियस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से साण्डेराव गांव सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंध में अवगत कराया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अंजू शर्मा ने आयुर्वेद चिकित्सा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए (मनोवैज्ञानिक एवं हेल्थ वेलनेस कोच) ने इस बदलते मौसम में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह देते हुए कहा कि हमें इस वक्त अपना ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि कोरोना वायरस के बाद अब साइड इफैक्ट्स शुरू हो गए हैं और यह जानलेवा हो रहे हैं। इस संस्था ने पिछले 11 सालों में कई लोगों का इलाज करते हुए उन्हें मानसिक ओर शारीरिक बीमारियों से बहुत कम पैसों में बचाया है। उन्होंने ओर उनकी टीम के फाइटर्स रतन गहलोत, विजय मेवाड़ा मुंडारा, भंवर लाल, हकमाराम कुमावत, फारूक भाई, माला बहन, देवेंद्रकौर, मंजू बहन मौजूद थीं। उनके

लीडर अमित राठौड़ की गाइडलाइन में उन्होंने राजस्थान में बहुत शानदार रिजल्ट्स लिए हैं। अंजू शर्मा ने बताया कि यह कंपनी आर्मी के जवान डॉक्टर संजीव कुमार चला रहे हैं जो पिछले 11 साल में उन्होंने भारत में बीमारी और बेरोजगारी हटाने के मिशन पर बहुत लोगों की मदद की। इस दौरान साण्डेराव सरपंच श्रीमती दाखु देवी भील, समाजसेवी रमेश कुमार,नटवर मेवाड़ा बंशीलाल गर्ग,अशोक कुमावत,भंवर सिंह राजपुरोहित, महावीर मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

महाराज अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। श्री एकलिंग नाथजी के 76 वें दीवान महाराणा प्रताप के वंशज महाराज अरविंद सिंह मेवाड़ के स्वर्गवास पर सोमवार को वीर सोमोजी राजपुरोहित मुथा परिवार के पांच गांवों के सैकडों ग्रामीणों ने वणदार गांव स्थित मुथा राजपुरोहित समाज सभा भवन में उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की गई। फ्रेण्डस क्लब व वीर सोमोजी मुथा राजपुरोहित समाज के तत्वावधान में आयोजित श्रंद्धाजलि सभा में मुथा राजपुरोहित के रुगडी, वणदार, घेनडी, शिवतलाव व पिलोवनी गांवों के सैकडों ग्रामीणों ने मेवाड़ की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर फ्रेण्डस क्लब अध्यक्ष दारा सिंह राजपुरोहित, सुखदेव सिंह, मोती सिंह, धन सिंह, बाबू सिंह, पूर्व सरपंच नारायण सिंह, देवी सिंह, रतन सिंह, राजेंद्र सिंह, गुमान सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

बाली में ऐतिहासिक गणगौर मेला 4 अप्रेल को

साइकिल रेस समेत होंगी कई प्रतियोगिताएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। बाली में सुकड़ी नदी के किनारे 4 अप्रैल को वार्षिक गणगौर मेले का आयोजन होगा। मेले की शुरुआत सुबह 6:30 बजे झंडारोहण से होगी। मेले को लेकर सोमवार को नगरपालिका हॉल में तहसीलदार जितेंद्र सिंह,अधिशासी अधिकारी राजल राव, पालिका अध्यक्ष भरत चौधरी ने बैठक लेकर आवश्यक चर्चा की। मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सुबह 7:15 बजे से पुरुषों की 18 किलोमीटर साइकिल रेस शुरू होगी। इसके बाद श्रीसेला से रडावा तक बालिकाओं की साइकिल रेस होगी। कचहरी से रडावा तक पुरुषों की माइल दौड़ और जलदाय विभाग से रड़ावा तक बालिकाओं की हाफ माइल दौड़ का आयोजन होगा। शाम 4:15 बजे से मेला स्थल पर विशेष प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। इनमें 100 मीटर दौड़, उल्टी दौड़, मटकी

दौड़, जलेबी दौड़, तीन पांव दौड़ शामिल हैं। साथ ही तांगा दौड़, ऊंट दौड़ और घुड़दौड़ का भी आयोजन होगा। सजी गणगौर प्रतियोगिता और लोक नृत्य प्रतियोगिताएं भी होंगी। मेले में खान-पान, कॉस्मेटिक और खिलौनों की दुकानें लगेंगी। बच्चों के लिए विभिन्न झूले भी लगाए जाएंगे। आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों के मेले में शामिल होने की उम्मीद है। आयोजित बैठक में पालिका उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी, बाली थानाधिकारी परबतसिंह भाटी, शारीरिक शिक्षक अभिमन्यु सिंह, वीरेंद्र सिंह राठौड़, गनपत सिंह, अशोक शर्मा, रतनसिंह, पार्षद शनि विरावत, जगदीश वर्मा, कमलेश, किशोर प्रजापति, जीवाराम, सुलेमान टांक, राजेन्द्र सिंह दहिया, ओमपुरी,आदि मौजूद रहे।

वैध सेन समाज के खुशाल बने अध्यक्ष

बाली। सोजत पट्टी मैं वैध सेन समाज के 84 गांव 7 खेड़ा के सेन समाज के लोग एकत्रित होकर फालना निवासी खुशाल सेन पुत्र रामलाल सेन को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया।

वर्तमान में खुशाल सेन गोडवाड़ सेन समाज के अध्यक्ष पद पर भी अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उनके उम्मीदों पर पूर्ण रूप से खरा उतरूंगा। सुदूर गांवों में बैठे कोई भी सेन भाई का काम होगा तो मैं रात्रि में भी उसकी सेवा के लिए तत्पर रहूंगा इस अवसर पर खुशाल सेन को बधाई देने वालों में जोधपुर खेड़ा अध्यक्ष किशन सेन पाली अध्यक्ष टैगोर शर्मा सोजत खेड़ा अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, ईश्वर चंद्र, नगर पालिका उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल समाज सेवी अमित मेहता बीजेपी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिदावत,भोपाल सिंह गुर्जर, हीरालाल राठौड़, नारायण लाल जाटों का गुड़ा चांद मल,बसत लुनावा, अरविंद ढालोप, नरेंद्र

सोलंकी, प्रेमचंद सैन सिरियारी, महावीर सेन, अशोक सैन,राम जी सेन जयपुर इन्द्र जी सेन, रमेश सेन, जीतू, भँवर सेन बेड़ा, अधिशासी अधिकारी भंवर सेन, ओम प्रकाश दाधीच, राम लाल प्रजापत, विनोद बिकानेर, नरेश, धर्मेन्द्र आदि लोगों ने खुशाल सेन को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

बाली: कुरीतियों पर अंकुश लगाने किया विचार-विमर्श

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति 108 गांव निंबेश्वर धाम की बैठक सभापति जितेंद्र चौहान बाली के सानिध्य में संपन्न हुई। सर्वप्रथम विट्ठल नामदेवजी की पूजा अर्चना कर समिति के अध्यक्ष प्रहलाद परिहार ने समस्त समाज बंधुओ का अभिनंदन किया। सचिव मोतीलाल परमार ने पूर्व मीटिंग का व्यौरा प्रस्तुत करके समाज के अध्यनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जागरूक कर सम्मानित करने पर चर्चा की, इस पर श्री नामदेव छीपा समाज छात्रावास के अध्यक्ष नेमीचंद पहाड़िया ने बताया कि माह अप्रैल में छात्रावास व शिक्षा समिति की मीटिंग में निर्णय लिया जाएगा। माह नवंबर 2025 में समाज के सामूहिक विवाह करने की तिथि निश्चित करने हेतु कमेटी बनाई गई जो ज्योतिषियों से संपर्क कर विवाह का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त निकलवा कर समाज को सूचित करके गीता भवन सुमेरपुर में विवाह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मोबाइल के कुप्रभाव व अंतर जातीय विवाह, तलाक इत्यादि कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए विचार विमर्श हुआ और ऐसा नहीं करने के लिए समाज को आग्रह किया गया। गोड़वाड़ क्षेत्र के 108 गांव के नामदेव समाज के प्रत्येक घर से सेवा समिति द्वारा सामाजिक विकास कार्य के लिए समिति के

कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिवर्ष 251 रुपए रसीद काटकर जमा कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रिखबचंद परमार, सुरेश कुमार चौहान, रमेशकुमार परमार, नेमीचंद पहाड़िया, हस्तीमल गहलोत, चंपालाल भाटी, मदनलाल परमार, प्रवीणकुमार परारिया, सुकनराज परमार, कांतिलाल चौहान, सोहनलाल नानीवाल, नैनमल चौहान, रूपचंद गहलोत, मनोज एम परमार, चंपालाल सोलंकी, मांगीलाल परमार, घेवरचंद परमार, सतीश भाटी, भेरूलाल चौहान, पूरणचंद परमार, घेवरचंद सोलंकी, लालचंद गहलोत, मदनलाल भाटी, किरणकुमार, दिनेशकुमार भंदर,,लालचंद के गहलोत, चंपालाल नानीवाल, नैनमल गहलोत, महेंद्र भाटी, प्रकाश के भाटी, हस्तीमल छीपा, भंवरलाल परिहार, देवीलाल नानीवाल, लालचंद पी गहलोत, दिलीप कुमार सोलंकी, दर्शन नानीवाल, हिम्मतमल, देवीलाल नानीवाल, लीला चौहान एवं गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

बैठक में जल वितरण का उठा मुद्दा

बाली। बाली पंचायत समिति सभागार में उप प्रधान महावीर सिंह की अध्यक्षता में विशेष साधारण सभा की बैठक हुई। जिसमें मुर्गेश्वर सरपंच छैल सिंह चौहान व बारवा की सरपंच इंदू चन्दन सिंह राजपुरोहित ने जल वितरण की गंभीर समस्या को उठाया। सरपंच ने कहा कि गांव में जवाई जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट के तहत जल की टंकी बन चुकी है। लेकिन घर-घर जल वितरण की व्यवस्था अभी तक नहीं हो पाई है। आने वाले गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत की आशंका है। मोखमपुरा पंचायत समिति सदस्य श्रवण सिंह ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट के तहत न तो पाइपलाइन बिछाई गई और न ही कनेक्शन दिए गए। बैठक में पीएम सड़क योजना-IV के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण सड़कों को मंजूरी मिली। कोठार से रबारी भागल तक 1.75 करोड़ रुपये की सड़क बनेगी। कोठार से ग्वाला ढाणी तक 70 लाख रुपये की सड़क का निर्माण होगा। कोठार से पावटिया तक 70 लाख रुपये की सड़क भी स्वीकृत की गई।

समारोह को सफल बनाने पर चर्चा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नाडोल। नाडोल मां आशापस पाट स्थान नाडोल परसिर में राव भुणा समाज संघ न्याती भवन नाडोल की बैठक अध्यक्ष रमेश टी राव मुण्डारा की अध्यक्षता में हुई। आने वाले समारोह को सफल बनाने कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की एवं समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियों देकर नाडोल मंदिर प्रागण में स्थित धर्मशाला के लिए चर्चा की गई। आशापुरा माताजी मंदिर ट्रस्ट नाडोल से मुलाकात करने के लिये सदस्यों का चयन किया गया। वहीं, सम्मेलन की तैयारियों के लिए समितियों का गठन कर अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई। ताकी सम्मेलन सफल हो सके। साथ ही मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि सहित गणमान्य लोगों को आमंत्रित करने के मुददे पर भी चर्चा हुई। मेधावी छात्र -छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करने एवं महिला शिक्षा को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। इसके अनावा राव भुणा समाज संघ न्याति भवन की बैठक में पूर्व अध्यक्ष नरसिंह राव, उपाध्यक्ष रमेश टी राव, शान्तिलाल गजनिपुरा, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सपरा, उप मंत्री घनश्याम राव, सम्पत कुमार कोटडी, चम्पालाल सादडी, कालुराम खेरवा, कालुराम बांता, किशोर कुमार मुण्डारा, श्रवण कुमार मुण्डारा, सहित समाज के लोगों ने भाग लिया।

दशामाता की पूजा-अर्चना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। कस्बे सहित समूचे क्षेत्र भर में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने परिवार की सुख-शांति की कामना के साथ दशा माता का व्रत रखा एवं परम्परागत ढंग से पूजा-अर्चना की। दोपहर को सामूहिक व्रत रखने वाली महिलाओं ने पीपल की पूजा के बाद कथा सुनी तथा मंगल गीत गाए।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सीवरेज ऑपरेशन विभाग

नं. डीवाय. सीएच. इंजी. (एसओ)/5960/ईएस दि. 24.03.2025

ई-अधिप्राप्ति निविदा सूचना

महापालिका आयुक्त, बृहन्मुंबई द्वारा निम्नांकित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित है। निविदा की प्रतिलिपी बी.एम.सी. के पोर्टल (http://www.mcgm.gov.in) के निविदा सेक्शन अंतर्गत डाउनलोड कर सकते है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	ईएमडी रु.	बोली प्रारंभ की दिनांक व समय	बोली समापन की दिनांक व समय	निविदा शुल्क (रु.)	पूर्णता अवधि/ संविदा अवधि
1	1 वर्ष हेतु पेरूबाग पंपिंग स्टेशन (क्षमता 3.45 एमएलडी) के संपूर्ण संचालन एवं रखरखाव कार्य। (निविदा आईडीः 2025-एमसीजीएम-1163722-1)	रु. 38,000/-	25.03.2025 को 11.00 बजे से	02.04.2025 को 16.00 बजे तक	रु. 7,788/- (रु. 6600/- + 18% जीएसटी)	365 दिन

संपर्क व्यक्ति का नाम एवं फोन नं. (कार्यालय) तथा मोबाइल नं. (उपलब्ध हो तो) — श्री एस.एस. वालुंजा, ई.ई. मैक. (एस.) ई.एस. श्री डी.डब्ल्यू. मोडक, ए.ई. मैक. (एस.) ई.एस. फोन नं. 25251347

ई-मेल आईडी — eemechses.so@mcgm.gov.in

PRO/2908/ADV/2024-25

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता मैक.
(सीवरेज) पूर्व उपनगर

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

दम दिखाने को तैयार गुजरात-पंजाब

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 की शानदार अंदाज में शुरुआत हो चुकी है। अब 25 मार्च को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में है। वहीं गुजरात की कमान शुभमन गिल के हाथों में है। दोनों टीमों का पहला मुकाबला होगा। ये दोनों टीमें जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगी।

शुभमन गिल पर प्रभावशाली खेल दिखाने का दबाव

बता दें कि, साल 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल तक का सफर तय करने वाली गुजरात टाइटंस पर इस सीजन में भी सबकी निगाहें टिकी होंगी। अपना चौथा सीजन खेलने जा रही गुजरात टाइटंस ने अपने संक्षिप्त आईपीएल इतिहास में प्रभावशाली खेल दिखाया है। टीम ने साल 2022 में पहले ही सीजन में खिताब जीतकर कमाल कर दिया। 2023 में भी यह टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंची थी। लेकिन 2024 सीजन में गुजरात टाइटंस टीम की लीडरशिप में काफी बदलाव हुए। हार्दिक पांड्या टीम से बाहर हो गए और युवा शुभमन गिल के हाथों में कमान आ गई। टीम का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा और प्वाइंट टेबल पर 8वें नंबर पर रही। नए मालिक के साथ 2025 में भी शुभमन गिल गुजरात की कमान संभालेंगे और उन पर टीम की पिछली सफलताओं को दोहराने की जिम्मेदारी है। मोहम्मद शमी, नूर अहमद और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाने वाले ग्लेन फिलिप्स शामिल हैं। गेंदबाजी डिपार्टमेंट की कमान इस बार मोहम्मद सिराज और कृष्णा के कंधों पर होगी।

जोस बटलर सबसे महंगे खिलाड़ी

आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान गुजरात टाइटंस ने राशिद खान, शुभमन गिल जैसे टॉप खिलाड़ियों को अपने पास बरकरार रखा। अफगानिस्तानी खिलाड़ी राशिद खान पर एक बार फिर सभी की निगाहें होंगी। पिछले सीजन में राशिद कोई खास कमाल नहीं कर पाए थे, लेकिन इस बार उनसे खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद की जाएगी। इसके अलावा टीम ने जोस बटलर को 15.75 करोड़ रुपए में लिया है। जोस बटलर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं और उनसे इस सीजन उम्मीद की जा रही है कि वे आक्रामक खेल दिखाएंगे। सिराज पर 12.25 करोड़ रुपये का दांव खेला गया है। सिराज के लिए आईपीएल के कई सीजन ज्यादा खास नहीं रहे हैं। पिछले दिनों उनका फॉर्म गिरा है और इस कारण उन्हें टीम इंडिया से भी बाहर होना पड़ा है। आरसीबी की तरफ से कई सीजन खेलने के बाद अब उनका नया पता गुजरात है और ऐसे में सिराज अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचकों को जरूर जवाब देना चाहेंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज रबाडा को 10.75 करोड़ रुपये में लिया गया है। रबाडा के आने से टीम के गेंदबाजी डिपार्टमेंट में काफी सुधार आने की उम्मीद है। उन्होंने पिछले कई सीजन में अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है। इसके अलावा, प्रसिद्ध कृष्णा पर 9.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

बीसीसीआई के नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान

16 महिला खिलाड़ियों को मिली जगह

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है। इस बार कुल 16 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। जिसमें से 3 खिलाड़ी ग्रेड ए में शामिल किए गए हैं। वहीं, 4 खिलाड़ी ग्रेड बी और 9 खिलाड़ी ग्रेड सी का हिस्सा हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने साल 2024-25 के लिए महिला क्रिकेटर्स की नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। बीसीसीआई ने इस बार टीम इंडिया की 16 महिला खिलाड़ियों को सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने का ऐलान किया है। बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटर्स की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट को तीन कैटेगरी में बांटा है। 16 में से 3 खिलाड़ियों को ग्रेड ए में रखा है।

वहीं, ग्रेड बी में 4 खिलाड़ी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इनके अलावा 9 खिलाड़ियों को ग्रेड सी में जगह दी गई है। ये कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए है। बीसीसीआई ने ग्रेड ए में कप्तान हरमनप्रीत के अलावा स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को ग्रेड ए कैटेगरी में जगह दी है। वहीं बी ग्रेड में 4 खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये 4 खिलाड़ी रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा हैं। इनके अलावा यस्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार को ग्रेड सी में रखा गया है। बोर्ड ने प्रेस रिलीज करते हुए इसका ऐलान किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रेड ए में शामिल हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को 50-50 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं, रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा को 30-30 लाख रुपए दिए जाएंगे। इनके अलावा ग्रेड सी में शामिल सभी 9 खिलाड़ियों को साल के 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। पिछले साल भी तीनों ग्रेड के लिए यही रकम दी गई थी।

पुरुषों के मुकाबले काफी कम पैसा

बता दें, बीसीसीआई महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक जैसी मैच फीस देती है। लेकिन सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में बहुत बड़ा अतंर है। पुरुष खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में चार कैटेगरी हैं, जिसमें ग्रेड ए प्लस भी, इस ग्रेड के खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपए मिलते हैं। वहीं, ग्रेड ए कैटेगरी में 5 करोड़ रुपए, ग्रेड बी में तीन करोड़ रुपए और ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए सलाना मिलता है।

भोजपुरी में कमेंट्री सुनना पसंद : महेंद्र सिंह धोनी

बोले- मजा ही आ जाता है

नई दिल्ली। एमएस धोनी ने आईपीएल में क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री की पहल की सराहना की है। उन्होंने भोजपुरी कमेंट्री की प्रशंसा की और इसे "ऊर्जावान" बताया। धोनी ने कहा है कि मुझे भोजपुरी कमेंट्री पुराने जमाने की रेडियो कमेंट्री की याद दिलाती है। सुनकर मजा आ जाता है। भोजपुरी ने आईपीएल 2023 के दौरान कमेंट्री फीड में अपनी शुरुआत की है। इस साल, आईपीएल का 18वां सीजन 16 फीड पर लाइव स्ट्रीमिंग कर रहा है, जिसमें 12 भाषाएं अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, बंगाली, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती और पंजाबी शामिल हैं। धोनी ने कहा, "मैंने क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री ज्यादा नहीं सुनी है क्योंकि जब हम लाइव मैच देखते हैं, तो रिप्ले सीमित होते हैं और ज्यादातर कमेंट्री मैं अंग्रेजी या हिंदी में सुनता हूं। इससे हमें खेल का बेहतर विश्लेषण करने में मदद मिलती है। मुझे कमेंटेटरों की बातें सुनना भी पसंद है, क्योंकि उनमें से ज्यादातर पूर्व खिलाड़ी होते हैं। जबकि मैं एक सीजन में 17 मैच खेल सकता हूं, वे अलग-अलग टूर्नामेंट और देशों में सैकड़ों मैच कवर करते हैं। उनका अनुभव काफी ज्यादा है।''धोनी ने कहा, ''खिलाड़ी होने के नाते, हम अपनी टीम की ताकत और कमजोरियों को जानते हैं, लेकिन कमेंट्री सुनने से आपको एक बाहरी व्यक्ति का नजरिया मिलता है।

जोफ्रा आर्चर पर नस्लीय टिप्पणी के बाद बढ़ा विवाद

भज्जी पर बैन की मांग

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर नस्लीय टिप्पणी करके विवादों को हवा दे दी है। भज्जी इस समय आईपीएल 2025 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे हैं। । जोफ्रा आर्चर के लिए हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला अच्छा नहीं रहा। इसके कारण भज्जी की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई और उन्हें बैन करने की मांग तक उठी। बता दें कि, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को आईपीएल 2025 का दूसरा मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेला जा रहा था। भज्जी ने जोफ्रा आर्चर की बात करते हुए काली टैक्सी का उदाहरण दिया और फिर फैंस के गुस्से का शिकार बने। हरभजन सिंह ने मैच के दौरान कमेंट्री करते समय कहा, 'लंदन में काली टैक्सी का मीटर तेज भागता है और यहां पर आर्चर का साहब का मीटर भी तेज भागा है।'

दीपक चाहर को बहन ने कहा 'कटप्पा'

सीएसके को खुलेआम धोखा! मजेदार मीम वायरल

नई दिल्ली। दीपक चाहर ने चेन्नई सुपर किंग्स में रहकर एमएस धोनी से बहुत कुछ सीखा है। मगर IPL 2025 मेगा ऑक्शन में सीएसके सीएसकेउन्हें दोबारा खरीदने में नाकाम रही थी। आखिर में उन्हें मुंबई इंडियंस ने 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसलिए जब 23 मार्च को आईपीएल 2025 में चेन्नई और मुंबई का मैच हुआ तो दीपक चाहर अपनी ही पुरानी टीम के खिलाफ खेलते दिखे। वैसे मैच में सीएसके को 4 विकेट से जीत मिली, लेकिन दीपक चाहर ने गेंद और बल्ले से भी काफी बढ़िया प्रदर्शन करके दिखाया। इस बीच दीपक की बहन मालती चाहर ने अपने भाई को 'कटप्पा' कहकर संबोधित किया है।

दरअसल, दीपक चाहर ने चेन्नई की पारी के दूसरे ओवर में ही राहुल त्रिपाठी को 2 रन के स्कोर पर आउट कर दिया था। इसके अलावा दीपक ने बैटिंग में 28 रनों का योगदान दिया था। चूंकि चाहर सीएसके के लिए खेल चुके हैं, इसलिए उनकी बहन ने कटप्पा का उदाहरण देकर ऐसे दर्शाया जैसे दीपक चाहर ने चेन्नई सुपर किंग्स को धोखा दे दिया है। मालती चाहर के इस मीम को खूब शेयर किया जा रहा है। आपको बता दें कि मैच समाप्त होने के बाद एमएस धोनी को मजाकिया अंदाज में दीपक चाहर को पीटते देखा गया था।

मनोरंजन

राणातुंगा की लंका जलाएगा 'जाट'



सनी देओल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जाट' का धमाकेदार ट्रेलर आ गया है। मेकर्स ने 24 मार्च को फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। इसमें सनी देओल फुल एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। वहीं, रणदीप हुड्डा ने भी महफिल लूट ली है। ट्रेलर को खूब पसंद किया जा रहा है और रिलीज से पहले ही ट्रेलर ने 'जाट' फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है।'जाट' के ट्रेलर में सबसे पहले रणदीप हुड्डा की एंट्री होती है, जिन्होंने विलेन राणातुंगा का रोल निभाया है। उसके जुल्म से हर कोई परेशान है और उसके खिलाफ खड़े होने की कोई जुर्रत नहीं करता है। इसके बाद ट्रेलर में सनी देओल का किरदार जाट एंट्री मारता है और फिर ताबड़तोड़ एक्शन शुरू होता है। कभी वह भारी जंजीरों को अपने हाथों में लपेटकर गुंडों की पिटाई करते हैं, तो कभी बड़े सीलिंग फैन को उखाड़कर सबसे भिड़ जाते हैं। 2 मिनट 52 सेकेंड के ट्रेलर में सनी देओल छा गए हैं। हालांकि, रणदीप हुड्डा ने भी उन्हें कांटे की टक्कर दी है।

कामरा के सपोर्ट में उतरीं जया-स्वरा

समय रैना के शो इंडिया गॉट लेटेंड का विवाद अभी पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ था कि अब स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने पंगा मोल ले लिया है। वो भी महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से। दरअसल कॉमेडियन ने नाम लिए बगैर एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर विवादों में घिर गए हैं। सोमवार को मामला इतना बढ़ गया कि एफआईआर हो गई तो तोड़फोड़ भी देखने को मिली। इस बीच कुणाल कामरा को बॉलीवुड का सपोर्ट भी मिलता दिख रहा है। एक तरफ कामरा का एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने समर्थन किया तो दूसरी ओर सांसद-एक्ट्रेस जया बच्चन ने भी सपोर्ट किया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर स्वरा भास्कर ने इस मामले से जुड़े कई पोस्ट शेयर किए। कामरा की एक तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "टुथ। (सच्चाई)" वहीं, दूसरी पोस्ट में स्वरा, एकनाथ शिंदे पर तंज कसती नजर आईं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल 'हैबिटेट क्लब' का जिक्र करते हुए लिखा, "एकनाथ शिंदे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हैबिटेट मुंबई के बाकी हिस्सों की तरह दिखे।"वहीं जया बच्चन ने कहा, 'अगर ऐसे ही बोलने पर पाबंदी लगती रही तो मीडिया वालों का क्या होगा। वो आप पर भी प्रतिबंध लगा रहे हैं। कल को कहेंगे कि जया बच्चन का इंटरव्यू मत लो। आखिर अब कहां है फ्रीडम ऑफ स्पीच। क्या बोलने की आजादी का एक्शन तभी होता है जब मारामारी होती है। विपक्ष वालों को मारो, महिलाओं का बलात्कार करो। उनका मर्डर कर दो।

इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' और 'रेड 2' कंफर्म

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी 24 मार्च 2025 को 46वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। ऐसे में एक्टर ने अपने फैंस को एक बड़ी गुड न्यूज दी। दरअसल एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'आवारापन 2' की रिलीज डेट की घोषणा की है। इसके अलावा अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' भी जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। फिल्म से एक्टर का फर्स्ट लुक जारी किया गया है। इमरान हाशमी ने बर्थडे के दिन सोशल मीडिया पर एक स्पेशल पोस्ट शेयर की। जिसमें एक्टर ने अपनी फिल्म 'आवारापन 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। हाशमी ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें फिल्म के पार्ट वन के सीन्स दिखाए गए है। साथ ही 'आवारापन 2' से पहली झलक भी इसमें दिखाई गई। इस पोस्ट को शेयर करते हुए इमरान ने लिखा कि, "बस मुझे कुछ और देर जिंदा रख।।'आवरापन 2' सिनेमाघरों में आएगी, 3 अप्रैल 2026।"वहीं अजय देवगन भी एक बार फिर 'रेड 2' के जरिए बड़े पर्दे पर छाने वाले हैं। फिल्म से एक्टर को सोमवार के दिन पहला लुक भी जारी कर दिया गया है। इस लुक में एक्टर नीली शर्ट में गुस्से वाला पोज दे रहे हैं।

'छावा' ने स्त्री 2 का ताज छीना

विक्की कौशल की फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर आज भी कमाई में ऐसी रफ्तार पकड़ी हुई है मानो अब भी रिकॉर्ड बनाने की भूख खत्म न हुई हो। हिंदी फिल्मों के अभी तक ज्यादातर रिकॉर्ड तोड़ चुकी फिल्म छठवें वीकेंड में बढ़िया कमाई करने के बाद वीकडेज में भी रुकने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज 39वां दिन हो चुका है और फिल्म ने आज बॉलीवुड की हर एक सबसे बड़ी फिल्म के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे कर दिया है, सिर्फ शाहरुख खान की जवान को छोड़कर। फिल्म की आज की कमाई से जुड़े शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। ऑफिशियल आंकड़ों के मुताबिक, छावा ने पांच हफ्तों यानी 35 दिनों में हिंदी से 571.40 करोड़ और तेलुगु से दो हफ्तों में 14.41 करोड़ कमाते हुए टोटल 585.81 करोड़ रुपये कमाए। इसके बाद, 36वें, 37वें और 38वें दिन दोनों भाषाओं में फिल्म की कमाई 2.1 करोड़, 3.65 करोड़ और 4.65 करोड़ रही। यानी 38 दिन में टोटल कलेक्शन 596.21 करोड़ हो चुका था। सैक्निल्क पर उपलब्ध आज के 4:15 बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, फिल्म आज 0.65 करोड़ कमाते हुए कुल 596.86 करोड़ रुपये हो चुका है।छावा ने आज वो कमाल कर दिया है जिसे कई फिल्में महीनों थिएटर में टिके रहने के बावजूद नहीं कर पाईं। फिल्म आज हाईएस्ट ग्रॉसिंग बॉलीवुड की टॉप 3 फिल्मों की लिस्ट में तीसरे नंबर से उठकर दूसरे नंबर पर आ चुकी है। फिल्म ने श्रद्धा कपूर स्टारर स्त्री 2 के लाइफटाइम कलेक्शन 597.99 करोड़ को पीछे कर दिया है। अब फिल्म से सिर्फ एक ही बॉलीवुड फिल्म आगे है और वो है शाहरुख खान की साल 2023 में आई जवान जिसने तब 640.25 करोड़ रुपये कमाए थे।

देशभक्ति की अनोखी दास्तान 'केसरी 2'



अक्षय कुमार एक बार फिर पर्दे पर देशभक्ति की अनोखी दास्तान सुनाने जा रहे हैं। 2019 की फिल्म 'केसरी' की सक्सेस के बाद अब वे फिल्म के सीक्वल 'केसरी चैप्टर- 2' के जरिए फैंस का दिस जीतने वाले हैं। उनकी इस फिल्म का शानदार और रौंगटे खड़े कर देने वाला टीजर सामने आ गया है। 'केसरी चैप्टर- 2' जलियांवाला बाग हत्याकांड की अनसुनी कहानी पर बेस्ड है। 'केसरी चैप्टर- 2' के टीजर की शुरूआत कुछ डायलॉग्स से होती है। गोलियों की आवाज, चीखें और बढ़ता तनाव एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दर्शकों को आगे के सीन के लिए एक्साइट करते हैं। इसके बाद अमृतसर के गोल्डन टेंपल की झलक दिखाई जाती है जहां अक्षय मत्था टेकते नजर आते हैं। इसके बाद वे वकील की यूनिफॉर्म पहने कोर्ट में दिखाई देते हैं। अक्षय कुमार 'केसरी चैप्टर- 2' में सर सी। शंकरन नायर का रोल निभाएंगे, जो एक निडर वकील हैं। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश साम्राज्य से लोहा लेने की हिम्मत की थी। टीजर में एक डायलॉग है- ये मत भूलो कि तुम अभी भी ब्रिटिश साम्राज्य के गुलाम हो। 'केसरी चैप्टर- 2' पुष्पा पलात और रघु पलात की लिखी किताब 'द केस दैट शुक द एम्पायर' पर बेस्ड है। 18 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म'केसरी चैप्टर- 2' की रिलीज डेट पहले ही अनाउंस हो चुकी है। करण सिंह त्यागी के डायरेक्शन और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी ये फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अक्षय कुमार के अलावा फिल्म में एक्ट्रेस अनन्या पांडे और आर माधवन भी अहम किरदार अदा करते नजर आएंगे।

ड्रग्स के मामलों को बनाएं गैर जमानती अपराध

विधायक अमीन पटेल ने विधानसभा में उठाई आवाज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। ड्रग्स समाज के लिए बेहद नुकसान दायक है। ड्रग्स युवा पीढ़ी को खत्म करने का काम कर रहा है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि सरकार ड्रग्स को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए। उक्त मांग मुंबादेवी विधायक अमीन पटेल ने विधान सभा में लक्ष्यभेदी प्रश्न के दौरान उठाया। विधायक पटेल ने कहा कि सरकार ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ड्रग्स तस्करी के आरोप में 3627 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 4280 करोड़ का ड्रग्स जब्त किया गया है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि आज ड्रग्स स्कूल, कॉलेजों तक पहुंच गया है।

घटाई जाए गिरफ्तारी की लिमिट

ड्रग्स की तस्करी करने के लिए छोटे- छोटे बच्चों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि ड्रग्स के मामले फ़ास्टट्रैक कोर्ट में चलें। साथ ही गिरफ्तारी के लिए 50 ग्राम की जो लिमिट तय की गई है उसे घटाकर 10 ग्राम तक लाया जाए।

ड्रग्स के धंधे को आतंकवाद की तरह देखें

पटेल ने कहा कि सरकार को कानून में जरूरी परिवर्तन करते हुए ड्रग्स के धंधे को भी आतंकवाद की दृष्टि से देखना चाहिए और इसे संगठित अपराध की श्रेणी में रखते हुए इससे जुड़े लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

मुंबई में बने रिहैब सेंटर

- विधायक पटेल ने मांग की कि जो बच्चे नशे की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं उनके लिए मुंबई में कम से कम दो रिहैब सेंटर खोले जाएं। जिसके जवाब में सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया कि जल्द ही मुंबई, नवी मुंबई एवं पुणे जैसे महानगरों में रिहैब सेंटर की शुरुआत की जाएगी।

मातृ वंदन से राजस्थान दिवस उत्सव का आगाज

- आज बाड़मेर आएंगे भजनलाल शर्मा
- आदर्श स्टेडियम में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन

बाड़मेर। सीएम भजनलाल शर्मा मंगलवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में मातृ वंदन कार्यक्रम के साथ राजस्थान दिवस उत्सव का आगाज करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में शिरकत करने के साथ विभिन्न जिलों के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री की बाड़मेर यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को दोपहर 3 बजे बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में पहुंचेंगे।

महिलाओं को देंगे सौगात

- कालीबाई भील योजना के तहत बालिकाओं को स्कूटियां वितरित करेंगे। लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 30 हजार लाभार्थियों के खातों में डीबीटी और महिला स्वयं सहायता समूहों को सीआईएफ राशि 100 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए जाएंगे। राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में 5 हजार महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप वितरण किए जाएंगे।

25 से 31 तक कार्यक्रम

- भजनलाल शर्मा के मंशानुरूप 25 से 31 मार्च तक प्रदेश भर में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी। इसके साथ ही निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

समारोह को लेकर प्रशासन मुस्तैद

- जिला कलक्टर टीना डाबी, जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्रसिंह मीना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत समेत विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आदर्श स्टेडियम में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

भजनलाल शर्मा ने सुनीं आमजन की परिवेदनाएं

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई में प्रत्येक व्यक्ति से आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राज्य बजट में दी गई सौगातों के लिए शर्मा का आभार जताया।

बबीता कुमारी को चिकित्सा सहायता

- जनसुनवाई में बालोतरा की बबीता कुमारी ने मुख्यमंत्री को दांतों से संबंधित बीमारी से अवगत करवाया तथा शीघ्र इलाज के लिए निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बबीता कुमारी को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पाली से आई कैंसर रोग से ग्रसित गायत्री ने कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। इस पर शर्मा ने गायत्री को निःशुल्क कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

राजस्थान में खेलों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : राज्यवर्धन सिंह

सभी खेल संघों और समितियों के वित्तीय ऑडिट का सुझाव

जयपुर। राजस्थान में खेल संघों की कार्यप्रणाली पर लगातार उठ रहे सवालों के बीच रविवार को खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य में खेलों के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खेल मंत्री ने सुझाव दिया कि राजस्थान क्रीड़ा परिषद को राज्य के सभी खेल संघों और समितियों का वित्तीय ऑडिट करवाना चाहिए। ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। खासकर क्रिकेट एसोसिएशन जैसे महत्वपूर्ण निकायों में इस प्रकार की ऑडिट हो। खेल मंत्री ने यह भी कहा कि खेल परिषद को राज्य के सभी खेल निकायों, जिनमें क्रिकेट भी शामिल है, के लिए एक उच्च स्तरीय शासन प्रणाली लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा अपनाई गई नीतियों की तरह राजस्थान में भी खेल संगठनों का संचालन किया जाना चाहिए। हाल ही में राजस्थान क्रीड़ा परिषद ने राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ समेत कई खेल संघों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि वे अपने संचालन में पारदर्शिता नहीं रखते हैं और नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का यह बयान काफी अहम माना जा रहा है। राठौड़ ने अपने ट्वीट से इशारों-इशारों में खेल संघों से अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर केवल खेल के विकास पर ध्यान दें। साथ ही राठौड़ ने ये भी साफ कर दिया है कि खेल संघों को अपने कार्यों में सुधार करना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा प्रदेश में खेलों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राज्य की सभी खेल संघों और समितियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे खेल और खिलाड़ियों के हित को प्राथमिकता दें।

हिमालय में दिखा ॐ की आकृति एक और पर्वत

दोपहर को नजर आती है बर्फ से बनी छवि



पिथौरागढ़। हिमालय में ॐ की आकृति जैसा एक और पर्वत नजर आया है। यह आकृति मौजूदा ॐ के प्रतिरूप से बड़ी है। डीडीहाट से पूर्व दिशा की ओर नजर आने वाले हिमालय पर्वत की चोटी पर कुछ दिनों से ॐ की आकृति नजर आ रही है जो मुनस्यारी और धारचूला के उच्च हिमालय में स्थित है। सबसे पहले चोटी पर ॐ की आकृति स्थानीय निवासी नवीन टोलिया को नजर आई। इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी तो सभी आश्चर्यचकित हो उठे। टोलिया ने बताया कि हिमालय को निहारने के दौरान उनकी नजर पर्वत पर बनी ॐ की आकृति पर पड़ी। पहले उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। जब गौर से देखा तो पर्वत पर बनी आकृति ॐ का चिह्न है।

योगी सरकार के आठ साल

सीएम ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

बताईं उपलब्धियां

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार के साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया है। 92 पेज में भाजपा सरकार की उपलब्धियां दर्ज हैं। सीएम योगी ने कहा कि उद्यमियों व जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए कार्यक्रम होंगे। योगी ने सरकार की उपलब्धियां बताईं। योगी ने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। आठ वर्ष पहले अर्थव्यवस्था क्या थी किसी से छुपा नहीं है। किसान आत्महत्या करता था। बेटी, व्यापारी असुरक्षित थे। प्रदेश वही, तंत्र, सिर्फ सरकार बदली। भाजपा व एनडीए के कार्यक्रमों को सही तरीके से लागू किया है। यूपी हर सेक्टर में बढ़ रहा है। कृषि सेक्टर 2017 से पहले उपेक्षित था। कृषि में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। हमने कृषि दर में 5 % से अब 13 % हो गई है। किसानों के क़र्ज़ माफ़ी की गई। 557 लाख मीट्रिक टन होता था 20% की बढ़ोतरी है। सिंचाई क्षमता बढ़ी है। 40-40 वर्ष से योजनाएं बंद थी। योगी ने कहा कि चीनी उद्योग बंदी की कगार पर पहुंच गया था। तीन नई चीनी मिलों के साथ 38 चीनी मिलों का विस्तार हुआ है। 22 वर्ष की तुलना में ज्यादा गन्ना भुगतान किया गया है। फल व सब्ज़ी उत्पादन में यूपी नंबर वन पर है। 14 लाख निजी नलकूप को बिजली दी गई है। 2017 से गेहूं क्रय पर ढाई गुना ज्यादा खर्च किया है। योगी ने कहा कि हर दूसरे दिन दंगा होता था। बेटी व व्यापारी असुरक्षित थे। कानून व्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। करीब दो लाख से ज्यादा पुलिसकर्मी की भर्ती की गई है। बैरक का निर्माण किया गया है।

पांच नई वाहिनियों का गठन

योगी ने कहा कि पीएसी की 5 नई वाहिनी का गठन किया गया है। साइबर सेल की गई है। रिस्पांस टाइम कम हुआ है। यह सात मिनट तक पहुंच गया है। 12 हजार से ज्यादा महिला कर्मचारियों की भर्ती की गई है। 57 हजार बीसी सखी काम कर रही हैं। सात जिलों में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनेंगे। बेरोजगारी दर मात्र तीन फ़ीसदी रह गई है जो पहले 19 % थी।

बेटे की करतूत से सहमा परिवार

बाप को फांसी पर लटकाने की कोशिश

भोपाल। मध्य प्रदेश के सागर जिले की बंडा विधानसभा के जमुनिया गांव से एक कलयुगी बेटा अपने ही पिता मुन्ना सिंह लोधी के गली में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर मारने की कोशिश करते देखा गया है। बेटा संजय लोधी शराब का आदी है। रविवार को संजय शराब पीकर अपने घर पहुंचा तो उसने पहले अपने घरवालों के साथ गाली-गलौच की। गुस्से में आकर उसने रस्सी उठाई और अपने पिता के गले में लपेट दी और फांसी लगाने की कोशिश करने लगा। इस दौरान पास खड़ा एक व्यक्ति और उसकी मां ऐसा करने से उसे रोकते है। कलयुगी बेटे की इस करतूत से परिवार के बाकी लोग सहम गए। पिता को फांसी पर लटकाए जाने की घटना का वीडियो मोबाइल से किसी ने बना लिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह वीडियो वायरल हो रहा है। अब मामला पुलिस तक भी पहुंच गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित मुन्ना सिंह लोधी ने बताया कि संजय लोधी उसका बड़ा बेटा है, शराब के नशे में आए दिन घरवालों के साथ मारपीट करता है। गाली-गलौच करता है। रविवार को संजय उसके गले में रस्सी बांधकर फांसी पर लटकाने लगा। इस मामले पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। बंडा पुलिस थाना प्रभारी उपमा सिंह का कहना है कि पीड़ित मुन्ना लोधी के कहने पर शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस थाने में मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है।

- घटना का वीडियो सामने आया
- बेटे के खिलाफ एफआईआर

राजपूत समाज की चेतावनी

सोच-समझकर राजस्थान आएं रामजीलाल सुमन

जयपुर। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा मेवाड़ के पराक्रमी योद्धा महाराणा सांगा के खिलाफ की गई टिप्पणी का मुद्दा बढ़ते जा रहा है। पूरे देश में अलग-अलग राज्यों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं राजस्थान में सर्व हिंदू समाज और राजपूत समाज से जुड़े लोगों में भारी आक्रोश है। राजस्थान के बूंदी में राजपूत समाज से जुड़े लोगों ने सोमवार को बहादुर सिंह सर्किल पर विरोध प्रदर्शन कर सांसद को निलंबित करने का राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जबकि करणी सेना ने राजस्थान में सांसद के आने पर विरोध की चेतावनी दी उन्होंने कहा कि राजस्थान में या कोटा बूंदी में सांसद आते है तो उनका विरोध किया जाएगा और उन्हें जूते की माला पहनाई जाएगी। बहादुर सिंह सर्किल पर प्रदर्शन के दौरान राजपूत समाज के लोगों ने सांसद के फोटो की प्रति को जलाकर विरोध दर्ज कराया। करणी सेना ने कहा कि समाजवादी पार्टी के एमपी रामजीलाल सुमन द्वारा लोकसभा में मेवाड़ के पराक्रमी योद्धा महाराणा सांगा के खिलाफ टिप्पणी कर सर्व हिंदू समाज और राजपूत समाज को अपमानित करने की कोशिश की है। इस सांसद ने महान इतिहास के योद्धा को नीचा दिखाने की भी कोशिश की है।

राणा सांगा को गद्दार बताने पर

अखिलेश यादव व रामजीलाल सुमन पर मामला दर्ज

आगरा। राणा सांगा को गद्दार कहने के मामले में सिविल कोर्ट सीनियर डिवीजन में सोमवार को अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सिविल वाद दायर किया। सिविल जज सीनियर डिवीजन ने फाइल को अग्रिम आदेश के लिए रख लिया। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार समाचार पत्रों व सोशल मीडिया से जानकारी मिली कि सपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन राणा सांगा को गद्दार बोल रहे हैं। उनका समर्थन सपा मुखिया अखिलेश यादव भी कर रहे हैं। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि ब्रिटिश सरकार के अधिकारी एएस बके बेबरिज ने बाबरनामा का अंग्रेजी में अनुवाद किया है, जिसमें साफ-साफ लिखा है कि बाबर को इब्राहिम लोदी के विरुद्ध पंजाब के गवर्नर दौलत खान लोदी ने भारत आमंत्रित किया था और वर्ष 1884 के लाहौर गजेटियर के पेज संख्या- 20 पर भी यही तथ्य लिखा है कि बाबर को इब्राहिम लोदी के विरुद्ध दौलत खान लोदी ने बुलाया था। जब ब्रिटिश सरकार के 100-150 साल पुराने अभिलेखों में यह लिखा है कि बाबर को दौलत खान लोदी ने भारत पर आक्रमण करने के लिए आमंत्रित किया था तो किन दस्तावेजों के आधार पर रामजीलाल सुमन यह दावा कर रहे हैं कि बाबर को इब्राहिम लोदी के विरुद्ध राणा सांगा ने आमंत्रित किया था। इसका समर्थन अखिलेश यादव भी कर रहे हैं। बाबरनामा का विश्लेषण करने पर यह पता चलता है कि बाबर व राणा सांगा के बीच में युद्ध 11 फरवरी 1527 से 17 मार्च 1527 तक चला।

सड़क हादसे में शिक्षा मंत्री के भतीजे की मौत

कोटा। राजस्थान के बारां जिले में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक भंवलाल दिलावर प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के भतीजे थे। ये घटना जिले के अरड़ांद गांव के पास हुई। जानकारी में सामने आया है कि भंवरलाल दिलावर अपनी बाइक से जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वो गंभीर घायल हो गए। जिनकी बारां जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं हादसे की जानकारी मंत्री मदन दिलावर को लगने के वो भी अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गए। अटरू के पुलिस उपाधिक्षक पुष्पेंद्र सिंह आड़ा ने बताया कि घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाशी के लिए टीमें लगाई गई है। 54 वर्षीय मृतक भंवरलाल दिलावर चरडाना के रहने वाले थे। जो कि बगली स्थित सरकारी स्कूल में टीचर के पद पर कार्यरत थे। सोमवार को स्कूल में तबीयत खराब होने के बाद चरडाना सीएचसी में इलाज कराने गए थे।

राजस्थान में 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान



जयपुर। राजस्थान में एक बार फिर हीटवेव का असर दिखने लगा है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर और चित्तौड़गढ़ जैसे जिलों में गर्मी बढ़ गई है। हालांकि, 26 मार्च से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है और तापमान में गिरावट आ सकती है। रविवार, 23 मार्च को अधिकतम तापमान में 1 से 3.6 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई। बाड़मेर का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटों तक मौसम शुष्क रहेगा। जिससे तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार 26 मार्च को राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के अनुसार, अगले दो दिन उत्तर-पूर्वी हवा के प्रभाव से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव होगा।

- कल बारिश के आसार

प्रमुख शहरों का तापमान

- बाड़मेर – 40.6C
- जैसलमेर – 39.8C
- डूंगरपुर – 37.9C
- नागौर – 36.3C
- सिरोही – 36.8C
- जोधपुर – 38.1C
- चित्तौड़गढ़ – 37.9C
- कोटा – 36.1C
- जयपुर – 35.1C

दिल्ली के कोने-कोने में लगेंगे चार्जिंग स्टेशन

जरूरी होगा इलेक्ट्रिक वाहन

नई दिल्ली। दिल्ली को ईवी राजधानी बनाने के लिए जल्द ही चार्जिंग स्टेशनों की कमी दूर की जाएगी। नई ईवी पॉलिसी में सबसे ज्यादा जोर चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित करने पर है। दिल्ली में ई-वाहनों की खरीद नहीं बढ़ने की सबसे बढ़ी वजह चार्जिंग स्टेशनों की कमी का होना भी है। दिल्ली सरकार एक अप्रैल से नई ईवी-पॉलिसी को लागू करने का विचार कर रही है। इसके तहत दिल्ली में चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के साथ ही तीन साल में हर तीन निजी वाहनों में से एक वाहन इलेक्ट्रिक करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि अगले साल से गैर-इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के पंजीकरण पर रोक लगाने का भी प्रावधान किया गया है। दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नई पॉलिसी में सभी नई इमारतों की पार्किंग में कम से कम 20 फीसदी जगह पर ईवी चार्जिंग पॉइंट अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इस प्रावधान को लागू करने के लिए सभी संबंधित विभागों को शामिल किया जाएगा। पॉलिसी के तहत यह लक्ष्य रखा गया है कि 2030 तक 13,200 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर दिए जाएं। इससे हर पांच किलोमीटर के दायरे में कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन स्थापित होगा।

अन्य देशों की तुलना में कम स्टेशन

अमेरिका और यूरोप की तुलना में दिल्ली में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या काफी कम है। अमेरिका और यूरोप में 10 से 15 ई-वाहनों पर एक चार्जिंग स्टेशन का मानक है, जबकि दिल्ली में 100 ई-वाहनों पर एक स्टेशन का मानक है। वर्तमान में दिल्ली में लगभग 2700 से ज्यादा चार्जिंग प्वाइंट्स हैं। इनमें अधिकांश सार्वजनिक स्थानों, माल व पार्किंग आदि जगहों पर बनाए गए हैं।

फास्ट चार्जिंग स्टेशन की जरूरत

दिल्ली में चार्जिंग स्टेशन आमतौर पर 3.3 से 50 किलोवाट के हैं जो यह धीमी गति से चार्जिंग करते हैं। 100 किलोवाट वाले फास्ट चार्जिंग स्टेशन के प्वाइंट न के बराबर हैं। इसके विपरीत यूरोप के देशों में 350 किलोवाट तक की फास्ट चार्जिंग होती है। इससे ई-वाहन जल्द चार्ज होते हैं, जबकि दिल्ली में कई घंटे लगते हैं।

मप्र हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

हिंदू विवाह अधिनियम के तहत ही निपटाए जाएं जैन समाज के वैवाहिक विवाद

इंदौर। जैन समाज के वैवाहिक मामले हिंदू विवाह अधिनियम के तहत ही सुने और निराकृत किए जाएंगे। कुटुंब न्यायालय के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश ने यह निष्कर्ष निकालकर कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के प्रविधान जैन समुदाय पर लागू नहीं होते हैं, गंभीर त्रुटि की है। वर्ष 2014 में जैन समुदाय को भले ही अल्पसंख्यक का दर्जा दे दिया गया, लेकिन उन्हें किसी भी मौजूदा कानून के तहत आवेदन करने के अधिकार से वंचित नहीं किया गया है। कुटुंब न्यायालय को लग रहा था कि जैन समुदाय के मामले हिंदू विवाह अधिनियम के तहत निराकृत नहीं किए जा सकते हैं, तो कुटुंब न्यायालय को मामले को उच्च न्यायालय को रेफर कर देना था, लेकिन ऐसा नहीं किया। इस टिप्पणी के साथ मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने कुटुंब न्यायालय के आठ फरवरी 2025 के निर्णय को निरस्त कर दिया। कुटुंब न्यायालय ने इस निर्णय में जैन दंपती (नीतेश-शिखा) द्वारा विवाह-विच्छेद के लिए प्रस्तुत याचिकाओं को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि केंद्र सरकार द्वारा जैन समाज को अल्पसंख्यक समुदाय घोषित किया गया है। 27 जनवरी 2014 को इस बारे में राजपत्र भी जारी हो चुका है। ऐसी स्थिति में जैन समाज के अनुयायियों को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अनुतोष प्राप्त करने का अधिकार नहीं है। खंडेलवाल ने हिंदू विवाह विधि मान्य अधिनियम 1949 का हवाला देते हुए कहा कि इसमें दी गई हिंदू की परिभाषा में पहले से ही जैन शामिल हैं। सभी पक्षकारों को सुनने के बाद न्यायालय ने निर्णय सुरक्षित रख लिया था, जो सोमवार को जारी हुआ।